सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-330 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 12 मई 2024
03 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली में अरविंद केजरीवाल का पहला रोड शो

# मोदी, शाह को पीएम बनाएंगे : केजरीवाल

**प्रहार**

- कुलदीप कुमार के लिए मांगे वोट
- योगी की राजनीति खत्म करेगी भाजपा
- देश में गठबंधन की सरकार बनेगी

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने शनिवार रात को रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से पूछा, कैसे हैं आप लोग, मैंने आपको बहुत मिस किया। मेरी याद आई या नहीं? मुझे जेल में बहुत चिंता हो रही थी आप लोगों की। मुझे तो इन लोगों ने इंसुलिन तक नहीं दी। इन लोगों को 10 साल हो गए सत्ता में। एक काम तो बता दें कि इन्होंने क्या किया?



केजरीवाल ने कहा कि मैं आप लोगों को कहकर गया था कि मैं जल्दी बाहर आऊंगा और अब मैं आ गया। आप लोग चिंता मत करना। मुझे इस बात की फिक्र रहती थी कि बच्चों की पढ़ाई कैसी चल रही है। बसों में महिलाओं का फ्री सफर कहीं बंद तो नहीं हो गया। मुझे जो लोग मिलने आते थे, वो बताते थे कि सब कुछ ठीक है। केजरीवाल ने कहा, भाजपा सरकार ने मुझे गिरफ्तार कर लिया।

### “ मैं लोकतंत्र को बचाना चाहता हूं

केजरीवाल ने कहा कि मैं 140 करोड़ लोगों का साथ चाहता हूं। इस देश को बचाना है। मैं लोकतंत्र को बचाना चाहता हूं। मैं मंत्री, मुख्यमंत्री बनने नहीं आया नौकरी छोड़कर यहां आया हूं। मेरा देश के लिए सबकुछ कुर्बान है। ये इंडिया गठबंधन से पूछते हैं कि प्रधानमंत्री कौन होगा? मैं भाजपा से पूछता हूं कि इनका प्रधानमंत्री कौन होगा? 2014 में मोदी ने खुद नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र के बाद भाजपा नेता रिटायर हो जायेंगे। मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि मोदी जी, क्या आप अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं? हम भाजपा से पूछना चाहते हैं कि आप का प्रधानमंत्री का दावेदार कौन है। पहले योगी को निपटाएंगे फिर अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे। ये मोदी की गारंटी कौन पूरी करेगा।

### दिल्ली को राज्य का दर्जा देंगे

केजरीवाल ने कहा 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। हम दिल्ली को राज्य का दर्जा देंगे और हम अपना उपराज्यपाल बनाएंगे। भगवान ने मुझे 21 दिन दिए हैं। इस तानाशाही को खत्म करने के लिए मैं 24 घंटे काम करूंगा, देश भर में यात्रा करूंगा।

# अफगानिस्तान में बाढ़ से 300 से अधिक लोगों की मौत

**आपदा**

- कई प्रांतों में मंजर भयावह
- 1,000 से अधिक घर हो गए हैं नष्ट



**काबुल।** अफगानिस्तान में आसमानी आफत बरस पड़ी है. असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश के चलते अचानक आई बाढ़ में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जबकि 1,000 से अधिक घर नष्ट हो गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने शनिवार को इस बात की जानकारी दी है। वहीं विश्व खाद्य कार्यक्रम बीते कुछ हफ्तों से बाढ़ की चपेट में आए लोगों को फोर्टिफाइड बिस्कुट वितरित कर रहे हैं। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि, सैकड़ों इन विनाशकारी बाढ़ के कारण मारे गए हैं, जबकि बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। मुजाहिद ने बताया कि, बदख्शां, बघलान, घोर और हेरात प्रांत सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित प्रांत हैं। मुजाहिद ने इसे व्यापक तबाही करार दिया, साथ ही वित्तीय नुकसान बताया है। सरकार ने लोगों को बचाने, घायलों को ले जाने और मृतकों को निकालने के लिए सभी उपलब्ध संसाधन जुटाने का आदेश दिया है। तालिबान रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि, देश की वायु सेना ने पहले ही बगलान में लोगों को निकालना शुरू कर दिया है और बाढ़ वाले इलाकों में फंसे बड़ी संख्या में लोगों को बचाया है और 100 घायल लोगों को क्षेत्र के सैन्य अस्पतालों में पहुंचाया है।

# पीएम मोदी देश का करते रहेंगे नेतृत्व : अमित शाह

**पलटवार**

- अमित शाह का केजरीवाल को दिया जवाब



**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के दावे पर पलटवार किया है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। दरअसल केजरीवाल ने कहा था मैं भाजपा से पूछता हूं कि इनका प्रधानमंत्री कौन होगा? 2014 में मोदी ने खुद नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र के बाद भाजपा नेता रिटायर हो जायेंगे। मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि मोदी जी, क्या आप अमित शाह के लिए वोट मांग रहे हैं? इसके जवाब में गृहमंत्री ने कहा 'मैं केजरीवाल एंड कंपनी से कहना चाहता हूं कि देश का नेतृत्व मोदी ही करते रहेंगे।' अमित शाह ने कहा 'पूर्व हो, पश्चिम हो, उत्तर हो या दक्षिण होज्इस देश की जनता हर कोने में पीएम मोदी के प्रचंड समर्थन में खड़ी है। इंडी गठबंधन के नेताओं को पता है कि भाजपा 400 पार करने जा रही है और मोदी तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इसलिए, केजरीवाल इस प्रकार की अफवाह फैला रहे हैं। मैं देश की जनता के सामने स्पष्ट करना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी ही 2029 तक नेतृत्व करेंगे।

# माफिया मरा तो सपा ने मनाया मातम: योगी

**तंज**

- रामद्रोही सिर्फ परिवार के लिये राजनीति करते हैं
- राम मंदिर पर उंगली उठाने वाले मस्जिद पर क्यों रहते हैं मौन



**उन्नाव।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उन्नाव के रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने सपा पर जोरदार हमला बोला। सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के राम मंदिर को बेकार बना होने के बयान पर कहाकि क्या किसी मस्जिद को कह सकते हैं कि गलत बनी है। इन्हीं की पार्टी के लोगों ने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई थीं।

राम मंदिर पर हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे भी वापस लिए थे। इस चुनाव में एक तरफ राम भक्त हैं और दूसरी ओर रामद्रोही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए राम सब कुछ हैं। राम के बिना हमारा कुछ नहीं है। इस चुनाव में परिवार के पांच लोगों को टिकट दिए है। आने वाले समय में उनके नाती पोते होंगे तो प्रदेश की 80 सीटों पर परिवार के ही लोग चुनाव लड़ेंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहाकि सपा के लोग राष्ट्र नहीं परिवार की चिंता करते हैं। जनकल्याणकारी योजनाओं में डकैती पड़ती थी। जबकि भाजपा राष्ट्र के लिए राजनीति करती है। राष्ट्र के लिए जब राजनीति होती है, तब देश की सीमाएं सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आतंकवादियों के मुकदमे सपा सरकार ने वापस लेने का प्रयास किया था। तब कोर्ट ने कहा था कि आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले रहे हो। बताया कि सौभाग्य योजना की सौगात उन्नाव से ही की गई थी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों राव राम बख्श सिंह, चंद्रिका बख्श सिंह, निराला, गुलाब सिंह लोधी आदि को सम्मान दिया गया स्मारक बनाए गए। चंद्रिका देवी के मंदिर को भव्य स्वरूप दिया गया। कहा कि देश वही व तंत्र वही है। केवल पार्टी बदली है। करीब एक घंटे देरी से मंच पर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब कल्याण सिंह का निधन हुआ तो किसी समाजवादी ने श्रद्धांजलि तक नहीं दी थी। जबकि मुलायम सिंह यादव के निधन पर वह स्वयं श्रद्धांजलि देने गए थे। कहा कि अभी कुछ समय पहले जब एक माफिया मरा था तक पूरी समाजवादी पार्टी मातम मनाने गई थी। कहा कि उनकी सरकार में अपराधियों पर कार्रवाई हुई तो उसके बाद दंगा नहीं हुआ, कर्फ्यू नहीं लगा।

# अगर ईवीएम में गड़बड़ी न हुई तो नहीं आएगी मोदी सरकार: मायावती

**निशाना**

- बीजेपी सत्ता में वापस आने वाली नहीं है : मायावती



**श्रावस्ती।** श्रावस्ती जिले के कटरा के पर्यटन मैदान में शनिवार को बसपा की ओर से जनसभा का आयोजन हुआ। जिसमें बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री ने मंडल स्तरीय प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्हें जिताने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सपा, भाजपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

जनसभा में बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार जो निःशुल्क खाद्यान्न दे रही है। वह अपने पैसे से नहीं बल्कि आपके ही टैक्स के पैसे से दे रही है। बीजेपी व उनके सहयोगी दलों के जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों के कारण उनकी कथनी व करनी में अंतर है। इससे लगता है कि बीजेपी सत्ता में वापस आने वाली नहीं है। आम लोगों में चर्चा है कि यदि ईवीएम में गड़बड़ी नहीं हुई तो इस बार सरकार जरूर बदलेगी। इस बार उनकी कोई जुमलेबाजी और गारंटी नहीं चलेगी। मायावती ने इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर कहा कि देश में बीएसपी ही ऐसी पार्टी है जिस पर इसको लेकर कोई आरोप नहीं है। दूसरी पार्टियों ने धन्ना सेठों व पूंजीपतियों से पैसा लिया है। कांग्रेस बीजेपी व अन्य दल आपको गुमराह कर सत्ता में आना चाहते हैं।

### जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में तीन और गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय ने जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। बता दें कि इस मामले में ईडी द्वारा इससे पहले झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रवर्तन निदेशालय का कहना है कि संजीत कुमार, मोहम्मद इरशाद और तापस घोष को धन शोधन निवारण के प्रावधान (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। इन सभी को जमीन से जुड़े अभिलेखों में जालसाजी और छेड़छाड़ का आरोपों के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इन सभी ने कागजों में छेड़छाड़ कर जमीन की प्रकृति को बदलकर गैर-बिक्री योग्य दिखाया। केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि छोटा नागपुर किराएदारी एक्ट (सीएनटी एक्ट) यह जमीन बिक्री योग्य नहीं थी। बता दें कि सीएनटी एक्ट, आदिवासियों की जमीन के अधिकारों की रक्षा करता है।

# शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीटे मिलेगी: पीएम मोदी

**सियासत**

- आज की भीड़ बता रही है 4 जून के नतीजे
- पाकिस्तान बम बेचने के लिए खरीदार तलाश रहा



**चतरा।** झारखंड के चतरा में सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश में मैं जहां-जहां जाता हूं तो एक ही स्वर में एक ही विश्वास के साथ देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है- फिर एक बार मोदी सरकार। पिछले तीन चरण के मतदान के रूझानों के बाद मुझे पता चला है कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा है। क्योंकि उन्हें पता हो गया है कि कांग्रेस और उनके साथी सब मिल करके मान्य विपक्ष को जितनी सीटें चाहिए, उतनी भी सीटें नहीं आएंगी। अगर विलय कर देंगे तो हमारे (इंडी अलायंस) पूरे समूह को मान्य विपक्ष के रूप में मान्यता मिल जाए। पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को अपनी उम्र से भी कम सीट मिलने जा रही है। तीन चरणों के चुनाव के बाद ही कांग्रेस और उसके साथियों ने एक तरह से अपनी हार स्वीकार कर ली है। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा के कंधमाल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और उनके नेता मणिशंकर अय्यर पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने मणिशंकर की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा, वो कहते हैं कि संभल कर चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। ये मरे पड़े लोग, देश के आदमी को भी मार रहे हैं। वे पाकिस्तान के बम के बारे में बात करते हैं, लेकिन पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि उन्हें नहीं पता कि इसे कैसे रखा जाए और वे अपने बम बेचने के लिए खरीदार की तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई भी उन्हें खरीदना नहीं चाहता, क्योंकि लोग उनकी गुणवत्ता के बारे में जानते हैं। उन्होंने पोखरण के परमाणु परीक्षण का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 26 साल पहले आज ही के दिन अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और हमनें ये दिखा दिया था कि देशभक्ति से ओत-प्रोत सरकार देशहित के लिए, देश की सुरक्षा के लिए, देश के लोगों को आशा-अपेक्षा के लिए कैसे काम करती है।

### आरोप तय होने के बाद बोले बृजभूषण शरण सिंह

# मामला गंभीर नहीं है

**जवाब**

- साबित होने पर खुद लगा लूंगा फांसी



**गोंडा।** गोंडा महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों में फंसे भाजपा के कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा है कि यह मामला गंभीर नहीं है। वह सवा साल से इसे झेल रहे हैं। उन्होंने एक बार फिर पुराना राग अलापा। कहा कि यदि आरोप साबित हो गए वह फांसी लगा लेंगे। वह नवाबगंज के विश्नोहरपुर स्थित कैंप कार्यालय पर मीडिया से वार्ता के दौरान ये दावा किया।

दिल्ली के राउज एवेन्यू जिला न्यायालय स्थित एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में आरोप तय होने के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व सांसद बृजभूषण कहा कि यौन शोषण के आरोपों में अब उन्हें भी जिरह, बहस और प्रमाण रखने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला झूठा है। अदालत में सब साफ हो जाएगा। न्यायालय में आरोप तय होने के सवाल पर कहा कि यह न्याय की प्रक्रिया है। न्यायालय ने चार्जशीट के कुछ पार्ट को छोड़ दिया है और कुछ को स्वीकार किया है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया का स्वागत करते हुए कहा कि मेरे साहबजादे चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव जीत जाने के बाद फिर बात होगी।

### शाह की सभा आज

अमित शाह के आगमन को लेकर शनिवार को डीएम नेहा शर्मा और एसपी विनीत जायसवाल ने अधिकारियों के साथ एलबीएस पीजी कॉलेज के विज्ञान संकाय में बने हेलीपैड और सभा स्थल का जायजा लिया। एसपी विनीत जायसवाल ने एएसपी मनोज कुमार रावत और राधेश्याम राय से कहा कि सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुविधाजनक होनी चाहिए। रविवार दोपहर सवा तीन बजे गृहमंत्री अमित शाह का हेलीकॉप्टर एलबीएस कॉलेज के विज्ञान संकाय परिसर में उतरेगा। इसके बाद तीन बजकर 25 मिनट पर वह कॉलेज परिसर में सभा को संबोधित करेंगे।

# चुनाव आयोग की फटकार का सवाल सुनकर तिलमिलाए कांग्रेस प्रमुख

**आक्रोश**

- केंद्र की नीतियों पर बरसे मल्लिकार्जुन खरगे
- भारत की एकता के लिए इंदिरा और राजीव गांधी ने अपना जीवन त्याग दिया



**समस्तीपुर।** चौथे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के समस्तीपुर में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान कांग्रेस नेता ने केंद्र पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री केवल इसलिए बन सके क्योंकि कांग्रेस ने इसकी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने बताया कि भारत की एकता के लिए इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने अपना जीवन त्याग दिया। खरगे ने कहा कि अगर अदाणी-अंबानी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे, तो मोदी सरकार ने इसके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? बता दें कि चुनाव आयोग ने देशभर में जारी लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार लगाई है। आयोग ने लाइव चुनाव अभियानों में उनके बयानों को आक्रमक बताया है। इसे लेकर मीडिया ने खरगे से सवाल किया, तो वह तिलमिला गए। उन्होंने गुस्से में कहा, मैं अस्वीकृति का कारण पूछने के लिए एक चिट्ठी लिखने वाला हूं, लेकिन जबतक यह चुनाव आयोग के पास पहुंच नहीं जाता, तब तक मैं इसे प्रेस के सामने जारी नहीं करूंगा। बता दें कि मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडी गठबंधन नेताओं को पत्र लिखकर चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए मतदान के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं और कथित धांधली का आरोप लगाया है। पत्र में खरगे ने विपक्षी गठबंधन के नेताओं से अपील की कि वे ऐसी धांधलियों के खिलाफ आवाज उठाएं। हालांकि, चुनाव आयोग ने कुप्रबंधन और मतदान डेटा जारी करने में देरी के आरोपों को खारिज कर दिया है। खरगे का मानना है कि आरोप निराधार, बिना तथ्य वाले और भ्रम फैलाने के पक्षपातपूर्ण और जानबूझकर किए गए प्रयास को दर्शाते हैं।

### दिल्ली में आज बरसेंगे बदरा

**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार को मौसम विभाग ने बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने के आसार हैं। साथ ही, बारिश के साथ बिजली गरजने की भी संभावना है। इससे अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। कई दिनों से लू का अहसास कराने वाली गर्मी से लोगों निजात मिलेगी। वहीं, शनिवार को दोपहर में चिलचिलाती गर्मी और गर्म हवा ने लोगों को परेशान किया। अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मयूर विहार में सबसे ज्यादा बारिश दर्ज को गई। सुबह आठ बजे तक यहां 1.5 एमएम बारिश दर्ज की गई।

**सफर** — रेलवे टिकट के लिए अभी से मारामारी

# चारधाम व अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ी परेशानी

**संकट**

- ट्रेन टिकट के लिए परेशान हो रहे यात्री
- कई राज्यों में जून तक की सारी टिकटें फुल



**नई दिल्ली।** चारधाम के लिए मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गुजरात से चलने वाली अधिकांश ट्रेनें फुल हो गई हैं। सभी ट्रेनों में दो महीने की वेटिंग है। आलम ये है कि स्लीपर, एसी क्लास की सभी श्रेणी की सीटें बुक हो चुकी हैं।

दूसरी ओर 29 जून से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा में भी जून-जुलाई में ज्यादातर दिनों में सीटें उपलब्ध नहीं हैं। सबसे ज्यादा परेशान दिल्ली जाने वाले यात्रियों को हो रही है। क्योंकि अधिकांश श्रद्धालुओं ने दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में ही बुकिंग करवाई है। हालांकि रेलवे सूत्रों का कहना है कि इन राज्यों के श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए हर बार अलग-अलग शहरों से चारधाम यात्रा और अमरनाथ यात्रा के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू की जाती है। इस बार भी इन राज्यों से स्पेशल ट्रेन चलाई जा सकती है। मध्यप्रदेश से इन तीर्थ स्थलों पर जाने वाले यात्रियों ने कहा 'पहले तो दर्शन के लिए रजिस्ट्रेशन में बहुत समय लगा। बड़ी मुश्किल से रजिस्ट्रेशन मिला और जब रजिस्ट्रेशन हो गया है, तो ट्रेनों में सीटें फुल हो गई। मजबूरी में हमें वाया दिल्ली होकर या अन्य स्टेशन से टिकट करवाने पड़ रहे हैं।' हालांकि ट्रेनों में जो टिकट मिल रहे हैं, वह जुलाई के आखिरी सप्ताह से मिल रहे हैं, जो काफी लेट हैं। दूसरी ओर मई-जून में गर्मी की छुट्टियों के दौरान जो लोग चारधाम यात्रा पर जाना चाहते हैं, उन्हें भी दिक्कतें आ रही हैं। इन तीर्थ स्थलों पर जाने वाली ट्रेनों के टिकट भी फुल हो गए हैं। श्रद्धालुओं को चारधाम यात्रा और अमरनाथ यात्रा पर ले जा रही कंपनियों से जुड़े लोगों ने कहना है कि इंदौर, सूरत, भोपाल, जयपुर और रायपुर से हजारों श्रद्धालु जून-जुलाई में अलग-अलग तारीखों पर अमरनाथ और चारधाम की यात्रा पर जाने का प्लान कर रहे हैं। ट्रेनों में जून तक की सारी सीटें फुल हो चुकी हैं। गर्मी की छुट्टियों के कारण शुरुआती दिनों में काफी भीड़ है। टिकट बुक करने वाले एजेंट्स का कहना है कि जिन लोगों को ट्रेनों में सीटें नहीं मिल रही हैं, वे परेशान हैं।

एमपी, गुजरात, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से दिल्ली और जम्मू जाने वाली सभी ट्रेनें करीब-करीब अभी से फुल हो गई हैं। यात्रा करवाने वाले एजेंट्स का कहना है कि अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त तक चलेगी। इसलिए ट्रेनों में 24 जून से 13 जुलाई तक की सभी श्रेणी की सीटें फुल हो गई हैं। जबकि जुलाई में चुनिंदा ट्रेनों में केवल फर्स्ट एसी में ही सीटें उपलब्ध हैं।

# अंतिम दिन प्रत्याशियों ने प्रचार में झोंक दी पूरी ताकत

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का प्रचार शनिवार शाम पांच बजे थम गया। अंतिम दिन प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। जनसभाएं और जनसंपर्क किया। अब सियासी दलों के कार्यकर्ता और प्रत्याशी घर-घर संपर्क में जुटेंगे। फोन और सोशल मीडिया के सहारे मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास होगा खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। नामांकन प्रक्रिया के बाद से शुरू हुआ चुनाव प्रचार शाम पांच बजे थम गया। इस बीच प्रत्याशियों ने लोकसभा सीट की सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं की। जनसंपर्क कार्यक्रम किए। कार्यकर्ता सम्मेलन और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील की प्रमुख दलों के स्टार प्रचारकों ने भी अपने-अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाएं की। विकास कार्य गिनाए और नई उम्मीदें भी बंधाई। मतदाताओं के अपने पाले में करने को तरह-तरह के हथकंडे अपनाए गए। प्रचार के अंतिम दिन पूरी ताकत झोंक दी। एक ही दिन में कई जगह पर कार्यक्रम किए गए चुनाव प्रचार थमने के बाद फोन और सोशल मीडिया मतदाताओं तक पहुंचने का माध्यम बनेंगे। कार्यकर्ता और पदाधिकारी फोन से मतदाताओं को साधने का प्रयास करेंगे। सोशल मीडिया पर भी मतदान की अपील शुरू हो गई है। हालांकि सोशल मीडिया पर भी आयोग की पूरी नजर है प्रचार थमने के बाद बाद से मतदान समाप्त होने तक स्थानीय कार्यकर्ताओं की टीम की योजना काम आएगी। माना जाता है कि मतदाताओं का मन अंतिम समय में भी बदल जाता है। ऐसे में स्थानीय कार्यकर्ता अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

## सहारनपुर में आज होगा आईएमए का मेडिकोन 2024

# जनपद समेत विभिन्न क्षेत्रों से 500 विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे प्रतिभाग

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में कल (आज) सहारनपुर में आयोजित होने वाले 40वें वार्षिक मेडिकल सेमिनार की तैयारियों की समीक्षा की गयी।सेमिनार में सहारनपुर व आसपास के 500 से ज्यादा विशेषज्ञ चिकित्सक प्रतिभाग करेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ विकास अग्रवाल और मिडिया प्रभारी डॉ रविकान्त निरंकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कल (आज) सहारनपुर के सिटी कन्वेंशन सैंटर में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का सेमिनार मेडिकोन 2024 का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सहारनपुर व आसपास के 500 चिकित्सक प्रतिभाग करेंगे।



उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ चिकित्सक नवीनतम जानकारी देंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे जिससे मरीजो को और बेहतर इलाज सहारनपुर में मिल सकेगा। आईएमए सचिव डॉ सौम्या जैन ने बताया कि सेमिनार के वैज्ञानिक सचिव डॉ रजनीश दहूजा रहेंगे। उन्होंने बताया कि सेमिनार में सरकारी और निजी क्षेत्र के सभी चिकित्सक सम्मिलित होंगे, जिनमे जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मैडिकल कालिज के प्रिंसिपल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि सेमिनार में स्मारिका मेडिकोन 2024 का विमोचन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ केके सेठी, महंत इंद्रेश अस्पताल के प्रिंसिपल और बाल रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ.उत्कर्ष शर्मा, मैक्स अस्पताल देहरादून से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पुनीश सडाना, छाती रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ.प्रमोद जिंदल और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति रैना अपना व्यख्यान देंगे। इस दौरान जम्मू से डॉ.केके पंडिता, मेरठ से डॉ.अमिताभ गौतम और मुम्बई से डॉ.उत्कर्ष नौसरान अपना व्यख्यान प्रस्तुत करेंगे। बैठक में डॉ.प्रवीण शर्मा, डॉ.नरेश नौसरान, डॉ.हिमांशु मेहता, डॉ.अनुपम मालिक, डॉ.मनदीप सिंह,डॉ.श्वेता अग्रवाल, डॉ.महेश चन्द्रा, डॉ.मोहन पांडे, डॉ.अरुण अनेजा, डॉ.सीएम कमाल, डॉ.रिक्की चौधरी आदि मौजूद रहे।

## खेत में पेड़ के सहारे फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**लखीमपुर खीरी।** शेरामऊ पीलीभीत से पलिया थाना क्षेत्र के गांव लालपुर ढाका स्थित अपनी ससुराल में आए एक युवक का शव एक खेत में पेड़ के सहारे फांसी के फंदे से लटकता हुआ देखा गया। मामले की सूचना पुलिसको दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिएजिला मुख्यालय भेज दिया है।बताया जाता है कि शेरामऊ पीलीभीत निवासी 45 वर्षीय मोहन पासी पुत्र नन्?हूं पासी पलिया कोतवाली क्षेत्र के गांव लालपुर ढाका स्थित अपनी ससुराल आया हुआ था। शनिवार को युवक का शव ससुराल में कुछ दूरी पर खेत में पेड़ के सहारे फांसी पर लटकता हुआ देखा गया। आसपास के ग्रामीणों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मृतक के ससुरालियों से पूछताछ की जिसके बाद मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। खास बात यह है कि मृतक का शव जमीन से छू रहा था जिसे देख ग्रामीण तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा दुष्कर्म का वांछित आरोपी, भेजा जेल



**सहारनपुर।** देवबंद कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को दबोचकर उसके कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

देवबंद कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 27 अप्रेल को वादिया की लिखित तहरीर पर अमरदीप व अनिल पुत्रगण चमेला निवासीगण कुरलकी थाना देवबंद के खिलाफ वादियां की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के संबंध में थाना देवबंद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उपनिरीक्षक संजीव त्यागी व उपनिरीक्षक राजन पुंडीर के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर विगत् दिवस पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया था। आज वांछित आरोपी अमरदीप को रेलवे लाईन के किनारे भायला रोड से गिरफ्तार कर लिया तथा मुकदमें में धारा 376 आईपीसी व 3/4 पोक्सो अधिनियम की वृद्धि कर जेल भेज दिया।

## किसान के घेर से हुआ गेंहू चोरी, ग्रामीण युवक पर लगाया आरोप

**सहारनपुर।** थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत गांव कोटा में अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि एक किसान के घेर से 9 कुंतल गेंहू चोरी कर लिया। पीड़ित किसान ने गांव के ही एक युवक की चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

पीड़ित किसान संदीप ने बताया कि बीती रात अपने परिवार के साथ घर पर सोया था। आज सुबह जब वह अपने घेर में गया, तो देखा कि चोरों ने घेर के बंद दरवाजे का ताला तोड़कर 9 कुंतल गेहूं चोरी कर लिया है। जब उसने पड़ौसियों से गेहूं चोरी होने की घटना की जानकारी की, तो एक पड़ोसी ने बताया कि वह रात करीब 1 बजे खेत में पानी चला कर घर लौट रहा था, तभी देखा कि तुम्हारे घेर से एक युवक तथा एक उसका अन्य साथी गेहूं का कट्टा लेकर जा रहे थे।

# वैदिक इंटर कॉलेज की नवनिर्वाचित प्रबंधक कार्यकारिणी ने ली शपथ

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वैदिक इंटर कॉलेज मुजफ्फराबाद की नवनिर्वाचित प्रबंध



समिति के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने शपथ ग्रहण की तथा कालेज की तरक्की में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करने का संकल्प लिया। मुजफ्फराबाद स्थित वैदिक इंटर कॉलेज में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में चुनाव अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि विगत 6 अप्रैल को उनकी देखरेख में निर्विरोध सम्पन्न हुए चुनाव में नरेश कुमार निवासी मुस्तापुर को अध्यक्ष और सुनील गुप्ता निवासी सहारनपुर को प्रबन्धक बनाया गया है। जबकि अशोक कुमार को उपाध्यक्ष और जयपाल सिंह को उपप्रबंधक व सतीश कुमार को कोषाध्यक्ष, शिवराज शर्मा, नवल किशोर, रघुवीर सिंह, आदेश कुमार, सदानंद सहित पांच लोगों को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। कार्यक्रम में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद कॉलेज की उन्नति के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करने का अपना संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित कालेज प्रबन्धक सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि वैदिक इंटर कालेज मुजफ्फराबाद सहारनपुर जनपद के अति पिछड़े घाड क्षेत्र का ऐसा कालेज है जहां छात्र छात्राओं को सुन्दर व्यवस्थाओ के साथ शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रबंधन कमेटी हमेशा से स्टाफ को समय-समय पर सहयोग करती रहती है।

शिक्षा के साथ ही बच्चों को मुजफ्फराबाद के इस कालेज में अच्छे संस्कार भी जरूरी तौर पर दिलाने के प्रयास है। यही वजह है कि यूपी बोर्ड परीक्षा में इस कालेज के छात्रो का प्रदर्शन हमेशा सर्वश्रेष्ठ रहता है भविष्य में प्रयास रहेगा कि प्रदेश स्तर पर इस कालेज के बच्चे जिले का नाम रोशन करें। इस दौरान सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## राजस्व कार्यों को 15 दिन में करें पूर्णः जिलाधिकारी



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए राजस्व कार्यो को 15 दिन के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने अवशेष रियल टाईम खतौनी तैयार किये जाने, स्वामित्व योजना, रियल टाईम खतौनी तैयार हो चुके ग्रामों में अवशेष गाटो मे अशं निर्धारण किये जाने, अविवादित वरासत के प्रार्थना पत्रो का निस्तारण, ई-परवाना अम्लदरामंद, बैकं बन्धक एव बैंक मुक्ति प्रार्थना पत्रों का निस्तारण, 1430 व 1431 फसली की आनलाईन खसरा परताल पूर्ण कराया जाना, वर्ष 1431 फसली मे जायद फसल के अन्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण आदि राजस्व कार्यो को 15 दिन के अंदर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक मे अपरजिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रजनीश कुमार मिश्र, उप निदशक कृषि डॉक्टर राकेश कुमार, उपजिलाधिकारी, रामपुर मनिहारान, नकुड, बेहट सहित समस्त तहसीलदार, नायब तहससीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल उपस्थित रहे।

## जलभराव के चलते हाइवे पर चलना हुआ दुश्वार



**सहारनपुर।** हाईवे किनारे बनाए गए नाले पानी निकासी न होने से सड़कों पर आ गए हैं। सडक पर जल भराव से जहां राहगीर परेशान हैं, वहीं सड़क पर भर पानी के कारण व्यापारियों की दुकानों तक ग्राहक भी नहीं पहुंच रहे हैं। शिकायतों के बाद भी हाईवे अथॉरिटी ने बनाए गए नालों के पानी की निकासी का कोई समाधान नहीं निकाला।

व्यापारी संजय, परवेज, इसरार, वसीम, शैंकी, इकलाख, जयंत आदि का कहना है कि हाईवे अथॉरिटी ने सड़क के किनारे नाले बनाकर छोड़ दिए, जबकि इनके पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की, जिस कारण अब यह ओवरफ्लो होकर सड़क पर आ गए हैं, नाली के इस गंदे पानी में पनप रहे विषैले मच्छरों से बीमारियों के फैलने का भी अंदेशा बना है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार हाईवे अथॉरिटी, ग्राम प्रधान, विकासखंड कार्यालय तथा राजस्व विभाग को बताया गया, लेकिन आज तक इसकी कोई व्यवस्था नहीं हुई। साथ ही बरसाती सीजन में यह और विकराल रूप धारण कर लेगा जिसका खामियाजा व्यापारियों व कॉलोनी वासियों को भुगतना पड़ेगा।

## धूमधाम के साथ मनाया भगवान श्रीपरशुराम का जन्मोत्सव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में



भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने भगवान परशुराम के आदर्शो व शिक्षाओं के अनुसरण करने का आह्वान किया।

कस्बा बेहट के जनता इंटर कॉलेज के स.वल्लभभाई पटेल सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भैरव तंत्राचार्य सहजानंद महाराज, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल व सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुनील शांडिल्य ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम विष्णु के छठे अवतार थे। जिन्होंने सदैव अन्याय व शोषण का प्रतिकार किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भगवान परशुराम के आदर्शो व शिक्षाओं का अनुसरण कर ही देश व समाज की दिशा व दशा में सुधार संभव है। वक्ताओं ने समाज के लोगों से भगवान परशुराम के आदर्शो व शिक्षाओं का अनुसरण करने की अपील की। इस दौरान डा.हर्षवर्धन शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, केके शर्मा, गोकरणदत्त शर्मा, अतुल पराशर, पवन शर्मा, मांगेराम शर्मा, प्रिंस शर्मा, दीपक शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, आधार भारद्वाज, अरूण शर्मा, पंकज शर्मा समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## युवक की पहाड़ी से गिरकर मौत, परिजनों में मचा कोहराम



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कस्बे के एक युवक की हिमाचल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

कस्बे के मौहल्ला नयाबास निवासी अजय कुमार (24) पुत्र सूरज पाल हिमाचल के गांव रिगुम्मा थाना कटवा तहसील कोटखई में अपने भाई ब्रजपाल के साथ कारपोरेट का काम करता था। अजय के भाई नीरज कुमार ने बताया कि बीती रात्रि करीब दो बजे उसने अजय से मोबाइल पर बात की तो वह अनाप-शनाप बोल रहा था। नीरज ने बताया कि उसके बाद उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। शनिवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे नीरज ने फोन किया तो अनजान व्यक्ति ने फोन उठाया तथा बताया कि उसे यह फोन लावारिस हालत में पड़ा मिला है। नीरज ने बताया कि दोपहर के समय उसके भाई ब्रजपाल ने उसे बताया कि अजय एक खाई में पड़ा हुआ मिला, जिसको चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अजय कुमार की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## प्रतापगढ़ सीट पर भाजपा और कांग्रेस-सपा गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर

**प्रतापगढ़ (हि.स.)।** प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर पांच विधानसभा क्षेत्र में से दो सीटों पर भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी अपना दल (एस) का कब्जा है। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के तीन विधायकों का कब्जा है। लोकसभा चुनाव में प्रतापगढ़ सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार शिवपाल सिंह पटेल और वर्तमान भाजपा सांसद पुनः अपनी किस्मत संगम लाल गुप्ता दोबारा आजमा रहे हैं। इस बार इन्हीं दोनों के बीच कांटे की टक्कर दिख लोकसभा चुनाव 2024 में दिख रहा है। संगम लाल गुप्ता 2019 के चुनाव में प्रतापगढ़ से सांसद निर्वाचित हुए थे, जिन्होंने बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार को हराया था। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र की पहचान आंवला की खेती के लिए विशेष पहचान रखती है। इसके साथ ही सामाजिक और राजनीतिक दबदबे के लिए जानी जाती है।

## पड़ौसी पर लगाया पॉपुलर के पेड़ काटने का आरोप

**सहारनपुर।** कपासा निवासी एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी खेत मालिक व उसके पुत्र पर पॉपुलर के पेड़ काटने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। किसान दिनेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके खेत के बराबर में गांव के ही एक व्यक्ति का खेत है, पड़ोसी खेत मलिक व उसका लड़का सजली मेड को खुर्द-बुर्द करते रहते हैं तथा हर समय दिनेश के खेत में खड़े पेड़ों को काटने की फिराक में रहते हैं। शनिवार सुबह करीब 10 बजे जब वह अपने खेत पर गया तो देखा कि आरोपी दोनों पिता पुत्र एक लकड़ी ठेकेदार के द्वारा पेड़ों को कटवा रहे हैं। आरोप है कि पेड़ काटे जाने का विरोध करने पर पिता पुत्र ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### फ्लैट में युवक की गला घोंटकर हत्या करने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद (हि.स.)।** थाना अंकुर विहार पुलिस टीम ने शनिवार को डीएलएफ फ्लैट में हुई हत्या की घटना का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मृतक ने डेटिंग ऐप के माध्यम आरोपी को अपने पास बुलाया था तथा उसके साथ सम्बंध बनाकर वीडियो बनाकर साथ रहने के लिए दबाव बना रहा था। जिससे परेशान होकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। डीसीपी (ग्रामीण) विवेक यादव ने बताया कि थाना अंकुर विहार क्षेत्र में आठ मई को डीएलएफ फ्लैट में शव मिलने सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर तत्काल थाना अंकुर विहार पुलिस मौके पर पहुंची तो शव सड़ी-गली अवस्था में था। मृतक की पहचान सकेन्द्र निवासी गांव पोस्ट पिपही धहेरवा थाना चिरया जिला मोतीहारी बिहार के रुप में हुई। उसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई। मामले की रिपोर्ट मृतक के भतीजे ने दर्ज कराई थी। घटना के अनावरण के क्रम में पतारसी-सुरागरसी व सर्विलांस सेल एवं सीसीटीवी फुटेज तथा मुखबिर खास की मदद से थाना अंकुर विहार पुलिस ने शनिवार को मृतक सकेन्द्र की गला घोंटकर हत्या करने वाले फईम निवासी नरौली थाना चंदौसी सम्भल (हाल पता ब्रहमपुरी चौक जाफराबाद दिल्ली) को पुस्ता खजूरी मार्ग पर सीमेन्ट रोड से गिरफ्तार की लिया।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा शातिर चोर, माल बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बडगांव पुलिस ने टयूबवैल से सामान चोरी करने के मामले में वांछित चल रहे एक शातिर चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी का माल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार थाना बड़गांव पुलिस ने थाना प्रभारी संजीव शर्मा व उपनिरीक्षक भारत सिंह के नेतृत्व में चोरी के समान को बेचने के लिए रामपुर मनिहारान जा रहे एक शातिर चोर पहल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे व निशानदेही पर चोरी की गयी 02 पावर स्प्रे मशीन, 05 फावड़े, एक कल्टीवेटर बरामद कर लिये। थाना प्रभारी संजीव शर्मा ने बताया कि पूछताछ के दौरान दबोचे गये आरोपी पहल सिंह ने बताया कि उसने व उसके बेटे अभिषेक ने धर्मेन्द्र पुत्र मेहर सिंह की टयूबवैल से दवाई छिडकने की 02 पावर स्प्रे मशीन, 05 फावडे, एक कल्टीवेटर व दवाई चोरी कर ली थी। उसने बताया कि आज वह चोरी किये गये सामान को रामपुर मनिहारान में कबाड़ी को बेचने के लिए जा रहा था कि थाना बडगांव से पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच मनाया गया मातृ दिवस

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** तक्षशिला वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच बड़े उमंग व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कस्बे के तक्षशिला वर्ल्ड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य ब्रह्म सिंह पंवार, पंकज जैन व अखिलेश जैन ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें माताओ ने म्यूज़िकल चेयर, पिरामिड मेकिंग, एक्शन गेम आदि में प्रतिभाग किया। म्यूज़िकल चेयर में दीपिका, पिरामिड मेकिंग में मनप्रीत एवं चिकपीज़ में निर्जेश तथा अंशु ने एवं नृत्य में शबनम तथा सिमरन ने बाजी मारी। यूकेजी के बच्चों ने इतनी सी हंसी के गाने पर नृत्य कर सभी का मनमोह लिया। जबकि कुछ छात्रों ने अपनी माताओं के लिए तू कितनी अच्छी है मां के गाने




पर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसी कड़ी में कक्षा 7 के छात्र-छात्राओं ने मार्मिक नाटक का मंचन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रधानचार्य गौरव भटनागर ने कहा कि इस संसार की सरंचना माँ के बिना अधूरी है और एक बच्चे की अच्छी परवरिश के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार एक माँ ही होती है। विद्यालय के डायरेक्टर शुभम जैन ने कहा कि मंजिल को पाने के लिए माँ का आशीर्वाद अति आवश्यक है और हमारे पालन पोषण में हमारी माँ ने जो संघर्ष किया उसे कभी भी भुलाया नही जा सकता। कार्यक्रम का संचालन प्रियंका चुग, कशिश, पलक एवं किरनप्रीत ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मुकुल चौधरी, वर्षा सोहल, कार्तिक धीमान, प्रदीप गिरी, पारस धूरिया, पूनम धीमान एवम अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# यूपी में शख्स बना हैवान : एक ही परिवार के छह सदस्यों की निर्मम हत्या

- मां-पत्नी की हत्या के बाद तीन बच्चों को छत से फेंका, खुद भी की खुदकुशी
- आरोपी शख्स को थी नशे की लत
- मानसिक रूप से बीमार था आरोपी

अवधनामा संवाददाता



**महमूदाबाद सीतापुर।** थाना रामपुर मथुरा क्षेत्र के पलहापुर गांव में आज सुबह 4 बजे अनुराग सिंह ने अपनी पत्नी प्रियंका सिंह उम्र 40 वर्ष को हथौड़े से मार मार कर जान ले ली उसके पश्चात मां सावित्री सिंह उम्र 62 वर्ष को गोली मार दी इतने पर ही उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ उसने अपने तीनों बच्चों दो मकान की दूसरी मंजिल की छत पर ले जाकर पुत्री अरुणा सिंह 13 वर्ष पुत्री अशुई 8 वर्ष व पुत्र आद्रण सिंह 6 वर्ष को छत से नीचे फेंक दिया जिनसे उनकी मृत्यु हो गई और आखिर में अनुराग सिंह ने अपने को गोली मार कर खत्म कर दिया क्षेत्र मे दहशत का माहौल है मौके पर पुलिस ने पहुंचकर सभी लाशों को पोस्टमार्टम के लिए जिला सीतापुर भेज दिया है अनुराग सिंह के छोटे भाई अजीत सिंह ने बताया कि मेरा भाई पढ़ा लिखा एमएससी पास था और पीसीएस की तैयारी भी कर चुका था लेकिन शराब के नशे में धूत रहता था और पति-पत्नी में अक्सर लड़ाई हुआ करती थी जबकि अनुराग सिंह के पास गांव में व लखनऊ में काफी ज्यादा थी इस बात को लेकर गांव में दबी जबान लोग शंका जाहिर कर रहे हैं की दाल में कुछ काला है पुलिस अपनी जांच में जुट गई है। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी शख्स को नशे करने की आदत थी. जांच में पता चला है कि आरोपी अनुराग को नेश की लत थी. यही वजह थी कि उसका परिवार उसे किसी नशा मुक्ति केंद्र पर भेजना चाहता था. पुलिस के अनुसार अनुराग और परिवार के अन्य लोगों के बीच इसी बात को लेकर उसका विवाद हुआ. और इसके बाद उसने इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस फिलहाल घटनास्थल पर पहुंच सभी शवों को अपने कब्जे लेकर उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही मृतकों के अन्य रिश्तेदारों से भी इस मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस फिलहाल ये पता लगाने की कोशिश में जुटी है कि आखिर शख्स ने परिवार के सभी लोगों की हत्या किस वजह से की है।

## शनिदेव मंदिर पर भक्तों ने की पूजा-अर्चना

**उरई (जालौन)।** शनिवार पर शनि देव मंदिर गुढ़ा में शनि भक्तों ने पहुंचकर तेल काले तिल तथा उड़द आदि चढ़कर शनि देव की पूजा अर्चना की। मंदिर के महंत बृजेश महाराज द्वारा शनि देव मंदिर पर पूजन अर्चना के बाद खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। नगर में एकमात्र गुढ़ा नियामतपुर में शनि देव मंदिर स्थापित है जहां प्रत्येक शनिवार को सैकड़ो की संख्या में भक्त पहुंच कर शनिदेव की पूजा अर्चना कर उनकी आराधना करते हैं शनि भक्त शनि जी की प्रतिमा पर तेल अर्पित कर उन्हें काले तिल तथा उड़द भी अर्पण कर प्रसाद चढ़ाते हैं।

शनि देव मंदिर के महंत बृजेश महाराज द्वारा समय-समय पर यहां कई धार्मिक आयोजन कराए जाते हैं तो वहीं शनिवार के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है इस दिन खिचड़ी आदि का भोग भी प्रसाद के रूप में भक्तों को वितरण किया जाता है। इस मौके पर अनिल मिश्रा, शैलेंद्र, चंद्रभान मिश्रा, भूपेश बाथम आदि सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

# कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्तियों को अस्पताल की राह दिखाएं

अवधनामा ब्यूरो



समय से इलाज शुरू करने से ठीक हो जाता है कुष्ठ रोग

सुकरौली पीएचसी पर सम्मानित किए गए दो दर्जन कुष्ठ रोगी

**कुशीनगर।** कुष्ठ रोग से ठीक हो गए या इलाज करा रहे लोग अन्य कुष्ठ रोगियों को भी जांच करा कर इलाज कराने की सलाह दें। जनसमुदाय को भी कुष्ठ रोग से बचाव के बारे में जागरूक करें। उक्त बातें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली के चिकित्साधिकारी डॉ धर्मेन्द्र तिवारी ने कुष्ठ रोगियों को सम्मानित करने के दौरान कही। पीएचसी परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में कुष्ठ रोगियों के लिए अंग वस्त्र, फल, पानी और सत्तू एनएमएस रमेश प्रसाद त्रिपाठी द्वारा उपलब्ध कराया गया था।

जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि कुष्ठ रोग एक दीर्घ कालीन ( पुराना) संक्रामक रोग है। इसमें त्वचा पर हल्के रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। रोग की शुरुआत बहुत ही धीमी गति से होती है। कुष्ठ रोग बैक्टीरिया (माइक्रो बैक्टिरियम लेप्रे) के कारण होता है। एनएमएस श्री त्रिपाठी ने कहा कि कुशीनगर को कुष्ठ मुक्त जिला बनाने के शासन, प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग सतत प्रयत्नशील है. इसके लिए समय समय पर कुष्ठ रोग खोजी और जागरूकता अभियान चलाया जाता है घर घर जाकर कुष्ठ रोगी खोजे जाते हैं। चिन्हित रोगियों को दवा उपलब्ध कराई जाती है। समय समय पर उनका फॉलोअप भी किया जाता है. रोगियों को दवा, चस्मा और एमसीआर चप्पल भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

**कुष्ठ रोग के लक्षण :** चमड़ी बदरंग और चमड़ी में मोटापन हो। चमड़ी का दाग जिसमें सुन्नापन हो। दाग चकत्ता जिसमें पसीना न आता हो। हाथ पैर की नसों में मोटापन, सूजन तथा झनझनाहट हो। हाथ पैर की अंगूली में टेढ़ापन हो। हाथ तथा पैर के तलवों में सुन्नपन हो। घाव जो इलाज के बाद ठीक न होता हो।

# गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल ने मातृ दिवस को विशेष रूप से मनाया

अवधनामा संवाददाता




**पीलीभीत।** गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल ने मातृ दिवस को विशेष रूप से मनाया, जिसमें माताओं को विद्यालय परिसर में आमंत्रित किया गया और उनके लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मातृ दिवस उत्सव की शुरुआत हुई माँ-बच्चों के बीच मजेदार खेलों के साथ, जिसमें माँ-बच्चों ने एक-दूसरे के साथ साझा किए गये पलों का आनंद लिया।

मादाओं और उनके बच्चों ने साथ में टीम बनाई और विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा की, जैसे कि रेस, साक्षात्कार और बालों का पिंजरा खोलना। एक सांगीतिक संवाद में, माताओं और उनके बच्चे ने गायन और संगीत का आनंद लिया जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। एक विशेष फोटो सत्र के दौरान, माताओं और उनके बच्चों के यादगार पलों और उनकी मुस्कानों को कैद किया गया, जो इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए अद्वितीय बना। आज गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मातृ दिवस का उत्सव मनाया गया, जिसमें माताओं और उनके बच्चों ने एक-दूसरे के साथ अद्वितीय पलों का आनंद लिया।

यह विशेष दिन स्कूल में एक आनंदमय और स्नेहपूर्ण रूप में बिताया गया, जिससे समुदाय के सदस्यों के बीच गहरा बंधन बना और मातृत्व को सम्मानित किया गया। आज गोस्वामीज़ मॉम्स प्राइड स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस एक अद्भुत और प्रेरणादायक उत्सव था, जिसमें माताओं ने न केवल अपने बच्चों के साथ समय बिताया, बल्कि अपने दिल की बातें भी साझा की। इस खास मौके पर, स्कूल के प्रबंधक माननीय निशांत गोस्वामी व संरक्षिका सोनिया गोस्वामी ने माताओं को सम्मानित किया और उन्हें पुरस्कार भी दिए। कैटच द बॉल गेम में माँ हरप्रीत व पुत्री परिणीति विजेता रहीं। वॉकिंग विद किड्स खेल में माँ किरण शर्मा व पुत्र तक्ष विजेता रहीं।

# राहुल और अखिलेश की जोड़ी पहले भी हो चुकी है फ्लॉप: केशव प्रसाद मौर्य

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सलोन रायबरेली में अमेठी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती स्मृति ईरानी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री मौर्य ने कहा कि सपा सरकार का था नारा, खाली प्लाट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा।

उन्होंने कांग्रेस व सपा समेत इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि यह भ्रष्ट लोगों का गठबंधन है। इन लोगों ने देश और समाज को लूटने का कार्य किया है। इनके शासनकाल में भ्रष्टाचार चरम पर रहा और अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया गया। उन्होंने कहा, कि राहुल और अखिलेश की जोड़ी पहले भी फ्लॉप हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा पैसा जनता के खाते में पहुंच रहा है। अगर कांग्रेस पार्टी और महाठगबंधन के लोग होते तो गरीबों का हक का पैसा मिलजुल कर खा गए होते। श्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग अफवाह फैला रहे हैं कि संविधान खतरे में है। लोकतंत्र खतरे में है। लेकिन हकीकत यह है कि ना तो संविधान खतरे में है और ना ही लोकतंत्र खतरे में है। खतरे में है तो राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं का राजनैतिक भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वादों को पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 हटा दिया। भव्य राममंदिर का निर्माण हो गया। श्री मौर्य ने कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध एयर और सर्जिकल स्ट्राइक 56 इंच के सीने की दम की बदौलत होता है। आपको याद ही होगा कि पाकिस्तानी फाइटर प्लेन को खदेड़ते हुए हमारे जांबाज कैप्टन अभिनंदन पाकिस्तानी सीमा में पहुंच गए थे। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को फोन कर चेतावनी दी कि अगर 48 घंटे के भीतर हमारा कैप्टन सही सलामत भारत नहीं पहुंचता है, तो विश्व के नक्शे से हमेशा-हमेशा के लिए पाकिस्तान का नामो निशान मिटा देंगे। विश्व देख रहा था कि अभिनंदन शान से भारत लौटे।

## सपा जिलाअध्यक्ष ने फर्रुखाबाद की जनता से की मतदान करने की अपील

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से हाथ जोड़करअनुरोध है कि राजनीतिक धर्मपुत्र डॉ नवल किशोर शाक्य इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी से जाने अनजाने में कोई भूल हुई हो तो मैं उसके लिए नतमस्तक होकर क्षमा मांगते हुए संविधान बढ़ाने के लिए देश हित में चुनाव चिन्ह साइकिल के सामने वाला बटन दबाकर रिकार्ड मतों से जीत दिलाने की अपील की है द्यइंडिया गठबंधन परिवार तथा डॉ नवल किशोर शाक्य 40 लोकसभा क्षेत्र फर्रुखाबाद की देवतुल्य जनता के आजीवन ऋणी रहेंगे और अपने कामों से आजीवन चरणों में सेवक बनकर ऋण चुकाते रहेंगे। इंडिया गठबंधन के समस्त वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं वालेनटियर से अनुरोध है कि 13 मई को सुबह 6 बजे से अपने-अपने बूथों पर सजग रहकर लोकतंत्र के इस महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 में साइकिल के सामने का बटन दबाकर भारी से भारी मतों से विजई बनाने का कार्य करें।

# अवैध असलहा का जखीरा बरामद तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** थाना कोटरा पुलिस एवम एसओजी सर्विलांस की संयुक्त टीम ने अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर तीन शातिर अभियुक्ततों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना कोटरा पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुखविर की सूचना पर ग्राम करथरा के पास जंगल मे बने कमरे पर दविश देकर 3 अभियुक्तों विपिन चौहान पुत्र राजेश सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी बैरई थाना कालपी, जनपद जालौन, सचिन उर्फ वीरसिंह उम्र 22 वर्ष पुत्र रामजी सिंह निवासी बैरई थाना कालपी जनपद जालौन, सतेंद्र पुत्र रघुवीरसिंह उम्र 34 वर्ष निवासी सतराजु थाना चुर्खी जनपद जालौन को अवैध तमंचा बनाते हुए गिरफ्तार किया ।उनके कब्जे से भारी मात्रा में निर्मित और अर्ध निर्मित अवैध शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। दोपहर पुलिस लाइन उरई में क्षेत्राधिकारी गिरजाशंकर त्रिपाठी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 6 अदद पिस्टल 32 बोर, 1 अदद बंदूक 315 बोर, 1 अदद पौनिया 315 बोर, 1 अदद पौनिया 12 बोर , 13 अदद तमंचे 315 बोर, 10 अदद तमंचे 12 बोर, 1 अदद तमंचा अध बना ,कुल 33 अवैध शस्त्र तथा 12 बोर 32 बोर एवम 315 बोर के 25 खोखा कारतूस के साथ अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं।

# इंडिया गठबंधन के हर प्रत्याशी को अपना भरपूर समर्थन दें

## राहुल गांधी जी सही मायनों में वे आज की राजनीति के संत है: मोहिंदर सिंह

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** 2024 के आम चुनाव पर दुनिया भर की निगाहें लगी हुई है। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि पिछले दस सालों में भारत के लोकतंत्र की लगातार हत्या हो रही है। यहॉ का सामाजिक सद्भाव सरकार द्वारा ख़त्म किया जा रहा है। सरकार संविधान बदल कर दलितों और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त करना चाह रही है। इस दौर में सिर्फ और सिर्फ एक ही उम्मीद है और वो है राहुल गांधी।

इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के दुनिया भर के लोग इसी लिये भारत में आये है और आज लखनऊ में आपके माध्यम से देश की जनता से अनुरोध करना चाह रहे है कि देश को मज़बूत बनाने और संविधान की रक्षा करने के लिये इंडिया गठबंधन के हर प्रत्याशी को अपना भरपूर समर्थन दे। यहॉ के लोगों का सौभाग्य है कि राहुल गांधी जी यहॉ से चुनाव लड़ रहे हैं और सही मायनों में वे आज की राजनीति के संत है। पूरी दुनिया ने देखा है कि मौजूदा सरकार किस तरह समाज में वैमनस्यता बढ़ा रही है। दलितों, पिछड़ो और अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार किये जा रहे है। देश की संवैधानिक संस्थाओं को गुलाम बना दिया गया है। यह सही मायनों में आपातकाल ही है। यह सरकार महिला विरोधी है। एक और प्रधानमंत्री उस सांसद का प्रचार कर रहे है जिसने सैंकड़ों महिलाओं के साथ बलात्कार किया और फिर सरकार ने उसे बचाते हुए विदेश भेज दिया। यह कोई पहला मामला नहीं था। इससे पहले भी खिलाड़ियों के यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह को सरकार ने पूरा संरक्षण दिया और अब तो उनके बेटे को टिकट देकर साफ़ कर दिया कि महिलाओं के प्रति उनकी सोच क्या है । यह सरकार किसान विरोधी और युवा विरोधी भी है। एक और युवाओ के सपनों को ख़त्म करते हुए अग्निवीर जैसी योजना लायी गयी तो दूसरी तरफ़ किसानों की ज़मीन को उद्योगपतियों को देने की तैयारी की जा रही है। किसानों के हितों को ख़त्म करने और उनकी ज़मीन हड़पने के लिये यह सरकार किसानों के लिये यह तीन काले बिल लायी। हमारे देश के एक हजार किसानों ने अपनी जान दे दी। ज़ाहिर है ऐसे दौर में हम सब भारत के बाहर रहकर ख़ामोश नहीं बैठ सकते थे क्योंकि भारत हमको जान से प्यारा है। इसलिये हम सब यहॉ राहुल गांधी और कांग्रेस को मजबूर बनाने के लिये आये है और इसमें आपके भी सहयोग की आशा रखते है।

# शादीशुदा प्रेमिका की चौखट पर प्रेमी ने निगला जहर, हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली प्रेमिका के घर के सामने प्रेमी ने जहर खा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रेमी को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंता जनक बनी हुई है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवती का विवाह शमशाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में हुआ था। जिससे टेंपो चालक पिंटू उम्र 26 वर्ष निवासी ऊगरपुर, थाना संडीला, जनपद हरदोई से उसका प्रेम हो गया। युवती के दो बच्चे थे। 29 मार्च को युवती अपने दोनों बच्चों को लेकर पिंटू के साथ भाग गई। जिसकी रिपोर्ट युवती के भाई ने पिंटू के खिलाफ थाना शमसाबाद में दर्ज कराई। पुलिस ने 10 अप्रैल 2024 को दिल्ली से युवती को बरामद कर लिया और उसे उसके भाई के सुपुर्द कर दिया। प्रेमिका जब अपने मायके चली आई तो पिंटू उसके दरवाजे पहुंच गया, और दरवाजे पर उसने प्रेमिका के भाई के सामने ही जहर खा लिया। प्रेमिका के भाई ने पुलिस को सूचना दी। इस मौके पर पहुंची पुलिस ने पिंटू को गंभीर हालत जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी ।

## न्यायालय सूचना

बाबत नियुक्त किये जाने संरक्षक जात व जायदाद दिव्यांग अं0 धारा 14 दिव्यांगजन का अधिकार अधिनियम 2016 न्यायालय श्रीमान जिला जज सहारनपुर। प्रकीर्ण वाद संख्या 105 सन् 202। सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 मोहिन्द्र उर्फ महेन्द्र कुमार निवासी ग्राम बेहडेकी प0 हरौडा त0 व जिला सहारनपुर। आवेदक.....(बनाम)....1- देवानंद पुत्र लाल सिंह निवासी ग्राम बेहडेकी परगना हरीडा तहसील व जिला सहारनपुर 2- आम जनता - विपक्षीगण। चूंकि उपरिनामांकित सुरेन्द्र कुमार पुत्र स्वाः मोहिन्द्र उर्फ महेन्द्र कुमार निवासी ग्राम बेहडेकी परगना हरीडा तहसील व जिला सहारनपुर ने अपनी सगी बहन दिव्याग की जात व जायदाद का स्वयं को संरक्षक नियुक्त किये जाने हेतू अन्तर्गत धारा 14 दिव्यांगजन का अध्किार अधिनियम 2016 आवेदन किया है अतएव आपको सूचना दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 24 के माह 07 के 03 दिवस को 11 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 10 मई 24 को निकाली गयी।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**ज़िला जज, स. पुर**

# पक्षी वीथिका का हुआ शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** मई माह के द्वितीय शनिवार को पूरे विश्व में अन्तरराष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में इन्टैक उरई अध्याय तथा संस्कार भारती जालौन की प्राच्य विधा के अन्तर्गत एक पक्षी वीथिका चूडी वाली गली स्थित श्रीमती संध्या पुरवार के निज निवास पर लगाई गई।

इस वीथिका का शुभारम्भ भारतीय जनता पार्टी के कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय संयोजक तथा अवस्थी ग्रुप आफ कालेज के चेयरमैन डा0 भास्कर अवस्थी ने श्री गणेश पूजन कर किया। डा0 अवस्थी ने कहा कि पक्षीगण हमारे प्राकृतिक वातावरण को प्रदूषण से मुक्त करने में बहुत सहायक होते हैं अतः इनका संरक्षण अत्यन्त महत्वपूर्ण है।वीथिका अवलोकन के समय उन्होंने कहा कि पक्षियों से सम्बन्धित इतने विशाल संग्रह को देखकर मैं आश्चर्यचकित हूं। इस पक्षी वीथिका में विश्वभर के लगभग 106 विभिन्न प्रकार के सिक्के तथा लगभग 230 प्रकार केअलग अलग डाक टिकट प्रदर्शित किये गये। इस वीथिका में मॉ लक्ष्मी के वाहन उल्लू के आकार का मंगोलिया देश का सिक्का, अमेरिका के उल्लूआकृति से युक्त टोटम पिलर आकार का सिक्का, कुक आईलैण्ड का पैनगुईन पक्षी आकार का सिक्का अरमानिया का फ्लाइंग ड्रैगन के चित्र से युक्त पोर्टलों, रजतीय सिक्का आदि के साथ न्यूजीलैंड का कीवी पक्षी के आकार का छिद्र युक्त सिक्का, मंगोलिया का उडते हुये पक्षी के आकार का छिद्र युक्त सिक्का आदि मन को आनन्दित करने वाले सिक्का हैं। अपने भारत देश के दक्षिण भारतीय रियासतों के चौदहवीं से लेकर सोलहवीं शताब्दियों के मध्य के वे सिक्के भी प्रदर्शित किये गये जिनपर गरुड के चित्र अंकित हैं। भारतीय डाक विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश के पक्षियों के पोस्ट कार्ड्स अत्यन्त मनमोहक लग रहे थे। वीथिका में पक्षियों के आकार के कुछ दुर्लभ शंखों का भी प्रदर्शन किया जया। बर्मा, जापान कुक आईलैण्ड, पलाऊ आदि देशों के मोर के चित्र से युक्त रंगीन अपरिचालित मुद्राएं स्वमेव आकर्षणीय हैं। वीथिका संयोजक डा0 हरी मोहन पुरवार ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में तो वसुधैव कुटुम्बकम की मान्यता है, उस दृष्टि से भी पक्षियों का संरक्षण अति आवश्यक है।

# लिटिल एंजेल्स में मनाया गया मदर्स-डे



**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** आज लिटिल एंजेल्स स्कूल में मदर्स-डे हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर संजीव अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन सी पाठक, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया । मदर्स के लिए की मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें रैंप वॉक , सिंगिंग कंपटीशन, डांस कंपटीशन, फायर लैस कुकिंग, फ्लावर मेकिंग, हाऊजी आदि प्रमुख थे, सभी प्रतियोगिताओं में मदर्स नें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। फायरलैस कुकिंग में बनिशा एवं उमंग नें प्रथम स्थान, शिल्पी अग्रवाल, खुशबू अग्रवाल एवं नाजिया में द्वितीय स्थान, प्रभा गंगवार, पूजा जायसवाल एवं खुशबू अग्रवाल नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। फ्लावर मेकिंग कंपटीशन में मिथलेश गंगवार ने प्रथम स्थान , शिवानी जायसवाल ने द्वितीय एवं अंशु पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिंगिंग कंपटीशन में अल्पना सक्सेना ने प्रथम स्थान, आईना गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । डांस प्रतियोगिता में सुमेधा जिंदल ने प्रथम, रसिका मिश्रा ने द्वितीय एवं साक्षी मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । रैंप वॉक करते हुए इस प्रतियोगिता में सुमेधा जिंदल ने प्रथम स्थान, उमंग दीप कौर द्वितीय स्थान, खुशबू अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## चौथे चरण के होने वाले चुनाव का प्रचार थमा

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** चौधरी चरण के होने वाले मतदान के लिए देर शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो गया है। वाहनों से प्रचार में लगे लाउडस्पीकर उतर गए हैं सिर्फ झंडे ही दिखाई पड़ रहे हैं उदार राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने गलियों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है जबकि विपक्ष राजनीतिक दल के लोग सुबह से ही जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। 13 में को होने वाले मतदान के लिए प्रत्याशियों के समर्थक गालियों के साथ ही साथ हर घर में दस्तक दे रहे हैं।

## सूचना

मैं सय्यद असद अब्बास रिज़वी पुत्र सय्यद मुस्तफा हुसैन रिज़वी निवासी सत्यपुरम कॉलोनी बालागंज लखनऊ सर्व साधारण को सूचित करता हूँ की मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट और सर्टिफिकेट जो कि 1997 श्रीमथुरा इण्टर कॉलेज नहरपुर आजमगढ़ से पास की थी कहीं खो गयी।

**सय्यद असद अब्बास रिज़वी**
**सत्यपुरम कॉलोनी**
**बालागंज लखनऊ**

## न्यायालय सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संस्था सहारनपुर सोशल वेलफेयर सोसाईटी सहारनपुर में साधारण सभा सदस्य बनाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन पत्र सूचना प्रकाशन के 8 दिन तक प्राप्त किये जायेगें।इस सम्बन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 8 दिन के भीतर सूचना देने वाले को प्रस्तुत करें बाद गुजरने मियाद आवेदन पत्रों की प्राप्ति व आपत्तियों पर विचार नही होगा सदस्यता हेतु आवेदन पत्र व आपत्ति सूचना संकेतक के पते पर सुबह 10 बजे से शाय 5 बजे तक सूचना प्रकाशन के 8 दिन के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं आवेदन पत्रों के साथ आवेदक की आई.डी.1 फोटो व 15 /रु नकद देने होगे सूचना संकेतक..श्रीमति गीता चेटर्जी, सदस्य, चेटर्जी कोटेज, बाजोरिया मार्ग, सहारनपुर. मो0 9412233457 दि. 11/5/24 सहारनपुर

# पापा मम्मी वोट जरूर डालने जाइएगा

## हिन्दू इण्टर कॉलेज के छात्र मतदान के लिए माता पिता से ले रहे संकल्प

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली-अयोध्या।** मतदाता जागरूकता अभियान को गति प्रदान करने और लोकतंत्र के इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाने को हिन्दू इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं की मुहिम जारी है।अपने विभिन्न प्रयासों की श्रृंखला में विद्यालय के छात्र-छात्रा अपने माता पिता से संकल्प पत्र भरवा रहे हैं और उनका हस्ताक्षर भी ले रहे हैं। इस संकल्प पत्र में विद्यार्थी अपने माता पिता से आगामी लोकसभा चुनाव में 20 मई को मतदान के दिन घर से निकलकर सबसे पहले मतदान करने का वादा लिया गया है। छात्र अपने माता पिता को अच्छे मतदान प्रतिशत की महत्ता भी बता रहे हैं और आगामी चुनाव में अपने जनपद और अपनी रुदौली से एक अच्छा मतदान प्रतिशत देने की बात कह रहे हैं। बच्चों ने रंगो से उकेरा मतदान का संदेश विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रुदौली के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर मतदान का संदेश देती हुई रंगोली बनाकर मतदाताओ को जागरूक किया और आने वाली 20 मई को सभी मतदाताओं से मतदान करने का निवेदन किया।इस क्रम में रुदौली तहसील परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली और कोतवाली रुदौली में छात्राओं ने रंगोली बनाई और मतदान करने का संदेश दिया।इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर अधीक्षक डॉ.मदन बरनवाल ने बच्चों की खूब प्रशंसा की और उपहार दिए। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुदौली देवेन्द्र सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें मिठाई खिलाई।विद्यालय के स्वीप कार्यक्रमों के प्रभारी शिक्षक आशीष शर्मा ने विद्यालय के छात्रों को इस मुहिम से जोड़ा है। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र के इस उत्सव में मेरे छात्रों की अधिकतम भागीदारी हो ऐसा मेरा प्रयास है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय के छात्रों ने चिट्ठियां बांटकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया है।मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदान का संदेश बच्चों ने दिया है। स्लोगन राइटिंग के माध्यम से मतदान की महत्ता बताई है।आशीष शर्मा ने बताया कि हम इसके आगे भी यह मुहिम जारी रखेंगे जिससे मतदान के क्षेत्र में हमारे रुदौली का सम्मान बढे।विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रिया शरण सिंह ने कहा की सामाजिक सरोकार के कार्यों से बच्चों को जोड़ना हम लोगों की प्राथमिकता में रहता है। प्रवक्ता अनिल खरे ने कहा अच्छा मतदान प्रतिशत देश के प्रति हम सब की जिम्मेदारी है और सबको इसमें अपनी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

# पीएम मोदी के मिशन विकसित भारत 2047 में तय करनी होगी सहभागिता: डा अरूण

## 20 मई को मतदान करने वाले मरीजों से आईएमए के चिकित्सक उस दिन नही लेगें परामर्श शुल्क- डा. मंजूषा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में भाजपा द्वारा आयोजित चिकित्सक सम्मेलन में मुख्य अतिथि वन मंत्री डा. अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश पहले से ज्यादा सुरक्षित और निर्णायक बना बल्कि दुनिया में देश ने नेतृत्व का एक नया अध्याय जोड़ा। कोविड प्रबंधन में जन-भागीदारी और सरकार के प्रबंधन की प्रशंसा पूरी दुनिया में हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यकाल में धारा 370 का निरस्तीकरण, अयोध्या का अभूतपूर्व विकास व प्रभु रामलला का विराजमान होना, तीन तलाक का खात्मा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी कई उपलब्धियां बनी जो इतिहास में स्वार्णाक्षरों में अंकित की जाएगी। पीएम मोदी के मिशन




विकसित भारत 2047 में हम सभी को अपनी सहभागिता तय करनी होगी। 4 जून को भारत को भगवामय करने का हम सभी को संकल्प लेना है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया है। अयोध्या में आने वाला हर तीर्थयात्री यहां से एक सुखद अनुभव लेकर वापस जाता है। शहर में सुगम यातायात के लिए 4 लेन सड़के तथा 6 रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है। एयर कनेक्टिविटी के लिए एयर पोर्ट व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर का अयोध्या रेलवे स्टेशन का निर्माण हुआ है।आईएमए की अध्यक्ष डा मंजूषा पाण्डेय ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से निर्णय लिया गया है कि 20 मई को मतदान करने वाले मरीजों से आईएमए के चिकित्सक उस दिन परामर्श शुल्क नहीं लेंगे। इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर वन मंत्री माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता डा नानक सरन व संचालन डा. पंकज श्रीवास्तव ने किया । मौके पर डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, डा अफरोज खान, डा. एसएम द्विवेदी, डा नानक सरन, डा सईदा रिजवी, डा एफबी सिंह, डा एसके पाठक, डा एसबी सिंह, डा केएन कौशल, डा महेश सुरतानी, डा चितरंजन वर्मा, डा आरडी भुवन, डा अनिल जायसवाल, डा वीके गुप्ता, डा आनंद गुप्ता, डा पीयूष गुप्ता, सहित अन्य चिकित्सक व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गरीब, असहाय के लिए निःशुल्क अस्पताल

**अयोध्या।** जिले में गरीब, असहाय के लिए एक अस्पताल खुलेगा। यहां पर लोगों की जांच व इलाज निःशुल्क की जाएगी। सहाय सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि जिले के गोसाईंगंज में जल्द ही एक निःशुल्क अस्पताल खुलेगा। श्री तिवारी ने बताया कि आज भी ऐसे लोग हैं, जिन्हें, जब बुखार, जुकाम, खांसी, डायरिया सहित अन्य सामान्य बीमारी होती है तो उनके पास इतना भी पैसा नहीं होता कि वह अपना इलाज कर सके। ऐसे में *सहाय सेवा ट्रस्ट (स्स्ज्ञ)* लोगों का निशुल्क सेवा करेगा। अध्यक्ष ने कहा कि शुरुवाती दौर में यहां पर सामान्य बीमारियों के साथ बीपी व शुगर की फ्री जांच कर लोगों का उपचार होगा। इसके साथ ही इस रोग से बचने के तरीके व सावधानी पर लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## लोक सभा चुनाव को लेकर हुई बैठक



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद के निचलौल ब्लाक के भारत नेपाल बॉर्डर के समवाय झुलनीपुर कैम्प में निचलौल ब्लॉक के चुनाव सेक्टर प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने सुरक्षा एजेंसियों के साथ लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को लेकर समीक्षा बैठक की। सेक्टर मजिस्ट्रेट धीरेंद्र सिंह ने कहा कि 1 जून को महराजगंज लोकसभा चुनाव तथा मतदान को लेकर बीओपी झुलनीपुर के सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए चर्चा की गई। महराजगंज जनपद से सटे भारत नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जिससे शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया जा सके। सातवें चरण के अंतर्गत जनपद में 1 जून को मतदान होना सुनिश्चित है। जिसको लेकर प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। भारत नेपाल बॉर्डर की सीमा 84 किलोमीटर है। जिसको देखते हुए 32 पॉइंट निर्धारित किए गए हैं। जहां सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। इसके अलावा अतिरिक्त पुलिस फोर्स की तैनाती बॉर्डर पर की जा रही है। ताकि महराजगंज जनपद में लोकसभा चुनाव सम्पूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सके। इस मौके पर एसएसबी के उपनिरीक्षक अमिताभ साहा तथा उनके जवान उपस्थित रहे।

# रुदौली क्षेत्र बना अवैध पैथालोजी व जांच केन्द्रो का हब

## स्वास्थ्य विभाग बना मूक दर्शक, जांच के नाम पर खानापूर्ति

*जय प्रकाश गुप्ता*

**अयोध्या।** रुदौली तहसील क्षेत्र में बगैर मानक से संचालित पैथोलाजी डायग्नोस्टिक सेंटरों व निजी अस्पतालो की भरमार हो गई है।गलत जांच के चलते मरीजों का सही इलाज नहीं हो पा रहा।लेकिन स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत के चलते यह धंधा खूब फल-फूल रहा है।आधे से अधिक मेडिकल सेंटर बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे है वही जिन सेंटरों के रजिस्ट्रेशन है भी उन पर रजिस्टर्ड डाक्टर यदा कदा ही बैठते है। रुदौली में अवैध निजी अस्पताल,पैथालोजी और डायग्नोस्टिक व अल्ट्रासाउंड सेंटर धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं।सेंटर से जांच रिपोर्ट चिकित्सक के नाम पर उसकी अनुपस्थिति मे अप्रशिक्षित कर्मचारी मरीजों की जांच रिपोर्ट तैयार करते हैं।जाहिर सी बात है जब रिपोर्ट डाक्टर के बजाय कर्मचारी बनाएगे तो रिपोर्ट गलत ही मिलेगी तो इलाज सही कैसे हो सकता है।जबकि शासन ने स्वास्थ्य व्यवस्था की बेहतरी को फर्जी और अवैध पैथालोजी,अल्ट्रासाउंड सेंटरों और निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश जारी करता है।बावजूद स्वास्थ्य विभाग की नाकामी शासन के मंसूबे पर पानी फेरती नजर आ रही है।अभी चंद दिनों पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली के ठीक सामने अपोलो डाइग्नोस्टिक सेंटर से सोनी तिवारी नाम की एक महिला ने अपने खून की जांच कराई जिसमे पैथालोजी संचालक ने उसका ओ पॉजिटिव ग्रुप के खून होने की रिपोर्ट दे दी। जांच रिपोर्ट को संदिग्ध मानते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर ने जब सरकारी अस्पताल के अंदर दुबारा जाँच कराने को कहा तो इसी महिला की जांच में ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव की रिपोर्ट आई।महिला ने दोनों जाँच में अपनी संतुष्टि के लिए एक अन्य निजी पैथालॉजी पर तीसरी बार ब्लड ग्रुप की जाँच कराई तो वहाँ भी उसका ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव आया।जिसकी शिकायत महिला मे सीएमओ अयोध्या डॉ संजय जैन से की।मामले को गंभीर मानते हुये डॉ जैन ने डिप्टी सीएमओ डॉ डी के शर्मा को सौपी है जो अभी तक लंबित ही है । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रुदौली से लेकर भेलसर चौराहे तक लगभग दो दर्जन निजी अस्पताल,पैथालोजी व अल्ट्रासाउंड सेंटर खुले है जहां बिना कोई डिग्री लिए फर्जी डाक्टर बन कर मरीजो से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूलने के साथ साथ उनके जीवन से खिलवाड़ करते बड़ी आसानी से देखने को मिल जाएगे।ऐसा नही है कि सीएचसी के नजदीक चल रहे ऐसे सेंटरो पर जिम्मेदारों की नजर नही पड़ती है जब कि अकसर जिम्मेदार अधिकारी उसी रास्ते से आते जाते है।यहाँ ऐसे कई सेंटर चल रहे है जो पूरी तरह अवैध है। अधिकारी रोजाना इसी रास्ते से होकर गुजरते है लेकिन उनकी नजर इस सेंटरों पर नहीं पड़ती या यूं कहें कि सबकुछ जानते हुए भी अपनी आंख बंद किए रहते हैं ।इसी तरह पूरे अयोध्या जनपद सहित भेलसर,शुजागंज बाजार,रुदौली नगर, रौजागांव, उमापुर,आजाद नगर , बिगिनियापुर,मवई चौराहा सहित अन्य स्थानो पर झोलाछाप डाक्टरों व निजी अवैध अस्पतालो की भरमार है मगर स्वास्थ्य विभाग कभी भी इनके खिलाफ कोई जांच अभियान नही चलाते है।सूत्रो की माने तो इन झोलाछाप डाक्टरों की सांठगांठ गाँव-गाँव मे तैनात स्वास्थ्य कर्मियों से रहती है जो मरीज को इन अस्पतालो तक पहुचाती है वहाँ से उन्हे अच्छा कमीशन मिल जाता है वही यदि इलाज के अभाव मे मरीज किसी कारण वश निपट जाता है तो संचालक परिजन से रुपया वसूल कर ही विदा करते है।यदि उनके खिलाफ कोई शिकायत आती है तो स्वास्थ्य विभाग लीपा पोती मे ही लग जाता है।इस संबंध मे जब सीएमओ अयोध्या डॉ संजय जैन से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नही उठा।वही जब इस मामले में डिप्टी सीएमओ डॉ डी के शर्मा से बात करने की कोशिश की गई तो उनके फोन की लगातार घंटी बजती रही लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

## ब्राह्मणों के ही नहीं सभी वर्गों के हैं भगवान परशुराम



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राजनीति से प्रेरित लोग भले ही भगवान परशुराम को सिर्फ ब्राह्मणों काअगुवा बता रहे हो, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। भगवान परशुराम ने समाज के सभी वर्गों का संरक्षण किया था उन्हें एक वर्ग से बांधना उचित नहीं है। यह बातें अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी ने शुक्रवार को अयोध्या भीखापुर तथा सदर ब्लाक के बहादुरा गांव में भगवान परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में कहीं। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम ने समाज को आतताइयों से बचाया था सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामकृष्ण द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन व भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करके भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

जिलाध्यक्ष यदुनंदन मिश्र व विवेक मिश्र ने अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा मुफ्त दवा का वितरण किया गया । कार्यक्रम में मांडवी तिवारी, पारिजात त्रिपाठी व सुप्रिया शुक्ला ने भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच का संचालन देवकुमार मिश्र ने किया।

## ईंट भट्ठे की दीवार गिरने से मजदूर की मौत, अधिकारियों ने लिया जायजा

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** भिटौली स्थिति ईंट भट्टे पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब उसकी दिवाल भरभरा कर गिर गई। जिसमें एक मजदूर कि मृत्यु हो गई। मौके पर जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर घटना का जायजा लिया और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। भिटौली थाना क्षेत्र के करमहिया खुर्द में रउफ मार्का ईंट भट्ठे पर शनिवार की सुबह को भट्ठे की दीवार गिरने से एक श्रमिक अशोक साहनी पुत्र प्रकाश निषाद उम्र 35 वर्ष



निवासी करमहा टोला, कप्तानगंज कुशीनगर की दबने से मृत्यु हो गई। जबकि 03 श्रमिक मामूली रूप से घायल हुए, जिनको प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित के परिजनों को सांत्वना दी और जिला प्रशासन की ओर से सभी संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। दोनो अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और एसडीएम सदर से हादसे की विस्तृत जानकारी ली और मृतक के परिजनों को अनुमन्य आर्थिक सहायता दिलवाने घायलों को समुचित इलाज उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने मृतक का पोस्टमार्टम जल्द से जल्द करवाकर शव परिजनों को सौंपने हेतु भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने मामले को जांच जल्द से जल्द पूरी कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही का निर्देश दिया।

## पीड़ित के खाते में वापस हुए ठगे गए 2 लाख 13 हजार रुपए



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** साइबर फ्रॉड कर पीड़ित के खाते से निकाले गये 2 लाख 13 हजार रूपये साइबर थाना बाराबंकी की त्वरित कार्यवाही के चलते पीड़ित के बैंक खाते में वापस हो गए। पुलिस के अनुसार थाना देवा पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें आवेदक अभय कुमार सिंह पुत्र श्याम नारायण निवासी मियाँपुर थाना देवा द्वारा बताया गया कि उसके साथ साइबर अपराधियों द्वारा साइबर फ्रॉड/धोखाधड़ी कर कम्पनी के खाते से कुल 2 लाख 40 हजार रुपये निकाल लिए गये। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने साइबर थाना जनपद बाराबंकी को त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित की शत प्रतिशत धनराशि वापस कराए जाने हेतु निर्देशित किया। इसी क्रम में साइबर थाना द्वारा साइबर तकनीक का प्रयोग कर सम्बन्धित मर्चेंट से पत्राचार कर पीड़ित के खाते में 2 लाख 13 हजार रुपये वापस कराये गए। पुलिस टीम में साइबर थाना निरीक्षक विजय सिंह सिरोही प्रभारी, एसआई चंद्र प्रकाश यादव, आरक्षी सुधाकर भदोरिया, आरक्षी राजन यादव, अभिषेक चपराणा, गौरव त्रिपाठी, आरक्षी पंकज यादव, आरक्षी अंकित यादव, आरक्षी शैलेश पटेल शामिल रहे।

## तेज हवा के झोंके मे भरभरा कर गिरी स्कूल की बाउंड्रीवाल,एक ग्रामीण घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शनिवार को दोपहर मे चली तेज हवा के झोंके मे शिक्षा क्षेत्र अमानीगंज के पूर्व माध्यमिक विद्यालय इब्राहिमपुर की बाउंड्री वाल भरभराकर गिर पडी।जिसकी चपेट मे आकर एक ग्रामीण का पैर दीवाल के नीचे दब गया जिससे ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया।विद्यालय के शिक्षकों ने ग्रामीण के पैर को किसी प्रकार दीवार के नीचे से निकाला।गनीमत रही कि उस समय स्कूल मे कक्षाएँ चल रही थी,कोई बच्चा स्कूल से बाहर नहीं था,नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव ने बताया कि घायल ग्रामीण ईश्वर चंद्र शुक्ल बगल गांव शुक्ल का पुरवा निवासी बताया जाता है।घटना के समय वह तेज हवा देखकर स्कूल की बाउंड्री वाल के किनारे खड़ा होकर हवा रुकने का इंतजार कर रहा था।प्रधानाध्यापक ने काफी नीचा है।वहां जल भराव हो जाता है।इस सम्बंध मे कई बार



बताया कि दीवाल गिरने की सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।उन्होंने बताया कि स्कूल परिसर उच्च अधिकारियों को सूचना दी गई है।किन्तु स्कूल परिसर को ऊंचा नहीं किया जा रहा है।

## निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर में मरीजों की जांच, मिला परामर्श

**बाराबंकी।** पूर्व निर्धारित समय के अनुसार अवध इमरजेंसी एंड ट्रामा केअर हॉस्पिटल व मैक्स हेल्थ केअर की ओर से शनिवार को धनोखर चौराहे के निकट निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मरीजो ने जांच करवाई व निशुल्क परामर्श प्राप्त किया। शनिवार को आयोजित हुए इस शिविर में मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली के एसोसिएट डायरेक्टर व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार गुप्ता के अलावा उनकी टीम उपस्थित रही। शिविर में केवल दिल के मरीज देखे गए। इस दौरान आए हुए मरीजो ने अपनी जांच कराई व परामर्श लिया। लक्षण पाए जाने पर उन्हें दवाएं भी दी गईं। डॉ अशोक गुप्ता ने बताया कि हृदय रोगों के मरीजों की बढ़ती संख्या चिंतित करने वाली है।

## संदिग्ध हालात में झाड़ियों में पड़ा मिला एक युवक का शव

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** सफदरगंज थाना क्षेत्र में एक गांव में इंटर कॉलेज के पास झाड़ियों में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया। घटनास्थल पर भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम कराया। मृतक के हाथ पैर पर चोट के निशान थे। उसके कान से खून बह रहा था। पिता ने हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंके जाने की आशंका जताई है। बताया कि युवक ने डीजे बजाने का काम किया था जिसका पैसा लेने के लिए यवक घर से निकला था। जानकारी के अनुसार रामनगर औरेला संपर्क मार्ग स्थित खानपुर इनायतुल्लाह गांव में छोटे लाल इंटर कॉलेज के पास पास झाड़ियों में एक युवक का शव देख कर राहगीर ठिठक गए। कुछ ही देर में वहां पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान अलाउद्दीन (22) पुत्र नासिर निवासी ग्राम पंजरौली थाना बदोसराय के रूप में हुई। झाड़ियों में अलाउद्दीन का शव उसके घर से महज पांच किमी की दूरी पर पाया गया। जिससे उसके मौत की सूचना कुछ ही देर में उसके घर तक पहुंच गई। चीख पुकार करते हुए परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर उसका पोस्टमार्टम कराया है। मृतक पिता नसीर ने बताया कि मृतक अलाउद्दीन के बाएं कान से खून का रिसाव हो रहा था। उसके हाथ पैरो में चोट के निशान मिले, इसलिए वह पुत्र की हत्या की बात कह रहे हैं। घटनास्थल से करीब 500 मीटर एक युवती का आधार कार्ड व बैंक पासबुक मिला। जिससे तरह तरह की चर्चा आम हो गई हैं।

# मोदी की रैली के लिए घर घर आमंत्रण पहुंचाएगी भाजपा: संजय

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की रैली का आमंत्रण देने के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर घर संपर्क करेंगे। पीएम मोदी की रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अभी कोचिंग की आवश्यकता है, क्योंकि उनमें राजनैतिक समझ की कमी है। प्रदेश के गत तीन चरणों में मतदान प्रतिशत घटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा के समर्थक नरेंद्र मोदी को पूरे जोश के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान कर रहे हैं मगर विपक्ष अपने वोटरों को भरोसा दिलाने में नाकाम साबित हो रहा है। इसी कारण विपक्ष के समर्थकों में वोट देने का उत्साह नजर नहीं आ रहा है, जिसके चलते मतदान प्रतिशत में गिरावट आई। कहा भाजपा की प्रत्येक सीट पर प्रधानमंत्री मोदी ही लड़ रहे हैं और देश की जनता का हर वोट प्रधानमंत्री के लिए है।उन्होंने कहा कि जिले में पीएम की रैली में सभी विधानसभाओं से समर्थकों का सैलाब उमड़ेगा।केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कहा कि उनके चुनाव प्रचार करने से भाजपा की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।कहा कि दिल्ली की जनता सभी सात सीटों पर भाजपा को जिताकर केजरीवाल




को मुंहतोड़ जवाब देगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, राज्य मंत्री सतीश शर्मा, रैली के जिला प्रभारी बसंत त्यागी, एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर श्वेता सिंह, मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई, संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी मौजूद रहे।

## पीएम की रैली अब 17 मई को

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 मई को होने वाली रैली अब 17 मई को होगी।उक्त जानकारी देते हुए रैली के जिला प्रभारी एवम प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी ने बताया कि रैली 17 मई को सुबह साढ़े आठ बजे से होगी।

## 33 शातिर अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट, निगरानी जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों पर कुल 33 अभ्यस्त अपराधियों की नई हिस्ट्रीशीट खोलकर निगरानी की जा रही है। जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर अकुंश लगाये जाने के क्रम में पेशेवर अपराधी, चैन स्नैचर, एनडीपीएस, गोवध, आबकारी, आर्म्स एक्ट, वाहन चोरी, अन्य चोरी, नकबजनी, हत्या, धोखाधड़ी, बलात्कार, लूट करने वाले तथा क्रियाशील अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोल कर गहन निगरानी करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया। इस क्रम में माह जनवरी-2024 से अब तक जनपद बाराबंकी के विभिन्न थानों द्वारा एनडीपीएस के-10, गोवध के-09, आर्म्स एक्ट के-01, चोरी/वाहन चोरी के-07, लूट के-01, धोखाधड़ी के-01, बलात्कार के-01 एवं अन्य अपराध के-02, कुल 33 अभ्यस्त अपराधियों की नई हिस्ट्रीशीट खोलकर निगरानी की जा रही है।

थाना कोतवाली नगर में-05, थाना देवा में-06, थाना जहांगीराबाद में-01, थाना रामनगर में-01, थाना मसौली में-01, थाना फतेहपुर में-04, थाना मोहम्मदपुरखाला में-01, थाना घुंघटेर में-04, थाना सफदरगंज में-01, थाना सतरिख में-03, थाना जैदपुर में-02, थाना हैदरगढ़ में-01, थाना लोनीकटरा में-01, थाना रामसनेहीघाट में-01, थाना असन्द्रा में-01, कुल-33 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में कोई भी व्यक्ति कानून एवं शान्ति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध भी कठोरात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## 20 बच्चों व 15 गर्भवती का जांच व टीकाकरण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के भरवठिया मुस्तहकम में गर्भवती महिलाओं का जांच व बच्चों का टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित एएनएम तारामती ने ड्यूलिस्ट के आधार पर 20 बच्चों का टीकाकरण किया, वहीं 15 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व टीकाकरण किया।तारामती ने बताया कि जांच के दौरान उच्च जोखिम वाली महिलाओं को सीएचसी पर जांच के लिए भेजा गया है, वहीं सामान्य महिलाओ को जरूरत के अनुसार फोलिक एसिड, आयरन, कैल्शियम आदि की गोली वितरण किया गया है। अंत में महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित करते हुए लू से बचाव की सलाह भी दी गई है। इस दौरान मंजू, जाकरून्निंशां, इमरान, खुशबू, मानवी, सरिता, रेखा, दिव्या आदि उपस्थित रही।

## वांछित को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा न्यायालय



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत खेसरहा पुलिस टीम ने शनिवार को गंभीर धाराओं में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। खेसरहा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिढिया गाँव निवासी नीरज पुत्र साधूसरन कंहार व संतकबीरनगर जिला अंतर्गत मेंहदावल थाना क्षेत्र के ग्राम खजुरा कला निवासी बुद्धिराम पुत्र ओमप्रकाश गौड़ पर खेसरहा थाने में पूर्व ही मुकदमा दर्ज था। थाने पर वांछित आरोपियों की पुलिस को तलाश थी। उपरोक्त बावत जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह द्वारा बताया गया कि सटीक सूचना मिलते ही उपरोक्त दोनों आरोपियों को नवडिहवा चौराहे से मय हमराह गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। इस दौरान बतौर हमराह हे0का0 जयसिंह चौरसिया तथा का0 सर्वेश यादव भी भी मौजूद रहे।

## महिला थानाध्यक्ष ने सुलझाया परिवारिक विवाद



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** महिला थाना में 11/05/2024 को महिला थानाध्यक्ष प्रियंका पाण्डेय व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त हेल्प डेस्क कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के दो वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए एवं दंपत्ति द्वारा अंबेडकरनगर पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय विज्ञान अविष्कार प्रदर्शनी का किया आयोजन



**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विगत माह जिला मुख्यालय पर आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परिषदीय विद्यालयों के छात्रों को खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने पुरस्कार राशि सौंप उत्साहवर्धन किया।बी ई ओ ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आमंत्रित कर राष्ट्रीय विज्ञान आविष्कार प्रदर्शनी में चयनित कम्पोजिप उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालपुर के छात्र अनुराग को 7500 एवं श्रेयश मिश्रा को 2500 रूपए की पुरस्कार राशि सौंपते हुए हौसला-अफजाई किया।बी ई ओ ने कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है इसलिए आस सभी बेहतर ढंग से पढ़ाई कर देश व समाज का नाम रौशन करें। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य अंसर एजाज, हरिश्चंद्र गौतम, शब्नम फातिमा,मंजू लता,ए आर पी मित्रसेन वर्मा, मोहम्मद कासिम, दिनेश वर्मा, रेखा चौधरी आदि मौजूद रहे।

## ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस से निकाल की गयी छटाई

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत सामान्य जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह व 55 अंबेडकरनगर के प्रत्याशी/प्रतिनिधि के समक्ष विधानसभा टांडा, अकबरपुर का ईवीएम/वीवी पैट वेयर हाउस से निकालकर छटाई का कार्य बूथ वार किया जा रहा है। उपस्थित प्रत्याशी/प्रतिनिधि द्वारा इस पर संतुष्टि जताई गई। इसके उपरांत निर्वाचन संबंधी अन्य तैयारियां का भी जायजा लिया गया।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सीसीटीवी कैमरा तथा अन्य व्यवस्थाएं देखी गई

## राहुल गांधी की प्राथमिकता में है पुरानी पेंशन: सुरेन्द्र

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव के बीच पुरानी पेंशन की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू होगी। समाजवादी शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा कांग्रेस पार्टी की जिन राज्यों में सरकार है वहां पुरानी पेंशन योजना लागू है। हाल ही में हुये विधानसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी चुनाव हार गई उन राज्यों में भाजपा की सरकार बनते ही पुरानी पेंशन छीन ली गई। लेकिन केन्द्र में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो पुरानी पूरे देश में लागू होगी। घोषणा पत्र में इसका जिक्र नही है बावजूद इसके राहुल गांधी अपने हर इण्टरव्यू में पुरानी पेंशन की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी पर देश को भरोसा है, इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो करोड़ों कर्मचारियों की पुरानी पेंशन मिलनी शुरू हो जायेगी साथ ही 8 वां वेतन आयोग गठित किया जायेगा। डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा केन्द्र सरकार के अधीन रिक्त 30 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया तत्काल शुरू होगा। हर गरीब परिवार की वरिष्ठ महिला को 1 लाख रूपया सालाना मिलेगा। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण मिलेगा।

# औचक निरीक्षण के दौरान अधीक्षक ने किया एएनएम के कार्य का सत्यापन



अवधनामा संवाददाता

- भनवापुर के बेतनार में इंकार परिवारों को प्रेरित कर कराया टीकाकरण

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के बेतनार गांव में सीएचसी सिरसिया के अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा के द्वारा शनिवार को छाया एकीकृत टीकाकरण सत्र स्थल का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान डॉ ओझा ने टीकाकरण सत्र पर सेवा देने वाली एएनएम आख्या पाण्डेय के कार्यो का सत्यापन हेतु डियू लाभार्थी गर्भवती महिला आसिमा 24 वर्ष, सवीना 23 वर्ष, पूजा 27 वर्ष, सायरा 31 वर्ष तथा मीरा 22 वर्ष का रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन, पेट आदि का जांच करते हुए क्रॉस चेक किया गया तथा सत्र पर दी गई सेवाओं के विषय में महिलाओं से साक्षात्कार किया गया। कार्य सही पाए जाने पर अधीक्षक ने एएनएम आख्या पांण्डेय की तारीफ करते हुए नियमानुसार कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। डा.ओझा ने राजीव त्रिपाठी, मैराज अहमद तथा धुव्रचंद तथा आशा बहू लीलावती के साथ टीकाकरण से इन्कार लाभार्थी के घर पहुंच कर अरबाज खान तथा अल्तमश आदि को टीकाकरण का लाभ बताकर टीकाकरण हेतु प्रेरित करते हुए टीकाकरण का लाभ दिलवाया। राजीव त्रिपाठी तथा मैराज अहमद के द्वारा आशा बहु लीलावती को गृह भ्रमण करते हुए डियू लाभार्थी सूची बनाकर टीकाकरण के एक दिन पूर्व बुलावा पर्ची वितरण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी राजकुमारी, नूरजहां, कलावती, विनीता आदि उपस्थिति रही।

# एसएसबी और ढ़ेबरुआ पुलिस ने देसी रिवॉल्वर के साथ किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** एसएसबी और ढेरूरुआ पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार को एक व्यक्ति के पास से अवैध देशी रिवॉल्वर चेकिंग के दौरान बरामद किया और गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। मिली जानकारी के मुताबिक एसएसबी महादेव बुजुर्ग सी समवाय और ढ़ेबरुआ पुलिस टीम की स्पेशल जॉइंट गश्ती दल के द्वारा ढेरूरुआ गांव में एक व्यक्ति को देसी रिवॉल्वर के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपित ने अपना नाम समीउल्लाह पुत्र अजमतउल्लाह ( 30वर्ष ) गांव परसपुर, थाना गौलहौरा, जिला सिद्धार्थ नगर बताया। जिसके बाद स्पेशल जॉइंट गश्ती दल द्वारा पकड़े गए हिस्ट्रीशीटर को देसी रिवाल्वर को आवश्यक कागजी कार्यवाही कर जब्त सामग्री के साथ अभियुक्त को अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस स्टेशन ढेरूरुआ को सुपुर्द कर दिया गया। सी समवाय एसएसबी महादेव बुजुर्ग की ओर से स्पेशल गश्ती दल में सह उप नि./सा. किशन कुमार, आ./सा. सतीश कुमार, शैलेन्द्र सिंह, सागर बैंजवारी और उत्तर प्रदेश पुलिस ढेरूरुआ के उप नि. योगेश मणि, आ./सा. अनिल कुमार गोंड इत्यादि मौजूद रहे।

# यूपी में जीतेंगे दस सीटें पहली जीत महराजगंज की होगी: सुप्रिया श्रीनेत

यशोदा श्रीवास्तव



**महराजगंज।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि कांग्रेस यूपी में कम से कम दस सीटें जीत रही है और जीत की पहली घोषणा महराज गंज से गठबंधन उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी की होगी। उन्होंने जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर यह दावा किया। कहा कि जहां तक सारे देश के चुनाव परिणाम का सवाल है तो बड़ी जिम्मेदारी से कहना चाहुंगी कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और भाजपा दो सौ सीटों के अंदर रहेगी।

कांग्रेस नेत्री सुप्रिया ने कहा कि भारत की मोदी सरकार दुनिया की पहली सरकार है जिसके पास दस साल के शासन काल में जनता के मुद्दे पर वोट मांगने का साहस नही है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अधूरे राम मंदिर के उद्घाटन के पीछे मोदी की मंशा यह थी कि इस बहाने उन्हें खूब वोट मिलेगा। इसलिए चुनाव के पहले चरण में उन्होंने राम मंदिर का मुद्दा खूब उछाला लेकिन देश का नौजवान समझ गया कि राम हमारे आराध्य हो सकते हैं,हमारे आदर्श हो सकते हैं,उनकी पूजा अर्चना कर हम धन्य हो सकते हैं,लेकिन वे हमारे भूख को मिटाने का माध्यम नहीं हो सकते। इसीलिए पहले चरण में भाजपा का मंदिर का पाखंड फ्लाप हो गया। दूसरे चरण में उन्होंने जाति विशेष को निशाना बनाने की कोशिश,वह भी नहीं चला तो तीसरे चरण में मंगलसूत्र पर आ गए। सुप्रिया ने कहा कि मोदी जी जितनी बार सोना और मंगलसूत्र की बात करते थे उतनी बार दुनिया के तमाम देश भारत के प्रधान मंत्री पर हंसते थे। उन्होंने कहा कि हैरत है कि मंगल सूत्र पर वह शख्स बात कर रहा है जो अपने घर की मंगलसूत्र की हिफाजत नहीं कर सका,मंगल सूत्र पर वह शख्स बोल रहा है जिसने शहीद हुए आठ सौ किसानों की विधवाओं की मंगल सूत्र पर उफ तक नहीं कह पाया,मंगल सूत्र पर वह शख्स बोल रहा है जो मणिपुर में तार तार हुए मंगल सूत्र की ओर से आंख बंद किए रहा। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मोदी जा का जब मंगलसूत्र का रोना भी काम नहीं आया तो चौथे चरण के मतदान के पहले वे अपने दो खास दोस्तों को भी बलि का बकरा बनाने से नहीं चूके। वे कहते हैं कि कांग्रेस उनके दोनों मित्रों का नाम लेना बंद कर दी। यह झूठ है। हमारे नेता लगातार मोदी के दोनों भ्रष्टाचारी मित्रों के भ्रष्टाचार को उजागर करते रहे हैं। उन्होंने कहा जनता खासकर युवा वर्ग दो चुनाव तक अच्छे दिन का इंतजार करती रही। अब उसका धैर्य टूट गया है। नौजवान रोजगार मांग रहा है।

शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, मंहगाई पर सवाल कर रहा है। देश की जनता भय भूख और भ्रष्टाचार से जूझ रही है, भाजपा उसे पाकिस्तान का भूख दिखा रही है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा देश की जनता इन्हीं मुद्दों और सवालों पर वोट कर रही है और मुझे विश्वास है कि महराजगंज के लोग भी इसी मुद्दे पर वोट करेंगे।

इस मौके पर इंडिया गठबंधन उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी काफी भावुक रहे। उन्होंने सुप्रिया श्रीनेत का स्वागत व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह धरती स्व. हर्षवर्धन जी की कर्मभूमि रही है। आपने स्वयं न लड़कर मुझे लड़ने का मौका दिया है। विश्वास दिलाता हूं कि मैं आपकी अपेक्षाओं पर सदैव खरा उतरने का प्रयास करता रहुंगा।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिये बनाया पोस्टर

**बस्ती।** सम्राट अशोक प्रभावंश बालिका इण्टर कालेज बनकटी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के जूनियर व सीनियर वर्ग में कुल 120 छात्राओं ने हिस्सा लिया, सभी ने मतदाताओं को प्रेरित करने वाली प्रेरणादायक चित्रकारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक श्रीवास्तव ने दोनो वर्गो से प्रथम द्वितीय व तृतीय स्तर के प्रतिभागियों का चयन किया। जू. वर्ग में निशा यादव प्रथम, हर्षिता दूबे द्वितीय, महिता तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि सीनियर वर्ग में कुलसुम बानो प्रथम, कोमल शुक्ला द्वितीय, सूफिया तृतीय स्थान पर रहीं। पुरस्कार के रूप में कालेज की ओर से कापी, कलम देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। अशोक श्रीवास्तव ने छात्राओं से लोकसभा चुनाव, सांसदों की संख्या, भारत के संविधान से जुड़े अनेक प्रश्न किया जिसका अधिकांश छात्राओं ने सटीक उत्तर दिया। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा हमारे परिवेश में जो कुछ घटनाक्रम हो रहे हैं उसके बारे में सामान्य जानकारी हम सभी को होनी चाहिये।

## भाजपा संविधान विरोधी पार्टी है इसलिए संविधान बदलना चाहती है : लालजी वर्मा



दानिश मेंहदी/मुकीम खान

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के चलते इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पूर्व मंत्री लाल जी वर्मा लगातार चुनावी मैदान में उतर कर जनता के बीच जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा निजामुद्दीन नगर में सभासद दस्तगीर अंसारी ने सपा से लोकसभा प्रत्याशी लाल जी वर्मा के समर्थन में निजामुद्दीन नगर में नुक्कड़ सभा का आयोजन कराया जिसमें सभासद दस्तगीर अंसारी ने लाल जी वर्मा के समर्थन में मतदाताओं से वोट मांगने की अपील करते हुए मौका देने की बात कही और कई मुद्दों पर सरकार को घेरा। इस दौरान मंच से संबोधित करते हुए लालजी वर्मा ने भाजपा को किसान विरोधी बताते हुए कहा भाजपा 400 पार का नारा देकर संविधान बदलना चाहती है। अग्निवीर योजना से हरी वर्दी की नौकरी चार साल की कर दी। फिर भाजपा की सरकार बनी तो खाकी की नौकरी भी तीन साल रह जाएगी। इस मौके पर टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा, फ़िरोज़ सिद्दीकी, फैजान खान, संदीप यादव, मेराजुद्दीन किछौछावी, रईस नेता, राजमन भारती, इमरान गांधी, उस्मान अंसारी, अतहर खान, मोहम्मद आरिफ, साबिर नेता, सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## विद्युत विभाग के जुमलेबाजी से अजीज कटरा डमरूआ के विद्युत उपभोक्ताओ ने किया अधिशाषी अभियंता का घेराव

- कटरा डमरूआ के वार्ड संख्या 17 का है मामला
- चार सौ फीटर लंबा केबिल लगा बांस बल्ली के सहारे चल रहा विद्युत आपूर्ति



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** नगर पालिका क्षेत्र के कटरा डमरुआ मोहल्ला वार्ड संख्या-17 के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से बंचित है। विद्युत पोल की मांग कई वर्षो से लोग कर रहे लेकिन विभाग मूक दर्शक बनकर तमासा देख रहा है। शनिवार को मोहल्ला के लोगों की धैर्य टूट गया और अधिशाषी अभियंता का घेराव कर प्रार्थना पत्र देकर समस्या को अवगत कराया।

भाजपा नेता व पूर्व सभासद बिपिन राय के नेतृत्व में मोहल्ले के विकास चतुर्वेदी, संतोष कुमार चौधरी, एके सिंह, अजय कुमार, अशोक कुमार द्विवेदी, सरोज पांडेय, संघप्रिय, अभय कुमार, पूर्णमासी, धनई, बदामा, रामजनम शर्मा, विवेक शर्मा, नंदलाल, चंद्रिका प्रसाद, रोहित कुमार, राम प्रकाश, अरविंद कुमार, रंजू पांडे, ऋषिकेश चतुर्वेदी सहित तमाम लोगों ने कहा कि किशोरी मैरिज हाल से इंदिरा पब्लिक स्कूल तक विद्युत पोल लगना था। लेकिन विभाग ने चार पोल लगा कर कोरम पूरा कर चले गए। जेई साहब ने आश्वासन भी दिया था कि पोल पूरा लगेगा। लेकिन कर्मचारी सामान ले कर चले गए। अभी भी तीस घरों की आपूर्ति चार सौ मीटर लंबी तार खींच कर बास बल्ली के सहारे हो रहा है। दूरी अधिक होने के कारण आए दिन लोकल फाल्ट व आगजनी जैसी घटनाएं आम बात हो गयी है। लोगों ने अरविंद यादव के घर से इंदिरा पब्लिक स्कूल तक विद्युत पोल लगा कर आपूर्ति शुरु कराने की मांग की है। विपिन राय ने बताया कि इसके अलावा चार पोल लगाने की बात अधिशासी अभियंता ने कही थी और आश्वासन भी मिला था। लेकिन अवर अभियंता बिना पोल लगवाए ही सब सामान ले कर चले गए। गर्मी में प्रायः फाल्ट हो रहा है और लोगों को समस्या हो रही है। इस संबंध मे अधिशाषी अभियंता विद्युत खण्ड प्रथम मनोज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान मे है। मौके पर देखने के बाद ही कुछ हो सकता है। समस्याओं का निस्तारण अवश्य होगा।

# चंद्रप्रकाश वर्मा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने थामा भाजपा का दामन

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर नगर पालिका अध्यक्ष ने शनिवार को लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के समक्ष सदस्यता ली। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी भी मौजूद रहे। राजनीतिक गलियारों में चन्द्र प्रकाश वर्मा के भी भाजपा में शामिल होने की अटकलें काफी दिनों से लगाई जा रही थीं। जिस पर शनिवार को उन्होंने विराम लगा दिया।

बीजेपी में शामिल होने से पहले चंद्रप्रकाश वर्मा तीन बार अकबरपुर नगरपालिका के चेयरमैन रह चुके हैं और खास बात यह है कि तीनों ही बार उन्होंने चुनाव निर्दल प्रत्याशी के रूप में लड़ा और जीता। 2017 विधानसभा चुनाव के पहले चंद्रप्रकाश वर्मा बीजेपी में शामिल हुए और पार्टी ने उन्हें अकबरपुर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया। चंद्रप्रकाश चुनाव तो नहीं जीत सके, लेकिन तकरीबन 57 हजार वोट पाकर पार्टी को एक सम्मानजनक स्थान पर खड़ा कर दिया लेकिन विधानसभा चुनाव 2022 के पहले ही उन्होंने भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा देकर बहुजन समाज पार्टी का दामन थामा था। फिर बसपा ने उन्हें अकबरपुर विधानसभा से अपना प्रत्याषी बनाया। मात्र 53398 वोट पाकर वह तीसरें स्थान पर रहे थे। चंद्र प्रकाश वर्मा का सभी वर्गों में अच्छा प्रभाव है। ज्यादातर लोग उनके कार्यशैली से प्रभावित हैं सूत्रों की माने तो भाजपा ने पूरा दमखम लगाकर उनको अपने खेमे में लाने का प्रयास किया अंत में चंद्रप्रकाश वर्मा बीजेपी में शामिल हो ही गए।

## राजसभा सांसद के नेतृत्व में किसान अन्नदाता सम्मेलन का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** किसान अन्नदाता मोर्चा सम्मेलन के रूप में स्थान सुहेलदेव राजभर पार्क, मुख्य अतीथ बाबूराम निषाद राज सभा सांसद व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी रितेश पांडे जी पूर्व मंत्री अशोक पांडे, संचालन किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष राज किशोर राजभर ने एक बैठक किया। सभा को अन्य नेताओं भी संबोधित किया कपिल देव वर्मा, मिथिलेश त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह टिल्लू, साधू वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष, आदि नेताओं ने। भाषा प्रतिदिन रितेश पांडे ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि गरीब मजलूम दलित तथा अन्य लोगों का विकास केवल भाजपा सरकार ही कर सकती है पूर्व की सरकारों ने केवल लूटने का काम किया है समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ छल किया है जनता उन्हें पूरी तरह से नकार रही है आने वाली 25 तारीख को अपना अमूल्य मत भाजपा को देकर अपना और अपने परिवार तथा तीन अन्य परिवारों के साथ वोटिंग करें भाजपा के पक्ष में और नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत राष्ट्र के सपने को साकार करें विपक्ष के लोगों से सावधान रहें इसी प्रयास में है कि जो कल्याणकारी योजनाएं आप लोगों को मिल रही है उस पर ताला लगाया जाए। आप को सावधान रहकर भाजपा के पक्ष में वोट करना है उक्त बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह टिल्लू, पिछड़ा वर्ग के क्षेत्रीय नेता शिवनायक वर्मा, पूर्व विधायक संजू देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष मैथिली त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा ब्लॉक प्रमुख बसखारी संजय सिंह, किछौछा अध्यक्ष ओमकार गुप्ता, विधानसभा प्रभारी संजयसिंह, विधानसभा संयोजक रमेश चंद्र गुप्ता क्षेत्रीय के संयोजक रामसूरत मौर्या, विमलेंद्र सिंह मोनू, मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष तेजस्वी जायसवाल, अशोक विश्वकर्मा, राकेश यादव ब्लॉक प्रमुख गोंडा आशीष मिश्रा मनोज यादव, ज्योति सिंह माधुरी राजभर, गौतम उपाध्याय, रिंकू गौड, मुबारकपुर सभासद आशीष यादव, पूजा, ओमकार बाबा, आकाश गुप्ता एवं किसान मोर्चा सभी वरिष्ठ नेता सहित तमाम लोग सभा में उपस्थित थे।

## अधर्म के विनाश एवं धर्म की स्थापना के लिए हुआ श्री कृष्ण का अवतार : सूर्यकांताचार्य

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** सदर विकास क्षेत्र के बंतला गाव में आयोजित भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक अयोध्या धाम से पधारे पंडित सूर्यकांताचार्य जी महराज ने कथा को विस्तार देते हुए कहा कि अजामिल एक दिन वेश्या को देखकर मोहित हो गया और उसे पत्नी बना लिया धीरे-धीरे उसने धर्म और भगवान को भी मानना बंद कर दिया।

एक दिन महात्माओं के कहने से अपने पुत्र का नाम नारायण रख दिया और मरते समय पुत्र नारायण को पुकारा तो साक्षात भगवान के दूत आ गए और यम दूतों को डाट कर भगा दिया और नारायण नाम के प्रभाव से अजामिल यम यातना से बच गया। कथा को विस्तार देते कहा कि कोई व्यक्ति भगवान का नाम चाहे वह भाव से ले या कुभाव से, क्रोध से आलस्य या भय से ही क्यों न जप करे तब भी उसका कल्याण होता है। महराज जी ने समुंद्र मंथन भगवान वामन के अवतार तथा रघुवंश एवं यदुवंश की विस्तार पर चर्चा किया। वामन अवतार की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान ने राजा बलि से दान में तीन ही पग मांगा। प्रभु ने पहले पग में राजा बलि का मन नापा,तो दूसरे में पूरी सृष्टि यानी धन को नाप दिया। जब तीसरे पग की बारी आई, तो राजा बलि भी मूक हो गए। तब राजा बलि की पत्नी ने अपना तन भगवान को अर्पित कर देने की बात कही। इस तरह राजा बलि ने तन, मन व धन भगवान के चरणों में अर्पित कर दिया। साथ ही साथ झांकी निकाल कर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान हनुमान प्रसाद शुक्ल काका, प्रमोद पांडेय, अभिषेक दुबे, रविंद्र शुक्ल, योगेंद्र शुक्ल, धर्मेन्द्र शुक्ल, लक्ष्मी शंकर शुक्ल, शुक्ल,आद्या शुक्ल, श्वेतांगी शुक्ला, अकांक्षा शुक्ला,रविशा शुक्ला, आलोक शुक्ला,आदर्श शुक्ला सम्राट, मदन शुक्ल, फूल चंद्र शुक्ल, धीरेन्द्र शुक्ला, विश्वनाथ शर्मा, विपिन सिंह, राम रक्षा विश्वकर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## हंगामा क्यों बरपा है

इस समय वैमानिकी क्षेत्र में हर तरफ हंगामा है। मालिक और कम्पनियों में विलयका हंगामा है, कमर्चरियों में हर कम्पनी में मिलने वाले वेतन, सेवाशर्तो, विभिन्न सेवा संस्कृति को लेकर हंगामा है। यात्रियों में कर्मचारियों के हड़ताल से बैकल्पिक विमान सेवा न मिल पाने और ऊंचे किराये को लेकर हंगामा है। टाटा ग्रुप अपनी चार कम्पनियों एयर इन्डिया एक्स प्रेस और एआईएक्स तथा विस्तारा और एयर इन्डिया के विलय में लगी हुई है।

एयर इन्डिया एक्सप्रेस कैरियर्स एचआर पालसी में लाये जा रहे परिवर्तन का विरोध कर रही है। सीनियर केबिन क्रु अपने के हटा लिया है। कैरियर नेटवर्क में अव्यवस्था आ गयी है। उड़ाने रद्द हो रही है। कुछ रोज पहले एयर इन्डिया के कर्मचारियों ने एयर इन्डिया चेयरमैन को प्रबन्धक को लेकर और व्योहार में कर्मचारियों से भेदभाव करने का पत्र लिखा था। इसे लेकर एयर इन्डिया एक्सप्रेस ने सीनियर केबिन के कुछ सदस्यों की सेवायें समाप्त कर दी। एयर इन्डिया प्रबन्धक मामले के जांच करने का आश्वासन देकर हड़ताल खत्म कराई। सहयोगी कम्पनी एयर इन्डिया एयर इन्डिया एक्सप्रेस की मदद कर रही है पर एक बार 85 उड़ाने कैन्सिल करनी पड़ी थी। दूसरे दिन 80 फ्लाइटे कैन्सिल हुई थी। यात्रियों की परेशानी समझी जा सकती है। क्योकि उन्हें कोई हवाई विकल्प नहीं मिल रहा था। अप्रैल में ग्रुप कम्पनी विस्तारा ने पायलटों के छुट्टी पर चले जाने की वजह से 150 फ्लाइटे कैन्सिल कर दी थी। चूकि विलय हो रही कम्पनियों में सैलरी स्ट्रक्चर, की रीबैलेन्सिग का काम होना है जो विजनिस डेसिजन ग्रुप का आन्तरिक मामला है। पर इसका असर उड़ानों पर पड़ रहा है भुगत यात्री रहे है। दिन पर दिन विमान यात्रा बढ़ता जा रहा है पर विमानों की संख्या कम होती जा रही है। जनवरी मार्च की तिमाही में डोमेस्टिक एवीएशन मार्केट में 90 प्रतिशत हिस्से पर इन्डिगों और टाटा ग्रुप एयरलायन्स का कब्जा दिखता है। एवियेशन मार्केट पर दो बड़े खिलाड़ियों का वर्चस्व के लिये प्रतिस्पर्ध गला काट है। कम्पटीशन के लिहाज से यह शुभ नहीं है। विमान किराया के बढ़ोत्तरी पर कम्पनियों की मनमानी चल रही है। ग्राहकों के लिहाज से यह अच्छी स्थिति नहीं है। क्योकि किराया कम होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे है। ऊंचे किराये और मुनाफा के तगड़ी सम्भावना की वजह से यात्रियों को हो रही परेशानी की स्थिति को स्वीकार करना नामुमकिन है। एवीयेशन रेगुलेटर डीजीसीए को कम्पनियों से यह सुनिश्चित करवाना चाहिये। कम्पनियों की आपसी प्रतिस्पर्धा क्रू की हड़ताल आदि से यात्रियों को परेशानी में न डाला जाये। कम्पनियों और क्रू का आपसी मामला है। दोनो के बीच यात्रियों को पीसना बन्द किया जाये। उडाने रद्द होती है तो कम्पनियों पर शर्त लगाई जाय वे बैकल्पिक व्यवस्था यात्रियों के लिये करें। इस तरह की लड़ाई और प्रतिस्पर्धा में एवीपेशन में कोई नयापन ला पाना नामुकिन है। स्वच्छा प्रतिस्पर्धा और यात्रियों का हित ही सर्वापरि होना चाहिये। प्रबन्धन बदलाव को स्मूथ बनाये। विलय को बाधारहित बनाये। इनका आपसी तनाव यात्रियों के लिये परेशानियां पैदा करने से बाज आये। हंगामा की स्थिति हर हालत में बन्द होनी चाहिये।

मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। 'मां' शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं।

# प्रेम का आदि उद्गम स्थल है मातृत्व

मातृ दिवस-समाज में माताओं के प्रभाव व सम्मान का वैश्विक उत्सव है जो माताओं और मातृतुल्य विभूतियों का सम्मान करता है, माताओं के द्वारा अपनी संतान, परिवार और समाज के लिए उनके बलिदान, अमूल्य योगदान और समर्पण को याद करने, सम्मान देने एवं पूजने का पवित्र दिन है। मातृत्व दिवस सम्पूर्ण मातृ-शक्ति को समर्पित एक महत्वपूर्ण दिवस है, जिसे मदर्स डे, मातृ दिवस या माताओं का दिन चाहे जिस नाम से पुकारें यह दिन सबके मन में विशेष स्थान लिये हुए है। अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस अन्ना जार्विस द्वारा स्थापित किया गया था, जो उनकी अपनी मां के मानवीय कार्यों के प्रति समर्पण से प्रेरित था, 1914 में राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने आधिकारिक तौर पर अमेरिका में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे के रूप में नामित किया, जिसे बाद में अन्य देशों ने अपनाया। मां के उपकार इतने बड़े है कि इंसान अगर पूरी जिंदगी भी समर्पित कर दे तो मां के ऋण से उऋण नहीं हो सकता है। संतान के लालन-पालन के लिए हर दुख का सामना बिना किसी शिकायत के करने वाली मां के साथ बिताये दिन सभी के मन में आजीवन सुखद व मधुर स्मृति के रूप में सुरक्षित रहते हैं।


ललित गर्ग

विश्व के विभिन्न भागों में मातृत्व दिवस अलग-अलग दिन एवं अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है। जापान में, माताओं को उपहार में दिया गया कार्नेशन प्यार और कृतज्ञता का प्रतीक है, जबकि इथियोपिया के परिवार बड़े उत्सव की दावतों के लिए इकट्ठा होते हैं। नेपाल में माता तीर्थ औंसी नामक एक विशेष धार्मिक त्योहार मनाया जाता है। मदर्ड डे का इतिहास करीब 400 वर्ष पुराना है। प्राचीन ग्रीक और रोमन इतिहास में मदर्स डे मनाने का उल्लेख है। भारतीय संस्कृति में मां के प्रति लोगों में अगाध श्रद्धा रही हैं, लेकिन आज आधुनिक दौर में जिस तरह से मदर्स डे मनाया जा रहा है, उसका इतिहास भारत में बहुत पुराना नहीं है। इसके बावजूद तीन-चार दशक से भी कम समय में भारत में मदर्स डे काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।

मां शब्द में संपूर्ण सृष्टि का बोध होता है। 'मां' शब्द में वह आत्मीयता एवं मिठास छिपी हुई होती है, जो अन्य किसी शब्दों में नहीं होती। मां नाम है संवेदना, भावना और अहसास का। मां के आगे सभी रिश्ते बौने पड़ जाते हैं। मातृत्व की छाया में मां न केवल अपने बच्चों को सहेजती है बल्कि आवश्यकता पड़ने पर उसका सहारा बन जाती है। समाज में मां के ऐसे उदाहरणों की कमी नहीं है, जिन्होंने अकेले ही अपने बच्चों की जिम्मेदारी निभाई। कवि रॉबर्ट ब्राउनिंग ने मातृत्व को परिभाषित करते हुए कहा है- सभी प्रकार के प्रेम का आदि उद्गम स्थल मातृत्व है और प्रेम के सभी रूप इसी मातृत्व में समाहित हो जाते हैं। प्रेम एक मधुर, गहन, अपूर्व अनुभूति है, पर शिशु के प्रति मां का प्रेम एक स्वर्गीय अनुभूति है। हर संतान अपनी मां से ही संस्कार पाता है। लेकिन मेरी दृष्टि



में संस्कार के साथ-साथ शक्ति भी मां ही देती है। इसलिए हमारे देश में मां को शक्ति का रूप माना गया है और वेदों में मां को सर्वप्रथम पूजनीय कहा गया है। श्रीमद् भगवद् पुराण में उल्लेख मिलता है कि माता की सेवा से मिला आशीष सात जन्मों के कष्टों व पापों को दूर करता है और उसकी भावनात्मक शक्ति संतान के लिए सुरक्षा कवच का काम करती है। प्रख्यात वैज्ञानिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने मां की महिमा को उजागर करते हुए कहा है कि जब मैं पैदा हुआ, इस दुनिया में आया, वो एकमात्र ऐसा दिन था मेरे जीवन का जब मैं रो रहा था और मेरी मां के चेहरे पर एक सन्तोषजनक मुस्कान थी।' एक माँ हमारी भावनाओं के साथ कितनी खूबी से जुड़ी होती है, ये समझाने के लिए उपरोक्त पंक्तियां अपने आप में सम्पूर्ण हैं।

अब्राहम लिंकन का मां के बारे में मार्मिक कथन है कि जो भी मैं हूँ, या होने की उम्मीद है, मैं उसके लिए अपने प्यारी माँ का कर्जदार हूँ। किसी औलाद के लिए 'माँ' शब्द का मतलब सिर्फ पुकारने या फिर संबोधित करने से ही नहीं होता बल्कि उसके लिए माँ शब्द में ही सारी दुनिया बसती है, दूसरी ओर संतान की खुशी और उसका सुख ही माँ के लिए उसका संसार होता है। क्या कभी आपने सोचा है कि ठोकर लगने पर या मुसीबत की घड़ी में माँ ही क्यों याद आती है क्योंकि वो माँ ही होती है जो हमें तब से जानती है जब हम अजन्में होते हैं। बचपन में हमारा रातों का जागना, जिस वजह से कई रातों तक माँ सो भी नहीं पाती थी। वह गिले में सोती और हमें सूखे में सुलाती। जितना माँ ने हमारे लिए किया है उतना कोई दूसरा कर ही नहीं सकता। जाहिर है माँ के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक दिन नहीं बल्कि एक सदी, कई सदियां भी कम है। माँ अपने आप में पूर्ण संस्कारवान, मनुष्यत्व व सरलता के गुणों का सागर है। माँ जन्मदात्री ही नहीं, बल्कि पालन-पोषण करने वाली जीवन-निर्मात्री भी है। मां तो ममता की सागर होती है। लेकिन माँ की इस ममता को नहीं समझने वाले कुछ आधुनिक बच्चे यह भूल बैठते हैं कि इनके पालन-पोषण के दौरान इस माँ ने कितनी कठिनाइयां झेली होगी।

मां के अंदर प्रेम की पराकाष्ठा है या यूं कहें कि मां ही प्रेम की पराकाष्ठा है। प्रेम की यह चरमता केवल माताओं में ही नहीं, वरन् सभी मादा जीवों में देखने को मिलती है। अपने बच्चों के लिए भोजन न मिलने पर हवासिल (पेलिकन) नाम की जल-पक्षिनी अपना पेट चीर कर अपने बच्चों को अपना रक्त-मांस खिला-पिला देती है। किन्तु त्याग की यह चरमता ही मां अर्थात् नारी जाति की शत्रु बन गयी। समाज पुरुष प्रधान होता गया और नारी का अवमूल्यन होता गया। धीरे-धीरे वह पुरुष की उपभोग्या, उसके 'चरणों की दासी' बनकर रह गयी। शिक्षा-आत्मसम्मान वंचिता दासी की संतति महान कैसे हो सकती है? उसमें तो दास सुलभ चारित्रिक प्रवृत्तियां आएंगी ही। अतः नारी के अवमूल्यन के साथ-साथ पुरुष जाति का नैतिक अधःपतन होता गया।

मां प्राण है, मां शक्ति है, मां ऊर्जा है, मां प्रेम, करुणा और ममता का पर्याय है। मां धरती पर जीवन के विकास का आधार है। मां ने ही अपने हाथों से इस दुनिया का ताना-बाना बुना है। सभ्यता के विकास क्रम में आदिमकाल से लेकर आधुनिककाल तक इंसानों के आकार-प्रकार में, रहन-सहन में, सोच-विचार, मस्तिष्क में लगातार बदलाव हुए। लेकिन मातृत्व के भाव में बदलाव नहीं आया। मां को धरती पर विधाता की प्रतिनिधि कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। सच तो यह है कि मां विधाता से कहीं कम नहीं है। मां एक भाव है मातृत्व का, प्रेम और वात्सल्य का, त्याग का और यही भाव उसे विधाता बनाता है। मां विधाता की रची इस दुनिया को फिर से अपने ढंग से रचने वाली विधाता है। मां सपने बुनती है और यह दुनिया उसी के सपनों को जीती है और भोगती है। मां जीना सिखाती है। पहली किलकारी से लेकर आखिरी सांस तक मां अपनी संतान का साथ नहीं छोड़ती। मां पास रहे या न रहे मां का प्यार दुलार, मां के दिये संस्कार जीवन भर साथ रहते हैं। मां ही अपनी संतानों के भविष्य का निर्माण करती हैं। इसीलिए मां को प्रथम गुरु कहा गया है। इसलिए यह आवश्यक है कि मातृत्व के भाव पर नारी मन पर किसी दूसरे भाव का असर न आए।

## माँ के चरणों में मिलता है स्वर्ग

आज मातृ दिवस है, एक ऐसा दिन जिस दिन हमें संसार की समस्त माताओं का सम्मान और सलाम करना चाहिये। वैसे माँ किसी के सम्मान की मोहताज नहीं होती, माँ शब्द ही सम्मान के बराबर होता है, मातृ दिवस मनाने का उद्देश्य पुत्र के उत्थान में उनकी महान भूमिका को सलाम करना है। श्रीमद भागवत गीता में कहा गया है कि माँ की सेवा से मिला आशीर्वाद सात जन्म के पापों को नष्ट करता है। यही माँ शब्द की महिमा है। असल में कहा जाए तो माँ ही बच्चे की पहली गुरु होती है एक माँ आधे संस्कार तो बच्चे को अपने गर्भ में ही दे देती है यही माँ शब्द की शक्ति को दर्शाता है, वह माँ ही होती है पीड़ा सहकर अपने शिशु को जन्म देती है। और जन्म देने के बाद भी मां के चेहरे पर एक संतोषजनक मुस्कान होती है इसलिए माँ को सनातन धर्म में भगवान से भी ऊँचा दर्जा दिया गया है। 'माँ' शब्द एक ऐसा शब्द है जिसमे समस्त संसार का बोध होता है। जिसके उच्चारण मात्र से ही हर दुख दर्द का अंत हो जाता है। 'माँ' की ममता और उसके आँचल की महिमा को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है, उसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। रामायण में भगवान श्रीराम जी ने कहा है कि ' जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी।' अर्थात, जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है। कहा जाए तो जननी और जन्मभूमि के बिना स्वर्ग भी बेकार है क्योंकि माँ कि ममता कि छाया ही स्वर्ग का एहसास कराती है। जिस घर में माँ का सम्मान नहीं किया जाता है वो घर नरक से भी बदतर होता है, भगवान श्रीराम माँ शब्द को स्वर्ग से बढ़कर मानते थे क्योंकि संसार में माँ नहीं होगी तो संतान भी नहीं होगी और संसार भी आगे नहीं बढ़ पाएगा। संसार में माँ के समान कोई छाया नहीं है। संसार में माँ के समान कोई सहारा नहीं है। संसार में माँ के समान कोई रक्षक नहीं है और माँ के समान कोई प्रिय चीज नहीं है। एक माँ अपने पुत्र के लिए छाया, सहारा, रक्षक का काम करती है। माँ के रहते कोई भी बुरी शक्ति उसके जीवित रहते उसकी संतान को छू नहीं सकती। इसलिए एक माँ ही अपनी संतान की सबसे बडी रक्षक है। दुनिया में अगर कहीं स्वर्ग मिलता है तो वो माँ के चरणों में मिलता है। जिस घर में माँ का अनादर किया जाता है, वहाँ कभी देवता वास नहीं करते। एक माँ ही होती है जो बच्चे कि हर गलती को माफ कर गले से लगा लेती है। यदि नारी नहीं होती तो सृष्टि की रचना नहीं हो सकती थी। स्वयं ब्रह्मा, विष्णु और महेश तक सृष्टि की रचना करने में असमर्थ बैठे थे। जब ब्रह्मा जी ने नारी की रचना की तभी से सृष्टि की शुरूआत हुई। बच्चे की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी चुनौती का डटकर सामना करना और बड़े होने पर भी वही मासूमियत और कोमलता भरा व्यवहार ये सब ही तो हर 'माँ' की मूल पहचान है। दुनिया की हर नारी में मातृत्व वास करता है। बेशक उसने संतान को जन्म दिया हो या न दिया हो। नारी इस संसार और प्रकृति की 'जननी' है। नारी के बिना तो संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस सृष्टि के हर जीव और जन्तु की मूल पहचान माँ होती है। अगर माँ न हो तो संतान भी नहीं होगी और न ही सृष्टि आगे बढ पाएगी। इस संसार में जितने भी पुत्रों की मां हैं, वह अत्यंत सरल रूप में हैं। कहने का मतलब कि मां एकदम से सहज रूप में होती हैं। वे अपनी संतानों पर शीघ्रता से प्रसन्न हो जाती हैं। वह अपनी समस्त खुशियां अपनी संतान के लिए त्याग देती हैं, क्योंकि पुत्र कुपुत्र हो सकता है, पुत्री कुपुत्री हो सकती है, लेकिन माता कुमाता नहीं हो सकती। एक संतान माँ को घर से निकाल सकती है लेकिन माँ हमेशा अपनी संतान को आश्रय देती है। एक माँ ही है जो अपनी संतान का पेट भरने के लिए खुद भूखी सो जाती है और उसका हर दुख दर्द खुद सहन करती है। लेकिन आज के समय में बहुत सारे ऐसे लोग हैं जो अपने मात-पिता को बोझ समझते हैं। और उन्हें वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर करते हैं। ऐसे लोगों को आज के दिन अपनी गलतियों का पश्चाताप कर अपने माता-पिताओं को जो वृद्ध आश्रम में रह रहे हैं उनको घर लाने के लिए अपना कदम बढ़ाना चाहिए। क्योंकि माता-पिता से बढ़कर दुनिया में कोई नहीं होता। माता के बारे में कहा जाए तो जिस घर में माँ नहीं होती या माँ का सम्मान नहीं किया जाता वहाँ दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती का वास नहीं होता। हम नदियों और अपनी भाषा को माता का दर्जा दे सकते हैं तो अपनी माँ से वो हक क्यों छीन रहे हैं। और उन्हें वृद्धाश्रम भेजने को मजबूर कर रहे है। यह सोचने वाली बात है। माता के सम्मान का एक दिन नहीं होता। माता का सम्मान हमें 365 दिन करना चाहिए।


ब्रह्मानंद राजपूत

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# धरती पर भगवान का रूप होती है माँ

मां के गहरे असीम प्यार को हम करीबी से महसूस कर सकते हैं, जिनके घर में छोटे दूध मुहें बच्चे हैं, तो हम देखेंगे की उस मां का अपने बच्चों पर कितना केयर रहता है।अपना पूरा समय वह बच्चों केलालन पोषण में लगा देती है, क्योंकि वह मां बच्चे के रोनें या नहीं सोने पर सारी रात आंखों में कांटे डालकर जैसे तैसे बिता देता है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे घर में अभी दो छोटे बच्चे हैं, कुमार और रूहान जिनकी परवरिश उनकी माएं कर रही है, तो एक मां और एक बच्चे की परवरिश की गहराई का एहसास मुझे होता है।

वैश्विक स्तरपर पृथ्वी की 84 लाख योनियों में से अगर दो जीवों के जीवन के अनमोल अद्वितीय व दिल से जुड़े अनमोल रिश्ते के बारे में अगर मुझसे पूछा जाए तो मैं जवाब दूंगा, माँ और उसका बच्चा।वाकई मेरा मानना है कि शायद हर व्यक्ति का जवाब यही होगा,क्योंकि एक माँ ही है, जो अपने बच्चों पर मातृत्व प्रेम का असीम खजाना लुटा देती है। अगर हर व्यक्ति अपने बचपन से आज तक के पलों को याद करे तो उसे यही महसूस होगा। आज जिसके पास इस पृथ्वी पर माँ हयात यानें जीवित है, वह मांका प्यार वात्सल्य पा रहा है, तो सचमुच उससे अधिक भाग्यशाली जीव इस पृथ्वी पर नहीं होगा। आज हम यह जानने की कोशिशभी नहीं करेंगे कि माँ दिवस कब से और क्यों मनाना शुरू हुआ। बल्कि हमें सिर्फ यह याद रखना है कि 12 मई तो क्या साल के 365 दिन ही मां दिवस है।क्योंकि मांहमारी भगवान है, दूसरा इसके बिना जीवन शून्य है। मां और बच्चे का अनमोल रिश्तों के पल मानवीय जीव को ही नहीं पृथ्वी की सभी 84 लाख योनियों के प्राणियों में अगर देखा जाए तो हमें इस रिश्ते के महत्व को करीब सेसमझेंगे। मसलन एक गाय कुत्ता बिल्ली सहित ऐसे पालतू जीवों के अगर छोटे से बच्चों को अगर हम द्वेष भावना से क्लेश से हाथ लगाएंगे या कहीं ले जाएंगे तो उनकी मां हम पर झपटा मारेगी, हमला करेगी! यह है माँ। मैं अगर माँ के साथ में अपनी सच्चाई बताऊं तो 20 नवंबर 2020, धनतेरस के दिन से मैं अपनी मां के प्यार से वंचित हो गया हूं क्योंकि इसी दिन मेरी आंखों के सामने मेरी मां को साइलेंट अटैक आया था और मेरे नजरों के सामने, मेरे से बात करते हुए, मैन दुनियां से ओझल होते हुए अपनी आंखों से देखा था वह पल मैं जिंदगी में कभी नहीं भूल पाऊंगा और हमेशा सोचता हूं, चिट्ठी ना कोई संदेश ना जाने कौनसा देश जहां तुम चले गए, इसीलिए ही कहता हूं जिनके पास माँ है वह जीवन में भाग्यशाली जीव है। मां के गहरे असीम प्यार को हम करीबी से महसूस कर सकते हैं, जिनके घर में छोटे दूध मुहें बच्चे हैं, तो हम देखेंगे की उस मां का अपने बच्चों पर कितना केयर रहता है।अपना पूरा समय वह बच्चों केलालन पोषण में लगा देती है, क्योंकि वह मां बच्चे के रोनें या नहीं सोने पर सारी रात आंखों में कांटे डालकर जैसे तैसे बिता देता है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे घर में अभी दो छोटे बच्चे हैं, कुमार और रूहान जिनकी परवरिश उनकी माएं कर रही है, तो एक मां और एक बच्चे की परवरिश की गहराई का एहसास मुझे होता है। मेरा मानना है कि जो मानवीय जीव अपनी मां का अपमान करते हैं उसे दुख देते हैं, घर से निकाल देते हैं या माँ की शान में कोई कृत्य करते हैं, तो उनसे बड़ा पापी इस पृथ्वी पर कोई नहीं है उनसे बड़ा कोई दुराचारी नहीं है, उनको इस योनि में उनके इस कृत्य का हज़ार गुणा फल जरुर मिलेगा ऐसा मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि हर व्यक्ति ने अपनी मां का सम्मान करते हुए मां दिवस 12 मई 2024 को पूरा दिन मां के


किशन भावनानी



साथ बिताना चाहिए, उसकी छत्रछाया में उसके चरणों में बैठकर उनसे वार्तालाप करना, खेलना हंसमुख मजाक कर उन्हें खुशी देना चाहिए, फिर ब माँ को और क्या चाहिए। अगर उसकी औलाद उनको खुशियां देती है तो मां के मुख से ऐसी दुआएं निकलती है जो उन बच्चों का यह लोक तो क्या परलोक भी सवेरा हो जाता है। अपने बारे में मुझे ऐसा पूरा विश्वास है कि 12 मई 2024 को अदृश्य रूप से ही सही मेरी मां जरूर आएगी, क्योंकि मैंने मन से कह दिया है माँ तुम्हारे साथ मैं माँ दिवस मनाना चाहता हूं आ जाओ इस लोक में या फिर बुला लो परलोक में। चूंकि मां की गोद एक शरण स्थान है, जहां हमें सुकून मिलता है, सभी दुखों का इलाज होता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे माँ धरती पर भगवान का रूप होती है माँ का स्थान हमारे जीवन में अद्वितीय होता है।

साथियों बात अगर हम माँ की करें तो, हम में से हर कोई अपनी मां से सबसे ज्यादा जुड़ाव महसूस करता है। ये जीवन की शुरुआत से होता है और जीवन के अंत तक बना रहता है। मां हर किसी के लिए वो खास इंसान होती है जिससे एक बच्चा अपने जीवन की शुरुआती गुण सीखता है। हम बड़े हो जाते हैं मां बूढ़े होने लगती है और फिर इस व्यस्त जीवन में हम मां के पास ही लौटना भूल जाते हैं। ऐसे ही लोगों के लिए अपने मां के पास लौटने का दिन है मां दिवस। इसे मानने की शुरुआत भी ऐसी ही कहानी से हुई थी। माँ के प्यार की कोई सीमा नहीं होती, वह हमेशा हमारे साथ होती है, चाहे हम कितने भी दूर हों। उनकी गोद एक शरणस्थान है,जहाँ हमें सुकून मिलता है और सभी दुखों का इलाज होता है। माँ हमारी दुआ होती है, हमारी सबसे अच्छी मित्र होती है और हमारी अनमोल सम्पत्ति होती है।कई बार हम ये भूल जाते हैं कि हमारी माँ भी इंसान हैं, उनकी भी अपनी इच्छाएं और ख्वाहिशें होती हैं। शायद वो कभी घूमने जाना चाहती थीं, या कोई नया शौक अपनाना चाहती थीं, लेकिन उन्होंने हमारी परवरिश के लिए अपने सपनों को त्याग दिया। मां दिवस 12 मई के इस अवसर पर, आइए हम ये ज़रूर करें कि हम उनकी ख्वाहिशों को जानने की कोशिश करें और उन्हें पूरा करने में उनकी मदद करें। अपनी माँ के साथ थोड़ा वक्त बिताएं, उनकी पसंद की फिल्म देखें, या उनकी पसंद का खाना बनाकर उन्हें स्पेशल फील कराएं। यकीन मानिए, ये छोटी-छोटी चीज़ें ही उन्हें सबसे ज्यादा खुशी देंगी। माँ शब्द जितना छोटा है, उसका महत्व उतना ही ज्यादा है। दुनियां की हर एक मां को समर्पित है मातृ दिवस। मां की दुआएं हमारी मुसीबतों से इस कदर टकराती हैं, जमाने की हर बलाए उनके काले टीके से घबराती हैं। किसी ने हमसे पूछा स्वर्ग कहां है, हमने मुस्कुराते हुए कहा, जिसके घर में मां है वो जगह स्वर्ग है!माँ के प्यार से ज्यादा कुछ नहीं अनमोल होता है।

साथियों बात अगर हम माँ दिवस 12 मई को मनाने की करें तो, मातृ दिवस के इस शुभ अवसर पर, मैं अपनी माँ के बारे में कुछ शब्द कहना चाहता हूँ। माँ वह स्तंभ हैं जो हमारे परिवार को संभालती हैं। वो सुबह जल्दी उठकर रात देर तक काम करती हैं ताकि हम खुश रह सकें। वो न सिर्फ हमारे भोजन का ध्यान रखती हैं बल्कि हमारे अच्छे संस्कारों का भी ध्यान रखती हैं। कभी-कभी हम उनकी बातों को नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन उनकी हर बात हमारे भले के लिए ही होती है। इस मौके पर, मैं अपनी माँ से माफी माँगता हूँ उन सब लम्हों के लिए जब मैंने उन्हें दुखी किया और उनका शुक्रिया अदा करता हूँ उनके हर त्याग के लिए। मां दिवस हर इंसान के लिए एक विशेष दिन है क्योंकि यह हमें हमारी एकमात्र दुनिया (माँ) को उसके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद कहने का मौका देता है जो उसने पूरी जिंदगी दी है।अपने विचारों को ऐसे शब्दों की भाषा में पिरोना चाहता हूं ताकि दूर गगन में बैठी मेरी माँ सुन सकें और मेरे जीवन में उनके महत्व को महसूस कर सकें। मां दिवस के इस शुभ अवसर पर, दूर गगन में बैठी और मां दिवस पर अदृश्य रूप से मेरे सामने आई अपनी माँ के बारे में कुछ शब्द कहना चाहता हूँ कि आज भी मैं हर जगह हर स्थिति में चाहे वह खुशी हो या गम तुम्हारा साथ मैं महसूस कर रहा हूं मां दिवस पर हे मां तुझे प्रणाम वंदन।

# खबर यह नहीं कि मोदी जी ने झूठ बोला

**योगेन्द्र यादव**

एक सज्जन साथ खड़े हमारी बात सुन रहे थे। उन्होंने झिझकते हुए दखल दिया, 'मैं आप दोनों की बात सुन रहा था। आप दोनों कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने चुनावी सभा में एक झूठ बोला है। लेकिन मैंने अभी व्हाट्सएप पर एक क्लिप देखी। मैंने अपने कानों से सुना कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपने मुंह से मुसलमानों का नाम ले रहे थे और कह रहे थे कि इस देश के संसाधनों पर उनका पहला अधिकार होना चाहिए। यह भाषण बहुत पुराना था और इसका जिक्र करना जरूरी नहीं था, लेकिन आप इसे झूठ क्यों बताते हैं?' मेरे दोस्त हमारी बातचीत में इस खलल से खुश नहीं थे, लेकिन मुझे जरूरी लगा कि इस सवाल का जवाब दिया जाए।

'खबर यह नहीं है कि मोदी जी ने झूठ बोला। असली खबर यह है कि झूठ की परतों के नीचे से सच निकल आया और मोदी जी को सार्वजनिक मंच से सच को मानना पड़ा।' मैंने अपने मित्र से कहा। वह अभी-अभी यू-ट्यूब पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बांसवाड़ा में दिया चुनावी भाषण सुन कर आ रहे थे। उद्विग्न थे, उत्तेजित भी। छूटते ही मुझसे बोले, ''आपने सुना प्रधानमंत्री ने क्या बोला? इतनी बड़ी कुर्सी पर बैठा आदमी इतनी घटिया बात कैसे बोल सकता है? एक प्रधानमंत्री अपने से पिछले प्रधानमंत्री के बयान पर इतना सफेद झूठ कैसे बोल सकता है? अपने देश के ही लोगों के खिलाफ इस तरह नफरत कैसे फैला सकता है? आप लोगों को इसके खिलाफ कुछ करना चाहिए। मुसलमानों के खिलाफ द्वेष और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के खिलाफ झूठ का खंडन करना चाहिए।'' उनकी बात में पीड़ा के साथ मासूमियत भी टपक रही थी।

मेरा जवाब सुनकर वे संतुष्ट नहीं हुए। बोले, 'कमाल है, प्रधानमंत्री का झूठ बोलना खबर क्यों नहीं है? और वह असली खबर कौन-सी है जो बाहर निकल आई? आप पहेलियां मत बुझाइए, सीधी-सीधी बात मुझे बताइए।' मैंने कहा, 'भाई, न्यूज तो उसे कहा जाता है न जिसमें कुछ न्यू हो? खबर उस बात की बनती है जिसमें कुछ नयापन हो। अब आप ही बताइए, मोदी जी ने झूठ बोला, इसमें नई बात क्या है? हां, अगर हमारे मीडिया में हिम्मत होती तो वह ऐसी खबर बना सकता था जैसी अमरीका में न्यूयार्क टाइम्स राष्ट्रपति ट्रम्प के बारे में चलाया करता था-आज ट्रम्प ने इस चुनावी अभियान का 26वां झूठ बोला।'

एक सज्जन साथ खड़े हमारी बात सुन रहे थे। उन्होंने झिझकते हुए दखल दिया, 'मैं आप दोनों की बात सुन रहा था। आप दोनों कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री ने चुनावी सभा में एक झूठ बोला है। लेकिन मैंने अभी व्हाट्सएप पर एक क्लिप देखी। मैंने अपने कानों से सुना कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपने मुंह से मुसलमानों का नाम ले रहे थे और कह रहे थे कि इस देश के संसाधनों पर उनका पहला अधिकार होना चाहिए। यह भाषण बहुत पुराना था और इसका जिक्र करना जरूरी नहीं था, लेकिन आप इसे झूठ क्यों बताते हैं?' मेरे दोस्त हमारी बातचीत में इस खलल से खुश नहीं थे, लेकिन मुझे जरूरी लगा कि इस सवाल का जवाब दिया जाए। 'इस प्रधानमंत्री ने एक नहीं बल्कि एक ही सांस में तीन झूठ बोले। पहला झूठ यह कि डॉक्टर मनमोहन सिंह ने कहा था कि मुसलमानों का देश के संसाधनों पर पहला अधिकार होना चाहिए। आप जिस 10 सैकेंड की क्लिप को देखकर आए हैं वह भाजपा के मीडिया सैल वालों ने उनके भाषण के एक पैरा के अंतिम दो वाक्य काटकर बनाई है।

यह भाषण तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह ने 2006 में दिया था जिसमें उन्होंने



देश के विकास में हाशियाग्रस्त समूहों को उचित अधिकार मिलने की बात दोहराई थी। जिस पैरा से वह क्लिप काटी गई है उसमें वे सभी वंचित वर्गों-दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों, खासतौर पर मुसलमानों-का नाम लेते हैं और कहते हैं कि देश के संसाधनों पर इन सब वर्गों का पहला हक होना चाहिए। यह कुछ वैसी ही बात हुई जैसी कि महात्मा गांधी ने अपने ताबीज मंत्र में कही थी। बस संयोग यह था कि उन्होंने पहले इन सब वर्गों को गिनाने के बाद अंतिम पंक्ति में अल्पसंख्यकों, खास तौर पर मुसलमानों का नाम लिया था। बस दो वाक्यों को जोड़ कर भाजपा ने यह दुष्प्रचार शुरू किया कि वे केवल मुसलमानों के लिए बोल रहे थे।

उनके चेहरे पर हैरानी देखकर मैंने और स्पष्ट किया, ''ये कुछ ऐसी ही बात है कि आप अपनी वसीयत में अपनी मां, पत्नी, बच्चों और भतीजे का जिक्र करने के बाद अपनी विधवा भाभी का नाम भी लिखें और अपनी सम्पत्ति में इन सब का हिस्सा दर्ज करें। और बाद में कोई दिलजला मोहल्ले में आंख मारकर पूछे कि इस आदमी ने अपनी सारी सम्पत्ति अपनी भाभी के नाम क्यों की थी। आप बताइए उसे आप क्या कहेंगे?'' अब उनकी समझ में बात आने लगी थी। बोले, ''अगर ऐसा है तो यह तो सिर्फ झूठ नहीं शरारत है, दरअसल बदमाशी है। पर अगर ऐसा था तो प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इस बात को तभी स्पष्ट क्यों नहीं किया?'' मैंने उन्हें याद दिलाया कि यह भाषण जब 2006 में दिया गया था तभी भाजपा ने उसे तोड़-मरोड़ कर पेश किया था और उसी वक्त प्रधानमंत्री कार्यालय ने बाकायदा बयान देकर इसका खंडन किया था और प्रधानमंत्री के भाषण का आशय दोबारा समझाया था, लेकिन मोदी जी को तो सच से कोई मतलब नहीं है।

'और बाकी दो झूठ?'' उन्होंने पूछा। मैंने वे भी गिनवा दिए। ''दूसरा झूठ यह है कि कांग्रेस मैनीफैस्टो में देश की सम्पत्ति को बांटकर उसे मुसलमानों को देने जैसी कोई बात है। सच यह है कि कांग्रेस के मैनीफैस्टो में मुसलमानों का जिक्र भी नहीं है। इस मैनीफैस्टो में अल्पसंख्यकों के बारे में वही सब बातें कही गई हैं जो पिछले कुछ चुनावों में भाजपा स्वयं कह चुकी है। और न ही इस मैनीफैस्टो में देश की सम्पत्ति के नए सिरे से बंटवारे जैसी कोई बात कही गई है। यह सब सफेद झूठ है। और तीसरा झूठ यह है कि भारत के मुसलमान घुसपैठिए हैं। इस देश की लगभग 20 करोड़ मुस्लिम आबादी में मुट्ठी भर परिवारों को छोड़ कर बाक़ी सब की सात पीढियों के ही नहीं बल्कि आदि अनंत से ही जिनकी जड़ें इसी देश की मिट्टी में हैं, उन्हें ही घुसपैठिया बताना सिर्फ महाझूठ नहीं है, बल्कि इस देश के इतिहास के साथ गद्दारी है।''

अब तक हमारे इस वार्तालाप को सुनकर मेरे मित्र कुछ थकने लगे थे। बोले, ''उनको तो जवाब दे दिया। अब अपनी पहेली भी सुलझा दो न कि फिर असली खबर क्या है?'' मैंने कहा, ''आप इतना सोशल मीडिया देखते हो, आपने चुनाव के पहले दौर की असली खबर नहीं देखी? असली खबर यह है कि पहले दौर में जिन 102 सीटों पर चुनाव हुआ है वहां से भाजपा के लिए खबर अच्छी नहीं है। पिछले चुनाव में इन सीटों पर 70 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार घटकर 66 प्रतिशत रह गया है। यानी पिछली बार के मुकाबले लगभग 65 लाख वोटर घर पर बैठे रहे। मतदान में गिरावट उन सीटों पर ज्यादा हुई है जहां भाजपा की हवा थी-उन सीटों पर 5 प्रतिशत गिरावट हुई है जबकि बाकी पर सिर्फ अढ़ाई प्रतिशत। हवा का रुख पलटने से भाजपा की हवा निकली हुई है। नागपुर और दिल्ली में एमरजैंसी बैठकें हुई हैं। इसलिए पिचके गुब्बारे में फिर से हवा भरने की जिम्मेदारी मोदी जी ने ली है। ऑक्सीजन है नहीं इसलिए जहरीली हवा भरी जा रही है।

# ‘कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाती थी सपा’

## योगी ने कन्नौज से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश यादव को सुनाई खूब खरी-खरी

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कन्नौज में अखिलेश यादव को खूब खरी सुनाई। बोले कि वे कन्नौज से चुनाव इसलिए लड़ रहे हैं कि इंडी गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। पहले को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो वह मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि सेवा करना चाहता हूं। जब मौका था, तब कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे। हर दूसरे दिन यूपी में दंगा कराते थे। इनके शासन में बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ होता था। गरीबों के हकों पर डकैती पड़ती थी। मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का महिमामंडन करते थे, लेकिन अब नए भारत का नया उप्र दंगाइयों व कर्फ्यू



लगाने वालों से कैसे निपटता है, यह आप भी देख रहे होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को करिया झाला का मैदान झींझक, रसूलाबाद में आयोजित जनसभा में अपनी बातें रखीं। उन्होंने कन्नौज के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को फिर से दिल्ली भेजने की अपील की। मुख्यमंत्री ने आमजन से आह्वान किया कि घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं।

■ सपा शासन में मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का किया जाता था महिमामंडन : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि नए भारत में सुरक्षा, गरीब कल्याण, विकास, विरासत और आस्था का सम्मान है। सपा रामभक्तों पर गोली चलाती थी, आतंकियों के मुकदमे वापस लेती थी और भाजपा राम मंदिर बनवाती है। आपने वोट देकर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली व लखनऊ सरकार को चुना है, इसलिए आपके योगदान की बदौलत अयोध्या में 500 वर्ष के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। प्रभु ने इस अंतराल के बाद अपनी जन्मभूमि पर होली खेली, जन्मोत्सव मनाया और उनका सूर्य तिलक भी हुआ। नई अयोध्या के दर्शन कर यह लोक धन्य हुआ। पूर्वजों की आस और संकल्प को हमने अपनी आंखों के सामने पूरा होते भी देख लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नया भारत केवल बोलता ही नहीं, करके दिखाता भी है। भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे और बोलते थे कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। दोनों एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं, फिर मिलकर जोर आजमाइश करना चाहते हैं। अब मोदी जी के आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण के संकल्प से जुड़ने का अवसर आ गया है। कांग्रेस अपने और सपा सैफई परिवार को धन-संपदा से परिपूर्ण करने के लिए मैदान में है तो भाजपा राष्ट्रहित के लिए चुनाव लड़ रही है। भाजपा का संकल्प देश के लिए है।

# विपक्षियों के पाप गंगा मैया में भी नहीं धुलेंगी : धामी

## उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री ने ‘युवा सम्मेलन’ कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को बदलापुर, जौनपुर में संसदीय क्षेत्र जौनपुर से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के पक्ष में आयोजित 'युवा सम्मेलन' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जौनपुर क्षेत्र ऐतिहासिक और पौराणिक शहर है। रामचरितमानस में भी जौनपुर का जिक्र होता है। उन्होंने कहा आगामी चुनाव केवल सांसद चुनने का चुनाव नही अपितु ये देश का भविष्य चुनने का चुनाव है। श्री कृपाशंकर सिंह जी के पास काम करने का लंबा अनुभव है, जो इस क्षेत्र की सेवा पूर्ण मनोयोग से करेंगे। उन्होंने युवाओं से जौनपुर लोकसभा में कमल खिलाने और प्रधानमंत्री जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा देशद्रोही शक्तियां आज



जातिवाद वर्गवाद के नाम पर मोदी जी को रोकने के लिए विपक्ष का स्लीपर सेल बनकर काम कर रही हैं।

मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा युवा जो सोचता है वो करता है। उन्होंने कहा पिछले 10 वर्षों में देश के अंदर ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। देश इन्फ्राट्रक्चर्ड डेवलपमेंट, साइंस एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आगे बढ़ा है। आज देश का युवा प्रधानमंत्री जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। उन्होंने कहा हम

■ कहा, सपा, कांग्रेस, बसपा को ये पता है कि इनकी हार निश्चित है

सभी प्रधानमंत्री जी द्वारा किए जा रहे कार्यों के सहयोगी हैं। उन्होंने कहा आज दुनिया हर बड़ी घटना पर भारत के रूख का इंतजार करती है। भारत हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। देश के युवाओं को हर कदम पर मोदी जी का साथ मिल रहा है। युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु कई योजनाएं सरकार चला रही है। भारत ने 100 घंटे में 100 किमी सड़क बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया है।

श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के अटल संकल्प और युवाओं के टैलेंट और मेहनत की बदौलत आज विदेश की बड़ी-बड़ी कम्पनी भारत में आना चाहती हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक फैसले हुए हैं। कश्मीर से धारा 370 हटाई गई। देश में सीएए कानून लागू कर दिया गया है, तीन तलाक का भी खात्मा कर दिया गया है। भगवान श्री राम का अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण कार्य हुआ है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भय मुक्त, गुंडा मुक्त, माफिया मुक्त, और अपराध मुक्त होकर विकास रोजगार और महिला सशक्तिकरण के रास्ते पर आगे बढ़ा है। आज उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश बन गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते सालों में उत्तर प्रदेश के अंदर अनेकों कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में आए एक जनसंख्या आंकलन में 1950 से अब तक देश में बहुसंख्यक हिंदू आबादी को घटती संख्या को दर्शाया गया है। अब तक कुल 14 प्रतिशत घटी है। पर इसके साथ ही एक आबादी बढ़ गई है। उन्होंने कहा हर एक भारतवासी का ये प्रश्न है कि ऐसा क्यों हुआ। उन्होंने कहा इसका कारण देश में सबसे अधिक 60 सालो तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस पार्टी के शासन के कारण हुआ है।

# भाषा विश्वविद्यालय में संपन्न हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विभिन्न विषयों के लिए पीएचडी की प्रवेश परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय में बने केन्द्र पर किया गया। बतादें कि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में सत्र 2024 के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा का अयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत अर्थशास्त्र, पत्रकारिता, अंग्रेज़ी, कॉमर्स, हिंदी, इंजीनियरिंग आदि विषयों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन विश्वविद्यालय में बने केन्द्र पर किया गया।

पीएचडी समन्यवक के अनुसार पीएचडी प्रवेश के लिए पार्ट टाइम और फुल टाइम पीएचडी के लिए कुल 211अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिसमें 175 अभ्यर्थी ने केंद्र में जाकर परीक्षा दी। जबकि 36 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। साथ ही



भाषा विश्वविद्यालय के हिंदी विषय के लिए 76 वर्ष के अभ्यर्थी ने भी प्रवेश परीक्षा दी जिसको लेकर परिसर में काफी चर्चा रही।

पीएचडी समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में उपस्थित सभी अभ्यर्थी कल दूसरे दिन भाषा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.kmclu.ac.in पर जाकर आंसर शीट डाउनलोड कर सकते है। प्रवेश प्रक्रिया से सम्बन्धित और अधिक जानकारी के लिए भाषा विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# चौथे चरण के लिए 12 को रवाना होंगी पोलिंग पार्टियाँ

## सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट होगी उपलब्ध

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों तथा 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन-2024 हेतु 13 मई, 2024 को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए 12 मई, 2024 (रविवार) को मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। इसके लिए चतुर्थ चरण के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को समय से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चतुर्थ चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 27-शाहजहॉपुर (अ0जा0), 28-खीरी, 29-धौरहरा, 30-सीतापुर, 31-हरदोई (अ0जा0), 32-मिश्रिख (अ0जा0),

■ मतदान कर्मियों के लिए उपलब्ध रहेंगी जरूरी सुविधाएं

33-उन्नाव, 40-फर्रूखाबाद, 41-इटावा (अ0जा0), 42-कन्नौज, 43-कानपुर, 44-अकबरपुर, 56-बहराइच (अ0जा0) लोकसभा सीट प्रदेश के 13 जनपदों में शाहजहॉपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, फर्रूखाबाद, एटा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, बहराइच आते हैं। 136-ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र शाहजहांपुर जनपद में आता है। उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों एवं मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिये गये है। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध करायी जायेगी।

# मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र मान्य

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान चतुर्थ चरण की 13 लोकसभा सीटों तथा ददरौल विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई (सोमवार) को मतदान होगा। मतदान के समय ऐसे मतदाता जिनके पास अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र न हो, वे 12 अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान पत्रों में से किसी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्ड मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदाताओं की पहचान के लिए अनुमन्य होंगे।

# ‘गांधी परिवार की अबकी बार रायबरेली से छुट्टी होगी’

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को रायबरेली में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में रिफॉर्म क्लब में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि रायबरेली की जनता यहाँ पिकनिक और पर्यटन के लिए आने वाले लोगों के लिए अपने दरवाजे बंद कर देगी। सियासी पिकनिक मनाने आने वाले गांधी परिवार की अबकी बार रायबरेली से छुट्टी होगी।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पिछले चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से हारे तो वायनाड चले गये। इस बार उन्हें वहां भी हार का अंदेशा हुआ तो वे अब रायबरेली आकर यहां अपने पूर्वजों की याद दिलाकर वोट मांग रहे हैं। जनता सब जानती है, जो राहुल पांच साल तक न अमेठी आये



और न रायबरेली। अब जनता इनके झाँसे में नहीं आएगी। अबकी बार मोदी जी की गारंटी ही चलेगी।

श्री पाठक ने कहा कि, अहंकारी गठबंधन के वे लोग 12 लाख करोड़ रुपये के घोटालों और भ्रष्टाचार में शामिल हैं। सभी भ्रष्टाचारी आपस में मिलकर रैली निकाल रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के लिए मौन व्रत रख रहे हैं। मोदी जी अपनी बात पर क़ायम हैं। भ्रष्टाचारियों पर लगातार कार्रवाई हो रही है तो ये सभी एक जुट होकर अपने आपको बचाने के लिए सत्ता में आने का प्रयास कर रहे हैं।

# मंडलायुक्त ने जनपद के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने जनपद के विभिन्न बूथ का औचक निरीक्षण कर मूलभूत व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ सहित संबंधित आधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने सर्वप्रथम शहर के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय (नरही), वन विश्रा ग्रह अरड़य भवन वन, प्राथमिक विद्यालय ग्वारी, विशन नारायन इंटर कॉलेज, अमीरूदौला इस्लामिया कॉलेज के मतदेय स्थल के बूथों का



निरीक्षण किया साथ ही संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। मंडलायुक्त ने मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदेय स्थलों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन, विद्युत कनेक्शन, उचित क्षमता की लाईट व पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, रैम्प, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता, मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, ईपिक वितरण इत्यादि का सत्यापन करते हुए संबंधित को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मॉडल बूथों पर सेल्फी पॉइंट भी बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये। बीएलओ समस्त वोटिंग पर्ची ससमय रहते वितरित कराये। इस दौरान मंडलायुक्त ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें।

# शुक्रिया नैक, टीएमयू की डीन प्रो. मंजुला जैन असेसर नामित

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा में गुणवत्ता को परखने वाली देश की सबसे बड़ी संस्था-नैक ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद को ग्रेट ऑनर दिया है। टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन को अपनी सम्मानित टीम में बतौर असेसर नामित किया है। टीएमयू के इतिहास में नैक की टीम का हिस्सा बनने वाली वह पहली सदस्य हैं। मैनेजमेंट में पीएचडी डॉ. जैन को 25 साल का लंबा शैक्षणिक अनुभव है। करीब 20 से अधिक विदेश यात्राओं के संग-संग दर्जनों अवार्ड भी झोली में हैं। टीएमयू के आईआईसी की प्रेसीडेंट डॉ. जैन के लगभग 60 से अधिक नेशनल और इंटरनेशनल शोधपत्र और पेटेंट्स नाम हैं। इनके अलावा एआईसीटीई, यूजीसी के संग-संग फॉरेन यूनिवर्सिटीज़ के सहयोग से एफडीपी और वर्कशॉप के आयोजन के अलावा इनमें शिरकत भी कर चुकी हैं। एनईपी-2020 के क्रियान्वयन में



आपका महत्वपूर्ण रोल है। टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन,एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन और मेंबर ऑफ गवर्निंग बॉडी सुश्री नंदिनी जैन कहते हैं, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन का नैक की सम्मानित टीम में बतौर असेसर नामित होना यह साबित करता है कि टीएमयू क्वालिटी एजुकेशन के प्रति समर्पित है। टीएमयू के लिए यह गौरव के पल हैं। उन्होंने उम्मीद जताई, डीन एकेडमिक्स के डायनामिक लीडरशिप में यूनिवर्सिटी भविष्य में और भी नई उपलब्धियां हासिल करेगी।

# ‘माँ की गरिमा शब्दों में बयां नहीं की जा सकती’

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मातृ दिवस 2024 के उपलक्ष्य में हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट तथा सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज के तत्वावधान में सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज, इन्दिरा नगर, लखनऊ में मातृ सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज के कक्षा 1 से कक्षा 12 तक प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की माताओं व विद्यालय की शिक्षिकाओं को हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर अपनी माताओं का आभार व्यक्त किया वह उन्हें सादर नमन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्षवर्धन अग्रवाल, न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल, ट्रस्ट की आंतरिक



सलाहकार समिति के सदस्य महेंद्र अवस्थी तथा सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रीति कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल ने वहां मौजूद सभी महिलाओं को मातृ दिवस की बधाई दी और कहा कि, माँ शब्द की गरिमा शब्दों में बयां नहीं की जा सकती क्योंकि अगर माँ नहीं होती तो बच्चों के अस्तित्व भी नहीं होते। दुनिया में माँ को भगवान का दर्जा दिया गया है। भगवान हर जगह नहीं हो सकते इसलिए उन्होंने माँ को बनाया। आज मातृ दिवस पर हम सभी माताओं को बधाई देते हैं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। ट्रस्ट की आंतरिक सलाहकार समिति के सदस्य श्री महेंद्र अवस्थी ने कहा कि, हमारे लिए हर दिन मातृ दिवस की तरह होना चाहिए। हमें जीवन की पहली शिक्षा अपनी माँ से मिलती हैं।

# मदर्स डेसेलिब्रेशन का आयोजन





अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** यूनीक कॉन्वेन्ट इण्टर कालेज, खदरा में शनिवार को मदर्स डे का आयोजन बहुत ही शानदार रहा इस अवसर पर मांओ ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियाँ दी और अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ0 जी0 सक्सेना एवं प्रबन्धक के0के0 दुबे ने कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन करके किया।

विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चो की प्रस्तुतियों ने दर्शको को भाव विभोर कर दिया। श्रीमती वन्दना सावंत के द्वारा कार्यक्रम के विषय में उद्बोधन एवं विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें उत्कृष्ट माताओं का सम्मान विद्यालय परिवार के द्वारा विद्यालय प्रबन्धक श्री के0 के0 दुबे एवं प्रधानाचार्या डॉ0 जी0 सक्सेना के द्वारा समस्त अध्यापको एवं अभिभावको की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

# पूरे प्रदेश में चली धूल भरी आंधी, बारिश का अलर्ट

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पूरे प्रदेश में शनिवार का मौसम बदला-बदला सा रहा। शनिवार सुबह से ही प्रदेश के पूर्वी व पश्चिमी दोनों हिस्सों में धूल भरी तेज झोंकेदार हवाओं के साथ कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश देखने को मिली। कई इलाकों में तो हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटा तक दर्ज की गई। अचानक बदले इस मौसम से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। झोंकेदार हवाओं की वजह से कई जगह पेड़ धराशायी हो गए। तापमान में हल्की गिरावट होने से लोगों को उमस से राहत मिली।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश के पश्चिमोत्तर भाग पर बने चक्रवाती परिसंचरण और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमीयुक्त पुरवा हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से पूर्वी यूपी में रविवार तक, जबकि पश्चिमी यूपी में सोमवार को भी गरज चमक और तेज हवा के साथ हल्के से मध्यम



बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि सोमवार के बाद प्रदेश का मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना है।

मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर समेत गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुरखीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकर नगर,

■ पश्चिमी यूपी में बारिश के आसार

मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा एवं आस पास के क्षेत्रों में रविवार को भी गरज व चमक के साथ 30 से 40 किमी प्रति घंटा के रफ्तार से तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की गई है।


पश्चिमी यूपी के बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और औरैया जिले में आज भी गरज चमक के साथ बारिश के आसार हैं। वहीं बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में तेज हवा व गरज के साथ बारिश की संभावना जताई जा रही है। कुछ जगहों पर बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

# गणित प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र चैम्पियन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-5 के छात्र अभिसार श्रीवास्तव ने एबेकस कम्पटीशन में चैम्पियन्स ट्राफी अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2024 के अन्तर्गत आयोजित की गई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उक्त जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।

श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के इस मेधावी छात्र ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स



अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र, मेडल व ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है।

# नारायन कॉलेज में मनाया गया मदर्स डे एवं वर्ल्ड टेक्नॉलोजी डे

■ माँ के असीम प्रेम और स्नेह को मात्र एक दिन में सारांशित नहीं किया जा सकता: डॉ. धर्मेंद्र

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल ऑडिटोरियम में 'मदर्स डे'एवं'वर्ल्ड टेक्नॉलोजी डे'के अवसर पर विभिन्न एक्टिविटीज में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा 1 से 5 तक के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के साथ स्टेज पर विभिन्न नृत्य मुद्राओं के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं ने सुन्दर ग्रीटिंग कार्ड्स बनाये। 'वर्ल्ड टेक्नॉलोजी डे'के उपलक्ष्य में इण्टर हाउस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ.नमिता तिवारी, प्रधानाचार्या जे.एस.के.जी. पॉलीटेक्निक कॉलेज विद्यालय की निदेशिका डॉ.श्वेता तिवारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा तथा श्रीमती पूनम शर्मा ने माँ सरस्वती के माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि माँ के असीम प्रेम और स्नेह को मात्र एक दिन में सारांशित नहीं किया जा सकता किन्तु विद्यालय एक ऐसा स्थान है जहां पर'मदर्स डे'के कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं को माँ के असीम प्रेम व स्नेह का बोध कराया जाता है। विद्यालय की मुख्य सलाहकार डा.श्वेता तिवारी ने कहा कि यह दिन बच्चों को माँ के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का दिन है। मां वह आदिशक्ति है जिसने हम सभी का इस धरती पर सृजन किया है। अत:मां का सम्मान सर्वोपरि है। इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता में कक्षा-एल.के.जी के निकित ने प्रथम स्थान, कक्षा 2 की संस्कृति ने द्वितीय स्थान तथा कक्षा-यू.के.जी.की हिमांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 'वर्ल्ड टेक्नॉलोजी डे'के उपलक्ष्य में इण्टर हाउस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में फेथ हाउस ने प्रथम स्थान, करेज हाउस ने द्वितीय स्थान तथा यूनिटी हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल कॉर्डिनेटर श्रीमती उफ्सा रिज़वान, सी.सी.ए. इंचार्ज एंजिल तोमर, ऋतु कनौजिया, संदीप यादव, टोनी साइमन तथा कृष्णा गोपाल त्रिवेदी आदि का विशेष योगदान रहा।

# मदर्स डे पर ग्लोबल पीस फाउंडेशन ने किया बेसहारा बुजुर्गों का सम्मान

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** भरथना में वृद्धाश्रम में ग्लोबल पीस फाउंडेशन ने बुजुर्ग महिलाओं के बीच सुंदरकांड संकीर्तन रूप के साथ मदर्स डे हर्षोलास के साथ मनाया। फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज व परिवार की नींव है। इनके आशीर्वाद में हमारे भविष्य की खुशियां होती हैं। इसलिए, हम सबको इनका सम्मान व देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग उस वट वृक्ष की तरह से है जो छांव फल एवं जीवन देते हैं लेकिन समाज में विपरीत स्थितियों देखने को मिल रही है जो अत्यंत पीड़ा दायक एवं दुखद हैं। इस उम्र में जब उन्हें सबसे ज्यादा परिवार की ख्याल रखने वाले अपनों की जरूरत होती है तब उन्हें अकेला बेसहारा छोड़ दिया जाता है अनजान लोगों के बीच रहना जहां उनके सामने एक चुनौती होती है एक बार फिर से लोगों के साथ नए रिश्ते बनाएं और अपना जीवन अपनों के बिना ही गुजर बसर कर सकें। इस अवसर पर गरिमा दुबे प्रीति शर्मा प्रभगवा सुषमा रेखा यादव शामिल रही।

# अंशुल के रोड शो में उमड़ पड़ा सपा का युवा जोश

■ बसरेहर में दो किमी की दूरी पर जगह- जगह स्वागत

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा, बसरेहर।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के चचेरे भाई जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने इटावा लोकसभा से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे के पक्ष में मतदान करने के लिए रोड शो किया। इसमें क्षेत्रीय सपा की युवा शक्ति का जोश उमड़ पड़ा। जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को अपराह्न के समय ग्वालियर बरेली हाईवे पर गोपाल मंदिर से थाना तक करीब दो किमी में रोड शो किया। काफी संख्या में दो और चार पहिया वाहनों से युवा जोश उमड़ने से कस्बा में कई जगह जाम भी लगा लेकिन युवाओं ने यातायात व्यवस्था भी संभाली और सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील सभी से की। डीजे साउंड पर सपा के पक्ष में गानों तथा अखिलेश यादव शिवपाल सिंह यादव जिंदाबाद के जोशीले नारों से वातावरण गुंजायमान रहा। कस्बा में जगह-जगह दुकानदारों ने अंशुल यादव का माल्यार्पण तथा पुष्प वर्षा करके अपना समर्थन व्यक्त किया। प्रचार की समय सीमा समाप्त होने से पहले ही रोड शो को रोक दिया गया। इसमें सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य, सर्वेश शाक्य, अनुज कुमार सिंह भदौरिया, मनीष यादव, धीरेंद्र यादव, मेघावसु, अमित गुप्ता, अनिल यादव बल्ली, जितेंद्र यादव, अवनीश यादव, प्रधान महावीर यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## निरंकारी बाबा हरदेव जी का समर्पण दिवस 13 को

**मथुरा।** निरंकारी मिशन के पूर्व मार्गदर्शक हृदय सम्राट बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की पावन स्मृति में समर्पण दिवस 13 मई को मनाया जाएगा, इस मौके पर सोमवार सुबह 10 बजे से मथुरा के हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर एक आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन होगा, जिसमें निरंकारी भक्त, बाबा हरदेव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए समर्पण दिवस पर मुख्य आयोजन हरियाणा के समालखा स्थित संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में 13 मई को सायं 5 बजे से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाबा हरदेव सिंह जी के अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को विश्व स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया।

# एसएमजीआई में मनाया गया विश्व नर्सिंग दिवस

■ फ्लोरेंस ऑफ नाईटेंगेल के जन्मदिवस पर आयोजित हुआ सेवाभाव कार्यक्रम

वहाज अली निहाल



**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कालेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में शनिवार को फ्लोरेंस नाईटेंगेल का जन्मदिवस ÷विश्व नर्सिंग दिवस÷के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय की मेट्रन(एएनएस) श्रीमती राजकुमारी एवं चेयरमैन मदन हॉस्पिटल डॉ.विकास यादव सहित डायरेक्टर एसएमजीआई डॉ उमा शंकर शर्मा, डायरेक्टर, कालेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल डॉ.शशि शेखर त्रिपाठी, प्रिंसिपल सुनयना अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ किया। तत्पश्चात कालेज की प्रिंसिपल सुनयना अग्रवाल ने मुख्य अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कालेज ऑफ नर्सिंग के डायरेक्टर द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती राजकुमारी ने फ्लोरेंस ऑफ नाईटेंगेल के जीवन परिचय के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि, हम सभी को आज इस त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति रही÷लेडी ऑफ लैंप÷के नाम से सुविख्यात महिला के उत्कृष्ट कार्यों से प्रेरणा अवश्य लेनी चाहिए कि कैसे एक साधारण सी महिला ने अपना सम्पूर्ण जीवन सेवाभाव को ही समर्पित कर दिया और हमेशा-हमेशा के लिए अमर हो गई। कार्यक्रम में कालेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के छात्र- छात्राओं ने मंच से विभिन्न सेवाभाव से जुड़ी रंगा रंग प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में कार्यक्रम में आए अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में कालेज ऑफ नर्सिंग के डायरेक्टर डॉ.शशि शेखर त्रिपाठी ने कहा कि, आज के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में आप सभी की सहभागिता आपको आपके भविष्य में सेवा भाव में श्रेष्ठता लाने में अवश्य ही सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का आभार श्वेता यादव ने प्रकट किया। मंच का संचालन ऋषभ और तृप्ति शाक्य ने किया। इस अवसर पर नर्सिंग एवं पैरामेडिकल कालेज का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# बीएसए की कार्यवाही से शिक्षकों में मचा हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

■ नौहझील के ओहावा के दो शिक्षक निलंबित

**मथुरा।** बीएसए मथुरा सुनील दत्त द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय औहावा विकास खंड नौहझील का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 03 शैक्षिक स्टाफ के सापेक्ष समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र / छात्राओं के नामांकन 43 के सापेक्ष केवल 20 छात्र छात्रा उपस्थित पाये गये। शैक्षिक सत्र 2024-25 में कुल 04 नवीन नामांकन हुआ, जोकि अत्यन्त कम है। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि विद्यालय के शैक्षिक स्टाफ द्वारा बच्चों को रुचि के साथ पठन- पाठन नहीं कराया जा रहा है, जिस कारण छात्र छात्राओं की उपस्थिति इतनी कम है।

प्राथमिक विद्यालय औहावा वि0ख0 नौहझील का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 03 शैक्षिक स्टाफ के सापेक्ष केवल सुमित दहिया स0अ0 उपस्थित पाए गए परन्तु उपस्थिति पंजिका पर अन्य 02 स0अ0 के हस्ताक्षर पाए गए। उपस्थिति पंजिका को देखने से प्रतीत होता है कि शिवकुमार स0अ0 या तो विद्यालय देरी से आते है या विद्यालय आते ही नहीं है या एक दिन विद्यालय आकर हस्ताक्षर करते है। इससे स्पष्ट होता है कि शिक्षकों द्वारा विद्यालय आकर उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर करके विद्यालय से समय से पूर्व चले जाते हैं। निरीक्षण के समय विद्यालय में छात्र छात्राओं के नामांकन 117 के सापेक्ष केवल 43 छात्र छात्रा उपस्थित पाये गये।

## बरात में डी जे बजने पर बवाल, गाड़ी का शीशा तोड़ा

**गोवर्धन/मथुरा।** गांव कुंजेरा में अनुसूचित जाति की बरात का डीजे बंद कराने पर बवाल हो गया। डीजे की गाड़ी का शीशा टूट गया। गांव में तनाव व्याप्त है। पुलिस-प्रशासन ने गांव जाकर मोर्चा संभाला। गांव में तनावपूर्ण माहौल है। पुलिस को किसी भी पक्ष ने प्रार्थना-पत्र नहीं दिया है। गोवर्धन के गांव कुंजेरा का माहौल अचानक बिगड़ते बचा। शुक्रवार को गोवर्धन के गांव में विजय सिंह की बेटी की बरात कोसीकलां के गांव फूल घड़ी से कुंजेरा आई थी। बरात डीजे से गांव में फेरी करते हुए चढ़ रही थी।

आरोप है कि गांव के ही हरी दूधिया के बेटे राजपाल ने घर में दिल के मरीज होने की बात कहकर डीजे बंद कराने की बात कही। इससे बरातियों में और राजपाल में कहासुनी हो गई। इसके बाद राजपाल पक्ष के लोग एकत्रित हो गए। तभी किसी उपद्रवी ने बरात में चल रहे डीजे वाहन पर पथराव कर दिया।

# भाजपा ने रोड शो से कराया ताकत का अहसास

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ.रामशंकर कठेरिया के समर्थन में भाजपा ने रोड शो निकालकर प्रचार अभियान के अंतिम दिन अपनी ताकत का अहसास कराया। इस रोड़ शो के दौरान फूलों से सजी खुली जीप में भाजपा सांसद प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया, पूर्व मंत्री सतीश पाल, सांसद की धर्मपत्नी डॉ मृदुला कठेरिया, सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व सांसद, विधायक रघुराज शाक्य, नगरपालिका प्रत्याशी कुसुम दुबे, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता ने जनता का अभिवादन किया। संचालन शिवाकांत चौधरी ने किया। धूप में भी सड़कों पर रोड़ शो के स्वागत में शहर का आम जनमानस उतरा। रोड़ शो का जगह-जगह फूल माला एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि सपा हमेशा से गुंडों की पार्टी रही है, इसलिए सपा को वोट देने का मतलब है गुंडागर्दी को बढ़ावा देना। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि सपा-कांग्रेस का गठबंधन भारत को एक बार फिर से गुलामी की ओर ढकेलने की साजिश का हिस्सा है। पूर्व सांसद व विधायक रघुराज शाक्य ने कहा कि इंडी गठबंधन अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति के आरक्षण के अधिकार पर सेंध लगाकर मुसलमानों को देने की साजिश कर रहे हैं। रोड़ शो में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष व जनपद प्रभारी कमलावती सिंह, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, ममता कुशवाहा, जितेंद्र गौड़, विमल भदौरिया, बसरेहर ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, विनीता गुप्ता, लोकसभा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, विरला शाक्या, हरिकिशोर तिवारी, मनीषा शुक्ला, अंशुल दुबे, कृष्ण मुरारी गुप्ता, सतेंद्र राजपूत, शरद वाजपेयी, अच्युत मिश्रा, राजेन्द्र गुप्ता, सागर दुबे मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सहसों पुलिस द्वारा अर्धसैनिक बलों के साथ किया एरिया डोमिनेशन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त माहौल मे सकुशल संपन्न कराने हेतु थाना सहसों पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पैदल गस्त/ एरिया डोमिनेशन किया गया एवं आम जनता से वार्ता कर चुनाव संबंधी दिशा निर्देशो से अवगत कराया गया। इस दौरान पुलिस व पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### ज्ञानस्थली में छात्राओं ने मेहंदी लगाकर मतदाताओं को किया जागरूक




**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** मेहंदी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा में छात्राओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर सभी मतदाताओं को जागरूक किया की सभी मतदाता अपना-अपना वोट जरूर डालें आपका वोट अमूल्य है। वोट की कीमत का अंदाजा शब्दों से नहीं लगाया जा सकता है अपना वोट ऐसे व्यक्ति को दें जो देश व देशवासियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर देश को अग्रसर करें हम सभी देशवासियों का भविष्य सुधर सकेगा। शनिवार को इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर मुकुल कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदान महादान है इसलिए सभी लोग वोट अवश्य डालें। इस जागरूकता अभियान में सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिवमंगल, अंशुल, पारुल, डिंपी, लकी, आकांक्षा, रीता राजपूत के अलावा जागरूकता अभियान को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी वासिफ अख्तर खान का योगदान रहा।

## मन्दिर की जमीन पर भू माफियाओं ने काटे सैकड़ों हरे वृक्ष, लगाई आग

**मथुरा।** हाइवे किनारे आझई में बीती रात भू-माफियाओं ने 10 बीघा जमीन में खड़े बेर के सैकड़ों हरे पेड़ो को काटकर उनमे आग लगा दी।मंदिर के महंत ने जबरन जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।महंत का कहना था कि यह जमीन सीताराम मन्दिर के नाम पर खतौनी में दर्ज है।कुछ लोग जमीन के फर्जी कागजात बनवाकर बेश कीमती जमीन पर कब्जा करना चाहते है जबकि मन्दिर की जमीन को लेकर न्यायालय में दायर वाद अभी विचाराधीन है।हाइवे किनारे गांव आझई के निकट दस बीघा खेत मे खड़े बेर के सैकड़ों हरे वृक्षों को गुरुवार और शुक्रवार की रात्रि में भू-माफियाओं ने काटकर उनमें आग लगा दी।

# कुलपति ने किया औचक निरीक्षण

■ छात्र-छात्राओं के साथ संवाद निरन्तर जारी रखे: कुलपति

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति डा.आनन्द कुमार सिंह ने अचानक इटावा परिसर में स्थित दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य महाविद्यालय का निरीक्षण करते हुये दोनों महाविद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों से बात करते हुये शिक्षकों को कड़ी चेतावनी देते हुये निर्देशित किया कि महाविद्यालयों में छात्रों की पढ़ाई पर ही ध्यान केन्द्रित रखें, छात्र हित में कार्य करने से इन महाविद्यालयों की गिरती साख को बचाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं से अकेले में बातचीत करके विभिन्न जानकारी प्राप्त करते हुये संकाय अधिष्ठाता डा0एन0के0शर्मा को निर्देशित किया कि वे छात्र-छात्राओं के साथ संवाद निरन्तर जारी रखे जिससे यहॉ के वातावरण को और अच्छा बनाया जा सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं से बात कर सन्तोष व्यक्त किया कि धीरे-धीरे वातावरण में सुधार हो रहा है। समिति संसाधनों में हमारे छात्र बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे है। कुलपति ने महाविद्यालय प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुये छात्र-छात्राओं को निर्देश दिये कि अनुशासन में रहकर वे अपने मॉ-बाप, अपने शिक्षक, अपने विश्वविद्यालय एवं समाज का गौरव बढाने का कार्य करेंगे। पुनःअधिष्ठाता डा0 एन0के0 शर्मा एवं उप-कुलसचिव डा0 पी0के0एस0भदौरिया को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि छात्र-छात्राओं को कोई असुविधा हो तो तत्काल उसे दूर कराये अन्यथा मेरे संज्ञान में अवश्य लाये। इन तीनों संकाय में योग्यता के साथ-साथ नैतिकता का भी समय-समय पर मूल्यांकन किया जायेगा। अन्त में महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं उप कुलसचिव ने कुलपति को बुके एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लीगल एड् डिफेंस सिस्टम की शुरुआत

**मथुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर अभियुक्तों की सहायता के लिए चार नियुक्तियां की है। जिसमें बार एसोसिएशन मथुरा के पूर्व अध्यक्ष ठा. किशन सिंह के सुपुत्र एवं बार एसोसिएशन मथुरा के पूर्व सचिव रहे अरविंद कुमार सिंह एडवोकेट चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल मथुरा नियुक्त किए गए हैं।विनय चौधरी डिप्टी लीगल एड काउंसिल नियुक्त किए गए हैं।श्रीकांत पचौरी लक्ष्मणकांत शर्मा असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल मथुरा के पद पर नियुक्त किए गए हैं।इनके द्वारा बचाव पक्ष जो आर्थिक रूप से कमजोर होंगे उन्हें निःशुल्क लीगल सहायता दी जायेगी।

# पाप होता देखना सबसे बड़ा महापाप कहलाता है: कृष्ण

अवधनामा संवाददाता

■ केएम: बरस रहा है श्रीमद् भागवत रस, रासलीला में हुआ भगवान की दिव्य लीलाओं का मंचन

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित कृष्ण चन्द्र शास्त्री महाराज ने ध्रुव चरित्र, कपिल चरित्र, जड़भरत, अजामिल उपाख्यान की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा साधना में बड़ी ताकत होती है, साधना की ताकत से मथुरा, दिल्ली में क्या हो रहा है पता लग जाता है। राजा वो होना चाहिए जो अपनी प्रजा के लिए प्राणों की आहूति भी देनी पड़े तो दे दे। पाप होता देखना महापाप कहलाता है अगर आपने सामर्थ नहीं है तो आंखे नीचे करके उस जगह से निकला जाएं। इसके अलावा रात्रि में दानी रास मण्डली द्वारा रासलीला में चरकुला नृत्य का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण महिला-पुरुष और एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति का लुफ्त उठाया।

केएम विवि में दूसरे दिन भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कुलाधिपति किशन चौधरी ने परिवार सहित आरती उतार कर किया। इस अवसर पर अयोध्या से आए सुग्रीव किला पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरू विश्वेष प्रपन्नाचार्य तथा वृंदावन से विजय कौशल महाराज, श्रीमद् जगतगुरू नाभा पीठाधीश्वर सुतीक्षण दास महाराज सुदामा कुटी मुख्य यजमान रहे। कथा का संचालन दाऊजी मंदिर के रिसीवर आरके पांडेय ने किया। कथा वाचक कृष्णचंद्रशास्त्री ने कहा कि मनुष्य जीवन आदमी को बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इस कलयुग में दया धर्म भगवान के स्मरण से ही सारी योनियों को पार करता है। मनुष्य जीवन का महत्व समझते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने भगवान के 24 अवतारों के बारे में बताते हुए कहा कि जिनमें कर्मयोगी आठ, भक्ति आठ और ज्ञान आठ अवतार है और दो अवतार राम-कृष्ण को एक ही स्वरूप बताया।

# हथियार तस्कर भी बेचने लगे ऑनलाइन हथियार

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।**भाजपा शासन मै ऑनलाइन व्यापार को काफी बढ़ावा मिला जिसकी सफलता को देखते हुए आजकल हर चीज ऑनलाइन होती जा रही है इसी कढ़ी मैं एक और व्यापार भी सामिल होने लगा है हथियारों की तस्करी का अभी तक लोगों की जरूरत का सामान ही बेचा जाता रहा है ऑनलाइन पर धीरे धीरे ऑनलाइन सट्टा, नशा और सैक्स जैसे गैरकानूनी धंधे भी इस ऑनलाइन की मार्केट मै सामिल होते गए अब इस प्रतिस्पर्धा के दौर में भला हथियारों के सप्लायर कहा पीछे रहने वाले थे, उन्होंने भी अपने आप को इस ऑनलाइन व्यापार मै लाकर चौका दिया, खुले आम देशी कट्टे से लेकर विदेशी पिस्टल तक अपने ग्राहकों को उपलब्ध कराने की योजना पर कार्य करने लगे, व्हाट्सअप के माध्यम से लोगो को देशी विदेशी हथियारों की उत्तम क्वालिटी का दावा कर सुरक्षित उनके पास सपललाई कराने का प्रचार प्रसार किया जाने लगा है। शुक्रवार शाम को व्हाट्सअप नंबर, 8910944487 से मैसेज भेजा गया जिस किसी भाई को पिस्टल , सिक्सर रिवाल्वर, देशी कट्टे, रायफल चाहिए वो दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकता है डिलेवरी ऑल इंडिया करते है जैसा मैसेज भेजा गया। इस तरह के मैसेज खुले आम लोगों को भेजना इस वात का प्रतीक है कि हथियारों के सप्लायर की पहुंच ऊपर तक है जिसके कारण वह विना डरे आसानी से हथियारों के सप्लाई भारत वर्ष मैं कही भी कर सकता है। सरकार साइबर अपराधों की रोकथाम के बढ़े बढ़े वादे करती है पर सारे दावे खोखले साबित होते है जिसका बढ़ा कारण है।

## विद्युत निगम की टीम को बंधक बनाकर मजामात

**कोसीकलां (मथुरा)।** शेरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव धीमरी में विद्युत चोरी रोकने एवं बकाया वसूली के लिए शुक्रवार दोपहर चेकिंग करने गई विद्युत निगम की टीम को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। जेई और लाइनमैनों से अभद्रता करते हुए सरकारी दस्तावेज तक फाड़ दिए। अवर अभियंता की तरफ से तीन नामजदों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। 33 केवीए बिजलीघर काजरौठ के अवर अभियंता अनूप कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे संविदाकर्मी लाइनमैन कृष्णगोपाल, मोहनश्याम, सुदामा, ओमप्रकाश के साथ गांव धीमरी में विद्युत चेकिंग करने गए थे। चेकिंग के दौरान गांव के इंदी पुत्र राधे स्वीकृत संयोजन के अतिरिक्त केबल डालकर विद्युत चोरी करते पाया गया। बिजली चोरी पकड़े जाने पर उसके पुत्र सुंदर, रज्जो आदि ग्रामीणों के साथ मिलकर विरोध करना शुरू कर दिया।

# वाइल्ड लाइफ एसओएस पहुंची अभिनेत्री दिव्या सेठ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भारतीय फिल्म और टेलीविजन अभिनेत्री दिव्या सेठ शाह ने हाल ही में मथुरा और आगरा में स्थित वाइल्ड लाइफ एसओएस केंद्रों का दौरा किया। जहां उन्होंने हाथी और भालू संरक्षण पर जागरूकता पहल के बारे में जानकारी ली। अपने विज़िट के दौरान दिव्या को हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र आगरा भालू संरक्षण केंद्र और हाथी अस्पताल परिसर को नज़दीक से जानने का अवसर मिला। जिससे उन्हें जानवरों को बचाने और पुनर्वास में वाइल्ड लाइफ एसओएस के समर्पित प्रयासों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई। शुरुआत में दिव्या ने मथुरा में भारत के पहले हाथी अस्पताल का दौरा किया। यहां उन्होंने कैद से छुड़ाए गए हाथियों के सामने आने वाली गम्भीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जाना और घायल, बीमार और वृद्ध हाथियों के इलाज में एनजीओ की पशु चिकित्सा टीम के प्रयासों को देखा। अस्पताल की अपनी यात्रा के दौरान दिव्या ने अन्य निवासी हाथियों को देखने के अलावा बुजुर्ग मादा हथिनी जिंजर को नियमित चिकित्सा उपचार और लेजर थेरेपी से गुजरते हुए देखा। हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र में दिव्या को अभयारण्य में बचाए गए हाथियों के इतिहास से परिचित कराया गया। उन्होंने देखा कि कैसे एक बार दुर्व्यवहार और क्रूरता का शिकार होने वाले इन हाथियों को जीवन जीने का दूसरा मौका प्रदान किया गया है। संस्था के हाथी देखभाल कर्मचारियों और पशु चिकित्सकों की टीम के साथ जानकारी पूर्ण सत्रों में शामिल होकर दिव्या ने भारत में एशियाई हाथियों के बचाव और संरक्षण में सामने आने वाली महत्वपूर्ण चुनौतियों के बारे में गहनता से जाना। दिव्या के एक दिवसीय दौरे का समापन आगरा भालू संरक्षण केंद्र के दौरे के साथ हुआ, जो स्लॉथ भालुओं के लिए दुनिया का सबसे बड़ा बचाव केंद्र है। यहां अभिनेत्री को कुछ निवासी भालुओं की कहानियों के माध्यम से क्रूर 'डांसिंग' भालू प्रथा के बारे में पता चला। वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने कहा दिव्या का हमारे केंद्रों में आने का निर्णय वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और हाथियों और भालुओं की भलाई की वकालत करने की उनकी इच्छा को दर्शाता है। वाइल्डलाइफ एसओएस की सह-संस्थापक और सचिव गीता शेषमणि ने कहा हम अपने पुनर्वासन केंद्रों में दिव्या जैसी प्रसिद्ध अभिनेत्री को देख कर बेहद खुश हैं। हमें उम्मीद है कि यहां बिताए गए अपने समय के दौरान वह भालू और हाथियों के सामने आने वाली समस्याओं से सम्बंधित अधिक मूल्यवान जानकारी लेकर गई होंगी।

# गर्मी में पाचन संबंधी समस्या से राहत पाने के लिए करें इस पानी का सेवन, चुटकियों में मिलेगा आराम



गर्मियों में पेट की समस्याएं बढ़ जाती हैं। पेट की समस्याओं से निजात पाने के लिए सौंफ का पानी रामबाण इलाज है। इसमें कई पाचनीय गुण पाए जाते हैं। यदि आप रोजाना सौंफ के पानी का सेवन करते हैं, तो गैस, कब्ज, तनाव और पेट दर्द की समस्या से राहत पा सकते हैं। बता दें कि सौंफ में प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। साथ ही इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। जो आपके पाचन तंत्र को सुधारने में सहायक होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए आपको सौंफ के पानी के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

***सौंफ का पानी***

सौंफ का पानी बनाने के लिए सबसे पहले 1 बड़ा चम्मच सौंफ को 1 कप पानी में रातभर के लिए भिगो दें। फिर सुबह इसको 5 मिनट उबाल लें। जब यह हल्का ठंडा हो जाए, तब इसका सेवन करें

***पाचन में सुधार***

बता दें कि सौंफ में पाचन को सुधारने वाले गुण पाए जाते हैं। जो गैस, ब्लोटिंग, अपच और एसिडिटी की समस्या को कंट्रोल करता है। साथ ही इसमें मौजूद एंटी ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण पेट की सूजन व अन्य पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

***ठीक होगी बदहजमी***

सौंफ के सेवन से बदहजमी की समस्या ठीक हो सकती है। पेट में बनने वाले गैस्ट्रिक एसिड की मात्रा को सौंफ का पानी कंट्रोल करने में मदद करता है।

***कब्ज होगी दूर***

इसके साथ ही सौंफ का पानी कब्ज की समस्या दूर करने में भी सहायक होता है। क्योंकि सौंफ में फाइबर की अधिक मात्रा पाई जाती है। सौंफ के बीज में फेन्कोन, एस्ट्रैगोल और एनेथोल पाए जाते हैं। जो कब्ज और डाइजेशन की समस्याओं को दूर करता है। ऐसे में जिन लोगों को कब्ज की शिकायत रहती है, उनको दिन में एक बार सौंफ का पानी अवश्य पीना चाहिए।

# बट एक्ने के कारण आप भी हो गए हैं परेशान, तो इससे निजात पाने के लिए अपनाएं एक्सपर्ट्स के ये टिप्स

मुंहासा एक ऐसी समस्या है, जो आपकी ब्यूटी को बिगाड़ देती है। यह समस्या सिर्फ चेहरे पर ही नहीं बल्कि शरीर के अन्य हिस्से में भी हो सकती है। शरीर के इन हिस्से में हिप्स पोर्शन भी शामिल है। बट एक्ने छोटे-छोटे और लाल रंग के दाने होते हैं। इसको फॉलिकुलाइटिस कहा जाता है। बट एक्ने होने के कई कारण होते हैं। जैसे यीस्ट इन्फेक्शन, फंगल इंफेक्शन, हार्मोन प्रॉब्लम और बैक्टीरियल इंफेक्शन आदि है।

फंगल इंफेक्शन में मालेसेजिया या पिटिरियासिस भी बट एक्ने की वजह बन सकते हैं। कई लोगों में यह समस्या गर्म मौसम की वजह से हो सकती है। अगर आप भी अपने बटॉक्स को बार-बार खुजलाते हैं, तो इससे एक्ने की समस्या अधिक बढ़ सकती है। ऐसे में अगर आप भी बट एक्ने की समस्या से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बट एक्ने के ट्रीटमेंट और बचाव के बारे में कुछ टिप्स देने जा रहे हैं।

***बट पिंपल्स का इलाज***

अगर आप भी बट पिंपल्स से परेशान हैं, तो आप बेनजेक एसी जेल वॉश, पेरोबार-5 सोप और पैनॉक्सिल-10 को इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।



एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह समस्या बेहद आम है, इसमें किसी को भी शर्म करने की जरूरत नहीं हैं। क्योंकि इसका ट्रीटमेंट किया जा सकता है। इस ट्रीटमेंट से एक्ने के साथ पिगमेंटेशन से छुटकारा मिलेगा।

यह ऑप्शन कैसे काम करता है और इसके अलावा आप कौन से विकल्प चुन सकते हैं, जो आपके काम के साबित हो सकते हैं।

***बेंजोयल पेरोक्साइड***

आप बट पिंपल्स का ट्रीटमेंट बेंजोयल पेरोक्साइड प्रोडक्ट से कर सकते हैं। इससे बने बॉडी वॉश या साबुन का इस्तेमाल बट एक्ने के लिए सबसे अच्छा इलाज है। बेंजोयल पेरोक्साइड प्रोडक्ट फॉलिकुलाइटिस की वजह से होने वाली सूजन और फुंसियों के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। बट एक्ने अधिक गंभीर होने पर डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

***एक्सफोलीएटिंग स्किन क्रीम***

हेयर फॉलिकल को ब्लॉक होने से बचाने के लिए त्वचा को एक्सफोलिएट करना जरूरी है। इसके लिए रोजाना एक्सफोलिएशन से एक्ने की समस्या को कंट्रोल करें। इसके लिए एक्सफोलीएटिंग स्किन क्रीम का उपयोग कर सकते हैं।

***ओटीसी क्रीम***

अगर बट पर हल्के एक्ने हैं, तो इस जगह पर लैक्टिक एसिड, ग्लाइकोलिक एसिड या सैलिसिलिक एसिड युक्त ओटीसी क्रीम लगाना चाहिए। इसको चुनने के दौरान एक्सपर्ट्स की मदद लेना बेहतर है।

***कैलामाइन लोशन***

क्लींजिंग के बाद बट पर कैलामाइन लोशन अप्लाई करें। कैलामाइन जिंक ऑक्साइड त्वचा से एक्स्ट्रा ऑयल कंट्रोल करता है और धीरे-धीरे एक्ने की समस्या कम होने लगती है।

***सॉफ्ट फैब्रिक अंडरवियर***

गलत या फिर टाइट अंडरवियर पहनने से बट एक्ने की समस्या अधिक बढ़ सकती है। बट एक्ने की समस्या होने पर सॉफ्ट फैब्रिक पहनें। क्योंकि आरामदायक और हवादार कपड़े पसीने को एकत्र नहीं होने देते हैं।

***एक्ने से न करें स्क्रब***

एक्ने की समस्या होने पर स्क्रब नहीं करना चाहिए। स्किन पर माइल्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। क्योंकि स्क्रब करने से एक्ने से जलन, ब्लीडिंग और रेडनेस हो सकती है। स्क्रब की जगह आप बॉडी वॉश का इस्तेमाल करें, जिसमें अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड होते हैं।

# खाना खाने के बाद फूलता है पेट, गैस और अपच ने कर दिया है बुरा हाल, तो आज ही भोजन के बाद खाएं ये 3 जरुरी चीजें

कई बार खाना ज्यादा खाने के बाद लोगों का पेट फूलने, गैस, अपच, बदहजमी, खट्टी डकार आने की समस्या शुरु हो जाती है। इन समस्याओं से परेशान होकर लोग दवाईयों का सहारा लेते हैं। लेकिन बार-बार दवाई खाने से काफी नुकसान हो सकता है। दरअसल, आपके किचन में ही कई ऐसी काम की पौष्टिक और फायदेमंद चीजें मौजूद हैं जो पेट से संबंधित कई समस्याओं को दूर कर सकती है। आमतौर पर लोग खाना खाने के बाद माउथ फ्रेशनर के तौर पर सौंफ, छोटी इलायची चबाते हैं। क्या आपको पता है कि अजवाइन, जीरा, सौंफ को यदि एक साथ चबाएं तो ये पेट में जाते क्या-क्या कमाल कर सकते हैं? नही पता तो हम इस लेख में बताएंगे इसके फायदे।

***अजवाइन, जीरा और सौंफ चबाने के फायदे***

- इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक खबर के मुताबिक, सौंफ, जीरा, अजवाइन को चबाने से खाना आसनी से पच जाता है। इतना ही नहीं, इससे पेट फूलने की समस्या भी नहीं होती है। पाचन को सही रखने के लिए ये तीनों ही चीजें बेहद फायदेमंद होती है।



- सांस की दुर्गंध की समस्या होने पर भी सेवन करना चाहिए। इनको खाने से बहुत ही लाइट महसूस होता है। वैसे तो पाचन संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए कई तरह की दवाइयां मौजूद हैं लेकिन इन नेचुरल हर्ब्स के सेवन से कोई नुकसान नहीं होता है।

-अजवाइन, जीरा और सौंफ चबाने से डाइजेस्टिव सिस्टम को जबरदस्त तरीके से फायदा पहुंचाते हैं। इनमें अग्निवर्धक प्रॉपर्टीज होती हैं, जो गैस बाहर निकाल कर ब्लोटिंग की समस्या से छुटकारा दिलाती हैं।

- अजमाइन में थाइमॉल कम्पाउंड होता है जो एंटीस्पैस्मोडिक गुण से भरपूर होता है। यह डाइजेस्टिव मसल्स को रिलैक्स करता है। क्रैम्प दूर करता है, जीरा डाइजेस्टिव एजाइंम्स के प्रोडक्शन को स्टिम्यूलेट करता है। वहीं ये भोजन को तोड़कर उसमें मौजूद पोषक तत्वों को सही से एब्जॉर्ब करने में मदद करता है। इसमें फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है ये बाउल मूवमेंट सही बनाए रखता है और कब्ज दूर करता है।

- अजवाइन के बीज में एंटीमाइक्रो प्रॉपर्टीज भी होती हैं जो पेट की सेहत को सही रखती है। जीरा में एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व होते है जो पेट संबंधित समस्याएं को ठीक करने में मदद करता है। सौंफ में प्राकृतिक रुप से एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर में फ्री रैडिकल से होने वाले नुकसान से बचाते हं।

***कितनी मात्रा में सेवन करना सही है***

आप इन तीनों बीजों के एक साथ 1 छोटा चम्मच यानी लगभग 5 ग्राम सेवन कर सकते हैं। इसे आप बराबर मात्रा में ले। शुरुआत में कम मात्रा में ही सेवन करें ताकि कोई समस्या न हो। इसके बाद अपनी समस्या के अनुसार बढ़ा सकते हैं। बता दें कि, इन बीजों का रेगुलर सेवन करने से पहले आप एक्सपर्ट की सलाह जरूर ले लें। अगर आप प्रेग्नेंट हों या फिर शिशु को ब्रेस्टफीड कराती हों। अधिक सेवन से बचें वरना पेट की समस्या ठीक होने की बजाय बढ़ भी सकती है। ध्यान रखें कि इन बीजों को आप भोजन करने के बाद जब ब्लोटिंग, अपच, गैस आदि महसूस हो तो ही खाएं।

# जंक फूड के सेवन से बढ़ रहा जल्दी मरने का खतरा, नए अध्ययन में हुआ खुलासा

जंक फूड खाने में भले ही टेस्टी लगते हैं, लेकिन लगातार इनका सेवन करना हमारी सेहत के लिए अच्छा नहीं है। ये बहुत अधिक चीनी, नमक, खराब वसा जैसी चीजों से भरे होते हैं, जो हमारे शरीर को समय के साथ खराब कर देते हैं। बहुत अधिक जंक फूड खाने से हमारा वजन बढ़ सकता है, मधुमेह और हृदय संबंधी समस्याएं हो सकती हैं क्योंकि ये हमारे शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की जरूरत पूरी नहीं कर पाते हैं। इन सब के बीच अब एक नए शोध में पता चला है कि जंक फूड का सेवन करने से जल्दी मृत्यु होने का खतरा बढ़ जाता है। बीएमजे जर्नल में हाल ही में प्रकाशित हुए एक अध्ययन में, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन से जुड़े खतरों को रेखांकित किया गया है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में कुकीज़ और डोनट्स से लेकर हॉट डॉग और फ्रोजन फूड्स कई प्रकार की चीजें शामिल होती हैं।



शोधकर्ताओं ने अपने शोध में देखा कि जिन व्यक्तियों ने सबसे अधिक मात्रा में जंक फूड का सेवन किया है, उनमें प्रारंभिक मृत्यु दर अधिक था। वहीं जिन लोगों ने कम जंक फूड खाया है, उनमें ये खतरा कम था। इसके अलावा शोधकर्ताओं ने अपने शोध में जंक फूड खाने से मस्तिष्क स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभाव का भी जिक्र किया है। शोधकर्ताओं के अनुसार, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन करने वाले व्यक्तियों में मल्टीपल स्केलेरोसिस, डिमेंशिया और पार्किंसंस रोग जैसी न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारियों का शिकार होने की संभावना 8 प्रतिशत अधिक थी।

# किशमिश का पानी पीने से मिलते हैं गजब के ये 8 फायदे, आयरन का लेवल बढ़ेगा

किशमिश खाना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होता है, लेकिन किशमिश के पानी पीने से कई फायदे होते है। किशमिश के पानी को अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का एक सरल और प्रभावी तरीका हो सकता है। रोजाना खाली पेट किशमिश का पानी पीने से शरीर को कई फायदे होंगे।

किशमिश हर रसोई घरों में पाया जाने वाला सिंपल-सा सूखा अंगूर, सिर्फ एक स्वादिष्ट नाश्ता नहीं है, ये असंख्य स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करते हैं। इन लाभों को प्राप्त करने का एक लोकप्रिय तरीका किशमिश का पानी पीना है, यह किशमिश को रात भर पानी में भिगोकर बनाया गया एक सरल मिश्रण है।

***किशमिश का पीने के स्वास्थ्य लाभ***

***बेहतर पाचन***

किशमिश फाइबर से भरपूर होती है, जो नियमित मल त्याग को बढ़ावा देकर और कब्ज को रोककर पाचन में सहायता करती है। किशमिश का पानी पीने से पाचन तंत्र को दुरुस्त करने और पोषक तत्वों के अवशोषण को सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है।

***आयरन का लेवल बढ़ना***

किशमिश आयरन का एक अच्छा स्रोत है, जो शरीर में रेड ब्लड सेल्स के उत्पादन और ऑक्सीजन परिचलन के लिए आवश्यक खनिज है। नियमित रूप से किशमिश का पानी पीने से आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को रोकने और ऊर्जा के स्तर को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

***हड्डियों का बेहतर स्वास्थ्य***



किशमिश में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत और स्वस्थ बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण पोषक तत्व है। इसके अतिरिक्त, उनमें बोरोन जैसे यौगिक होते हैं, जो शरीर को हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक कैल्शियम और अन्य खनिजों को अवशोषित करने में मदद करते हैं। किशमिश का पानी पीने से हड्डियां मजबूत होती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम होता है।

***शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट***

किशमिश फ्लेवोनोइड्स, फेनोलिक एसिड और पॉलीफेनोल्स जैसे एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होती है, जो शरीर में हानिकारक मुक्त कणों को बेअसर करने में मदद करती है। ये एंटीऑक्सिडेंट कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाते हैं और कैंसर, हृदय रोग और मधुमेह जैसी पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करते हैं।

***आंखों के स्वास्थ्य में सुधार***

किशमिश विटामिन ए, बीटा-कैरोटीन और ल्यूटिन जैसे दृष्टि-अनुकूल पोषक तत्वों से भरपूर है। ये पोषक तत्व आंखों के इष्टतम स्वास्थ्य को बनाए रखने, उम्र से संबंधित धब्बेदार अध‑ पतन के जोखिम को कम करने और कम रोशनी की स्थिति में दृष्टि में सुधार करने में मदद करते हैं।

***ब्लड शुगर के स्तर का नियमित करता***

अपने मीठे स्वाद के बावजूद, किशमिश में ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिसका अर्थ है कि ये उच्च ग्लाइसेमिक खाद्य पदार्थों की तुलना में ब्लड शुगर के स्तर में धीमी और स्थिर वृद्धि का कारण बनते हैं। किशमिश का पानी पीने से रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने और इंसुलिन प्रतिरोध और टाइप 2 मधुमेह के खतरे को कम करने में मदद मिल सकती है।

***हृदय स्वास्थ्य लाभ***

किशमिश में पोटेशियम होता है, एक आवश्यक खनिज जो रक्तचाप और हृदय समारोह को नियंत्रित करने में मदद करता है। इनमें फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट भी होते हैं जो सूजन को कम करके, कोलेस्ट्रॉल के स्तर में सुधार करके और धमनी प्लाक के निर्माण को रोककर हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं।

***नेचुरल डिटॉक्सिफिकेशन***

किशमिश अपने प्राकृतिक रेचक गुणों के लिए जाना जाता है, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों और अपशिष्ट को बाहर निकालने में सहायता करता है। किशमिश का पानी पीने से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने, पाचन तंत्र को साफ करने और समग्र विषहरण को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है।

***किशमिश का पानी कैसे बनाएं***

-एक गिलास या जार में मुट्ठी भर किशमिश रखें और उन्हें पानी से ढक दें।

- किशमिश को रात भर या कम से कम 8 घंटे तक पानी में भिगो दें।

-अधिकतम लाभ के लिए सुबह पानी को छान लें और खाली पेट पियें।

# आपकी रसोई में मौजूद हैं माइग्रेन को ठीक करने वाली चीजें, आज ही शुरू कर दें इनका सेवन, जल्द मिलेगी राहत



हम सबको कभी-न-कभी सिरदर्द की शिकायत होती है, जो आम है। लेकिन अगर आपको दर्द सिर के एक हिस्से में हो रहा है और इसके साथ उल्टी, रुक-रुककर चमकीली रोशनी और टेढ़ी-मेढ़ी रेखाएं समेत आंखों के सामने काले धब्बे दिखाई दे रहे हैं तो सतर्क हो जाए क्योंकि ये सारे लक्षण माइग्रेन की समस्या के है। माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है, जिसमें रह-रहकर सिर में एक तरफ बहुत ही चुभन भरा दर्द होता है। माइग्रेन का दर्द घंटेभर रह सकता है या फिर ये एक-दो दिन तक आपको परेशान कर सकता है। माइग्रेन होने के सटीक कारणों का अभी तक पता नहीं चला है, लेकिन एक्सपर्ट की मानें तो ये हार्मोनल परिवर्तन, तनाव, नींद की कमी, चमकदार रोशनी या तेज गंध जैसे कारकों की वजह से शुरू हो सकता है।

***बाल प्रत्यारोपण 7 विज्ञापन खोजो***

माइग्रेन के उपचार में आम तौर पर जीवनशैली में बदलाव, ट्रिगर्स की पहचान करना और उनसे बचना शामिल है, जिसके लिए दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन अगर आप बिना दवाओं का सेवन किए माइग्रेन की समस्या से निजात पाना चाहते हैं तो आयुर्वेदिक उपचारो को ट्राई कर सकते हैं। आयुर्वेद डॉक्टर दीक्सा भावसार सावलिया ने अपने सोशल मीडिया पर उन चीजों के बारे में जानकारी साझा की है, जो माइग्रेन की समस्या दूर करने में आपकी मदद करेगी। अच्छी बात यह है कि इन चीजों के लिए आपको अपने घर की रसोई तक का सफर तय करना पड़ेगा।

***आपकी रसोई से ही माइग्रेन ठीक करने वाले 3 खाद्य पदार्थ***

***हर्बल चाय-*** इसे दोपहर के भोजन या रात के खाने के एक घंटे बाद या जब भी माइग्रेन के लक्षण प्रमुख हों, लिया जा सकता है। इसकी बनाना भी बहुत आसान है। इसके लिए 1 गिलास पानी (300 मिली) लें, आधा चम्मच अजवाइन, 1 इलायची दरदरी कुटी हुई, 1 चम्मच जीरा, 1 बड़ा चम्मच धनिये के बीज और 5 पुदीने की पत्तियां लें। इन सब चीजों को मध्यम आंच पर 3 मिनट तक उबालें और अपनी स्वादिष्ट माइग्रेन शांत करने वाली चाय की चुस्की लें। यह मतली और तनाव से राहत के लिए सबसे अच्छा काम करता है। सोते समय, या जब भी लक्षण प्रमुख हों, लिया जा सकता है।

***भीगी हुई किशमिश-*** सुबह सबसे पहले हर्बल चाय (पिछली रील में साझा किया गया रिवाइव) पीने के बाद, रात भर भिगोई हुई 10-15 किशमिश माइग्रेन के सिरदर्द से राहत दिलाने में अद्भुत काम करती है। लगातार 12 हफ्ते तक इसका सेवन करें। ये बढ़े हुए वात के साथ-साथ शरीर में अतिरिक्त पित्त को कम करेगी और माइग्रेन से जुड़े सभी लक्षणों जैसे एसिडिटी, मतली, जलन, एक तरफा सिरदर्द, गर्मी के प्रति असहिष्णुता आदि को शांत करने में मदद करेगी।

***गाय का घी-*** शरीर और दिमाग में अतिरिक्त पित्त को संतुलित करने में गाय के घी से बेहतर कुछ भी काम नहीं करता है। घी का उपयोग विभिन्न तरीकों से किया जा सकता है, भोजन में (रोटी पर, चावल में या घी में सब्ज़ियाँ भूनकर), सोते समय दूध के साथ ले सकते हैं, नस्य के रूप में (नाक में 2 बूँदें डालना), औषधियों के साथ-माइग्रेन के लिए कुछ जड़ी-बूटियां जैसे ब्राह्मी, शंखपुष्पी, यष्टिमधु आदि को घी के साथ लिया जा सकता है।

# बच्चे की मालिश से जुड़ी इन बातों में है कितनी सच्चाई, जानिए या कहते हैं एसपर्ट्स



घर में जब नन्हे मेहमान का आगमन होता है, तो न सिर्फ पेरेंट्स बल्कि दादी-नानी भी बच्चे की मालिश पर विशेष तौर पर जोर देती हैं। जन्म के बाद जब नवजात 20-25 दिन का हो जाता है, तो घर के बड़े-बुजुर्ग बच्चे की रोजाना मालिश किए जाने की सलाह देने लगते हैं। हालांकि कई बार जब बच्चे की मां मालिश नहीं कर पाती है, तो दादी-नानी बच्चे की मालिश करती हैं। वहीं मालिश के लिए कई घरों में तेल बनाया जाता है।

क्योंकि लोगों का मानना होता है कि मालिश करने से न सिर्फ मांसपेशियां बल्कि बच्चे की हड्डियां भी मजबूत होती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस बात में कितनी सच्चाई है।

***मालिश से जुड़े मिथक***

कई लोगों का मानना होता है कि यदि बच्चे की मालिश न की जाए, तो उसके पैर कमजोर होंगे। लेकिन एक्सपर्ट्स की मानें, तो यदि मसाज करने से मसल्स व हड्डियां मजबूत होती, तो लोगों को जिम की जगह मसाज पार्लर जाना चाहिए। एक्सपर्ट की मानें, तो बच्चे की मसाज कनेक्शन बनाने और बच्चे को आराम देने के लिए की जाती है।

कई बार दादी-नानी मालिश करने के दौरान बच्चे की नाक को खींचकर उसको शेप देने की कोशिश करती हैं। लेकिन एक्सपर्ट कहते हैं कि जीन्स के मुताबिक बच्चे को नाक की शेप मिलती है।

कुछ बच्चों का माथा बाहर होता है। ऐसा विटामिन डी की कमी होने होता है। या फिर ऐसा किसी डिसऑर्डर की वजह से हो सकता है। इसके लिए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। क्योंकि मालिश करने से हड्डियां अंदर या बाहर नहीं होती हैं।

मालिश से जुड़ा एक मिथक यह भी है कि मालिश करने से बच्चे के सिर की शेप गोल होती है। जबकि बच्चा जब खुद से उठने या बैठने लगते हैं या फिर सिर पर प्रेशर कम होता है। जिसकी वजह से डिफ्रेंशियल ग्रोथ के कारण सिर अपने आप शेप में आ जाती है।

एक्सपर्ट की मानें, तो इस बात में भी सच्चाई नहीं है कि मसाज करने से बच्चा जल्दी चलने लगता है। बल्कि न्यूट्रिशियन डेवलपमेंट और जेनेटिक पैटर्न के मुताबिक बच्चा चलना सीखते हैं।


# गर्मियों में कज की समस्या से हैं परेशान तो जरूर करें खरबूजे का सेवन, जानिए इसके फायदे

गर्मियों का मौसम अपने साथ कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स भी लेकर आती है। जहां एक ओर गर्मियों में लू का खतरा होता है, तो वहीं इस मौसम में पाचन संबंधी समस्याएं भी शरीर को घेर लेती हैं। गर्मी में अक्सर शरीर डिहाइड्रेट हो जाती है। जिस कारण व्यक्ति को कब्ज की समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आप भी पाचन संबंधी समस्या से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस समस्या से छुटकारा पाने के उपाय के बारे में बताने जा रहे हैं।

गर्मी के मौसम में खरबूजे का सेवन करने से गैस, कब्ज और एसिडिटी की समस्या दूर करने में सहायता मिलेगी। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से खरबूजा आपके पाचन के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

***खरबूजा***

खरबूजा गर्मियों में मिलने वाला बेहद स्वादिष्ट और पौष्टिक फल है।



वहीं अगर खरबूजे के पोषक तत्वों की बात करें, तो इस फल में विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स पाया जाता है। यह फल पानी से भरा फल है जो आपके शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है। साथही यह बोवेल मूवमेंट को तेज करने में भी सहायता करता है।

शरीर में पानी की मौजूदगी के कारण खाना अच्छे से पचता है। इससे मल नरम होता है। बता दें कि खरबूजे में फाइबर भरपूर मात्रा में पायी जाती है, जो आपके पाचन तंत्र के लिए काफी अच्छा होता है। वहीं फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने से मल त्यागने की फ्रीक्वेंसी बढ़ती है। साथ ही इस फल के सेवन से मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है।

इस फल में कूलिंग इफेक्ट पाया जाता है, जो पेट की गर्मी को शांत करता है। साथ ही खरबूजे के सेवन से कब्ज से छुटकारा मिलता है। ऐसे में आप रोजाना एक कटोरी खरबूजा का सेवन कर सकते हैं। यह पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने से कब्ज की समस्या दूर होती है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार की राजधानी पटना में की बैठक
# कांग्रेस के दो नेताओं ने दिया इस्तीफा

**सदस्यता**

**बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विनोद शर्मा और अरविंद ठाकुर ने कांग्रेस के सभी पदों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है।**

**पटना (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक कर भाजपा को मात देने की रणनीति तय की। हालांकि, कांग्रेस की बैठक के



बीच ही कांग्रेस के दो नेताओं ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विनोद शर्मा और अरविंद ठाकुर ने कांग्रेस के सभी पदों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। दोनों नेताओं ने अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है। विनोद शर्मा ने कहा कि राष्ट्रहित और राज्यहित में दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। कांग्रेस ने बिहार में जंगलराज-2 की शुरुआत के लिए राजद के सामने घुटने टेक दिए हैं।

भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाने वाले को दिल्ली में लोकसभा का उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस पूरे देश में खोटे सिक्के और धन कुबेरों को आगे बढ़ाना चाहती है। यही वजह है कि कांग्रेस पूरी तरह से समाप्त हो रही है।

कांग्रेस नेता अरविंद कुमार ठाकुर ने भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की राम मंदिर, जनसंख्या असंतुलन, सम्पत्ति बंटवारा आदि मसलों पर जनभावनाओं के प्रतिकूल सोच एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के चलते पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

## उत्तराखंड में लगे भूकंप के झटके, दहशत

**देहरादून (हि.स.)।** उत्तराखंड में शनिवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप का केंद्र बागेश्वर जिला रहा। इसकी तीव्रता 2.8 रिक्टेयर मापी गई है। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के कपकोट क्षेत्र में जोशीमठ से 40 किलोमीटर के रेंज में शनिवार को दोपहर लगभग 12 बजकर 14 मिनट 20 सेकेंड पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई है। हालांकि तीव्रता कम होने से अधिकांश लोगों को इसका पता नहीं चल पाया, लेकिन जिस किसी ने भी भूकंप के झटके महसूस किए, वह दहशत के चलते घरों से बाहर निकल आया। भूकंप का अक्षांश 29.96 व देशांतर 79.82 दर्ज किया गया है। इससे पहले एक मई को पिथौरागढ़ व सात मई को उत्तरकाशी में तो गत 13 अप्रैल को पिथौरागढ़ में व 16 अप्रैल को हरिद्वार में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

# फिर लिखेंगे चुनाव आयोग को पत्रः कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन

**टर्नआउट**

**मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठाया था कि वोट डाले जाने के बाद चुनाव आयोग टर्नआउट के आंकड़े जारी करने में क्यों देरी कर रहा है।**

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक बार फिर से चुनाव आयोग को पत्र लिखेंगे। इस बार उनके पत्र लिखने का आशय पिछली बार उनके द्वारा भेजे गए पत्र को अस्वीकृत किए जाने का कारण जानना है।

चुनाव आयोग ने मौजूदा लोक सभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में विसंगति के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 6 मई के पत्र में उठाए गए सवालों को आरोप बताते हुए शुक्रवार को खारिज कर दिया है।

शनिवार को मीडिया से बात करते हुए खड़गे ने कहा, मैं एक बार फिर पत्र लिखकर चुनाव आयोग से अस्वीकृति का कारण पूछूंगा लेकिन मैं इसे वहां ( चुनाव आयोग) पहुंचने से पहले प्रेस को जारी नहीं करूंगा।

खड़गे ने आयोग को लिखे पत्र में छह सवाल उठाए थे और उस पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डाल दिया था।

भारत निर्वाचन आयोग ने पत्र मिलने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे को लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए फटकार लगाई। आयोग ने उनके बयानों को आक्रामक कहा। आयोग ने यह भी कहा कि मतदाता मतदान डेटा जारी करने के संबंध में उनके (खड़गे) निराधार आरोप स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन में भ्रम, गलत दिशा और बाधाएं पैदा करने के लिए लगाए गए हैं। आयोग ने आशंका भी जताई कि उनके बयान से मतदाताओं की भागीदारी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठाया था कि वोट डाले जाने के बाद चुनाव आयोग टर्नआउट के आंकड़े जारी करने में क्यों देरी कर रहा है। इसमें धांधली के आरोप भी लगाए गए थे। उसके बाद चुनाव आयोग के पत्र में कहा गया कि मतदान प्रतिशत जारी करने में कोई देरी नहीं हुई है। पहले भी ऐसे ही मतदान प्रतिशत अपडेट होता रहा है। वोटर टर्न-आउट ऐप पर मतदान प्रतिशत लगातार अपडेट होता रहता है। मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े मतदान के दिन शाम 7 बजे के बाद भी कई वजहों से बढ़ते हैं।

## दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी बनेगी भाजपाः अमित शाह

**हैदराबाद (हि.स.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में



दक्षिण भारत (आन्ध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल) में सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी बनेगी। अकेले तेलंगाना में भाजपा 10 सीटें जीतने जा रही है। चौथे चरण के प्रचार के आज अंतिम दिन गृहमंत्री ने हैदराबाद में पत्रकार वार्ता में कहा कि तीन चरणों में हुए मतदान में भाजपा गठबंधन एनडीए को 200 के करीब सीटें मिल चुकी हैं। चौथा चरण हमारे लिए सबसे बेहतर साबित होगा। इसमें तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में भी मतदान होना है और यहां भाजपा और एनडीए क्लीन स्वीप करने जा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि एनडीए चार सौ पार के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ÷4 जून, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। इन राज्यों में भाजपा को सबसे ज्यादा सीटें मिलेंगी।÷

अमित शाह ने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना के विकास के लिए काफी काम किया है। इससे उलट कांग्रेस और बीआरएस सरकारों ने राज्य को राजस्व के मामले में लाभ से कर्ज में डुबो दिया है। आज राज्य भारी कर्ज में डूबा हुआ है। बीआरएस और कांग्रेस की सरकार ने तेलंगाना के विकास को पटरी से उतार दिया है।

## कश्मीर में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के केंद्र में पर्यटन और स्टेटहुड का मुद्दा

**श्रीनगर (हि.स.)।** अपनी नैसर्गिक सुंदरता से पर्यटकों का मन मोह लेने वाले वाले जम्मू और कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद यह पहला लोकसभा चुनाव हो रहा है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण कश्मीर घाटी के श्रीनगर लोकसभा सीट के लिए 13 मई को वोटिंग होगी। सभी राजनीतिक दलों के उम्मीदवार न केवल मुद्दों से वोटरों को वाकिफ करा रहे हैं बल्कि वो खुद को उनके साथ भावनात्मक रूप से भी जोड़ने में लगे हैं।

श्रीनगर में आज (शनिवार) सुबह से चुनावी गहमागहमी शुरू हो गई है। चुनाव प्रचार का आखिरी दिन होने के कारण लाल चौक के कॉफी हाउस से डल झील के किनारे और हाउसबोट्स में भी चुनावी चक्कलस जोरों पर है। कश्मीर घाटी पहुंचे सैलानियों के लिए राजनीतिक रूप से श्रीनगर को जानने का यह अच्छा मौका है।

डल झील पर सालों से शिकारा चलाने वाले आमिर बताते हैं कि सरकार को पर्यटन को और बढ़ावा देने की जरूरत है। अगर कश्मीर को राज्य का दर्जा मिल जाए तो यहां



तेजी से पर्यटन का विकास हो सकेगा। यहां की महिलाएं भी चुनाव के लिए काफी उत्साहित हैं। बड़गाम के एक गांव की पूर्व सचपंच अलीमा बताती हैं कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद यहां शांति है। पत्थरबाजी बंद हो गई है। पहले आतंकवादियों का बहुत खौफ रहता था। घरों से निकलने में भी डर लगता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाकर शांति बहाली का बड़ा काम किया है।

कुपवाड़ा से पूर्व सरपंच रजनी बताती हैं कि उनके क्षेत्र में भी आंतकवादियों का काफी खौफ था। अब माहौल काफी शांत है। कश्मीरी पंडितों को वापस घाटी में लाने की आशा लिए वे कहती हैं कि अब सभी कश्मीरी पंडितों और सिख लोगों को अपने घर वापस लौटना चाहिए।

घाटी की तीन सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार नहीं उतारने से महिलाएं काफी निराश हैं। हलीमा बताती हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने अपना कोई उम्मीदवार चुनावी मैदान में नहीं उतारा, इस बात का बहुत दुख है। वे कहती हैं कि वे नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करना चाहती हैं, क्योंकि 05 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाकर उन्होंने यहां शांति का माहौल स्थापित कर दिया है। पहले यहां आए दिन आतंकी हमले, गोलीबारी और हड़ताल से हालात बहुत खराब थे। अब यहां कोई पत्थरबाजी नहीं है और टूरिज्म को भी बढ़ावा मिला है।

डल झील के पास कबाब सेंटर चलाने वाले लैइक बताते हैं कि यहां सैलानियों से ही उनका घर चलता है। अगर उन्हें थोड़ी और सुविधा दी जाए तो साल भर रौनक रह सकती है। गर्मियों में तो यहां सारे होटल फुल रहते हैं लेकिन बाकी मौसम में टूरिस्ट कम आते हैं। टैक्सी चलाने शमीम बक्करवाल बताते हैं घाटी का मुख्य मुद्दा रोजगार है। अगर यहां के युवाओं को अच्छा रोजगार मिल जाए तो वे भी घाटी के विकास में भागीदार हो सकेंगे। हालांकि अनुच्छेद 370 हटाने से वह क्षुब्ध नजर आए। उन्होंने कहा कि कौन चाहता है कि उनके विशेषाधिकार छीन लिए जाएं पर अब हमें राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए।

## झारखंड के गिरिडीह में नरेन्द्र मोदी की रैली 14 मई को, दो हजार अतिरिक्त जवान रहेंगे तैनात



**रांची (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 मई को झारखंड के गिरिडीह जिले के बिरनी में रैली करेंगे। इस दौरान मोदी की सुरक्षा में चप्पे-चप्पे पर हथियाबंद जवान तैनात रहेंगे। इसके लिए दो हजार अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती होगी।

इसमें 50 इंस्पेक्टर, 280 एसआई और एएसआई, 1146 लाठी बल, 50 यातायात पुलिसकर्मी, दो बीडीएस की टीम, दो हिट टीम, तीन डॉग स्कवाईड सहित इको की आधा दर्जन टीमें तैनात रहेंगी। आसपास के जिलों और ट्रेनिंग सेंटर से भी पुलिस बल बुलाया गया है। इस दौरान यातायात व्यवस्था भी बदली रहेगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व पीएम मोदी गिरिडीह के जमुआ में आये थे।

## मालदीव के राष्ट्रपति प्रवक्ता ने कहा, भारत ने अपने सभी सैनिक वापस बुलाए

**माले (हि.स.)।** मालदीव की सरकार ने कहा है कि भारत ने मालदीव से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने मालदीव से सभी भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने के लिए 10 मई की समयसीमा निर्धारित की थी।

चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू के 10 मई तक देश में तीन सैन्य मंचों का संचालन करने वाले भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर देने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में तनाव बढ़ गया था। पिछले साल मोइज्जू के चुनाव प्रचार अभियान में मालदीव में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की स्वदेश वापसी प्रमुख बात थी।

भारतीय सैन्यकर्मियों का पहला जत्था मार्च की शुरुआत में मालदीव से वापस बुला लिया गया था, इसके बाद अप्रैल में दूसरा जत्था रवाना हुआ, जिसमें कुल 51 सैनिक थे।

# तोहफे में बादाम देकर मनाइये मदर्स डे और अपने प्रियजनों की सेहत को बनाइए दुरुस्त

**लखनऊ।** ऐसा कोई एक दिन नहीं हो सकता, जब हम अपने जीवन में अपनी माँ के अनमोल योगदान का आभार जताएं। हमारी देखभाल करने वाले के रूप में माँ हमारी सेहत को अपनी सेहत से ज्यादा महत्व देती है। इस मदर्स डे पर माँ की सेहत और तंदुरुस्ती का ध्यान रखकर उनके निस्वार्थ प्रयासों को सम्मान देना जरूरी है। अपनी माँ को बादाम का एक सुंदर-सा डिब्बा उपहार में दिया जा सकता है। माँ की अच्छी सेहत सुनिश्चित करने के लिये यह तरीका कारगर होगा। बादाम में कुछ मौलिक पोषक-तत्व होते हैं, जो पूरी तंदुरुस्ती को बढ़ाते हैं। ऐसे में बादाम मदर्स डे पर तोहफे में देने के लिये सबसे बढ़िया हैं।

बादाम में प्रोटीन, ज़िंक, मैग्नीशियम, आयरन, कैल्शियम, फॉस्फोरस और विटामिन 'ई' आदि होते हैं। अच्छी तरह से संतुलित आहार के तहत रोजाना मुट्ठीभर बादाम खाने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। जैसे कि ब्लड शुगर लेवल्स पर बेहतर नियंत्रण रहता है, कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य अच्छा होता है, त्वचा की सेहत बढ़िया होती



है और वजन को नियंत्रित रखने में भी बादाम सहायक होती हैं। इसलिये, मदर्स डे पर बादाम का डिब्बा उपहार में देना माँ की तंदुरुस्ती में योगदान देने के अलावा अपना प्यार और फिक्र दिखाने का एक बढ़िया तरीका हो सकता है। न्यूट्रीशन एण्ड वेलनेस कंसल्टेन्ट शीला कृष्णस्वामी ने कहा, ''माँ रोजाना जितना काम करती है, उसे देखते हुए मदर्स डे पर तोहफे में बादाम देना बेहतरीन और विचारपूर्ण होगा। बादाम सेहतमंद होती हैं और उनके पोषक-तत्व पूरे दिन का जोश सुनिश्चित करते हैं। बादाम से संपूर्ण सेहत में सहयोग भी मिलता है। माँ के लिये बादाम सबसे बढ़िया स्नैक है, क्योंकि वह पूरे दिन लगातार काम करती हैं। रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करने से वह तंदुरुस्त रहेगी। तो इस मदर्स डे पर अपनी माँ को बादाम का एक प्यारा-सा डिब्बा तोहफे में दीजिये और उन्हें खास होने का एहसास कराइये।''

बॉलीवुड अभिनेत्री एवं सेलीब्रिटी सोहा अली खान ने कहा, ''बादाम मेरे परिवार की पीढ़ियों से एक पसंदीदा परंपरा हैं और इसके लिये मेरी माँ की बुद्धिमत्ता को धन्यवाद। मैंने यह तय किया है कि बादाम लगातार मेरे परिवार की डाइट में भी बनी रहें।

# सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच तय करेगी तीन प्रदेश सरकारों का भविष्य

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल की तीन प्रदेश सरकारों के भविष्य का फैसला सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच करेगी। कोर्ट की अलग अलग बेंच में सुनवाई के बाद इन सभी मसलों को संवैधानिक बेंच में भेजने का फैसला किया गया है।

कोशी प्रदेश में दो मुख्यमंत्रियों में से किसे आधिकारिकता प्रदान करने, गण्डकी प्रदेश में बहुमत साबित करने के दौरान स्पीकर द्वारा सरकार के पक्ष में वोट कर बहुमत की संख्या पहुंचाए जाने और सुदूर पश्चिम प्रदेश में मुख्यमंत्री की नियुक्ति में राज्यपाल की भूमिका को लेकर अब संवैधानिक बेंच फैसला करेगी। इन तीनों मुकदमों की सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों ने बताया कि चूंकि ये सभी मसला संविधान की व्याख्या से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी सुनवाई संवैधानिक बेंच में ही की जाएगी।

कोशी प्रदेश में राज्यपाल द्वारा मुख्यमंत्री को बिना हटाए नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति के खिलाफ मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश हरि फूयाल ने कहा कि संविधान की जिन धाराओं का प्रयोग कर प्रदेश प्रमुख यानि राज्यपाल ने नए मुख्यमंत्री का शपथग्रहण करवाया है और जिन धाराओं का प्रयोग कर वर्तमान मुख्यमंत्री अपना दावा पेश कर रहे हैं, उन दोनों धाराओं की व्याख्या संवैधानिक बेंच से ही हो सकती है। चूंकि दोनों पक्ष अलग अलग धाराओं में अपनी दावेदारी कर रहे हैं और उन धाराओं के तहत दोनों ही सही है लेकिन संविधान बनाते समय इस तरह की परिस्थिति आने की कल्पना नहीं की गई थी। अब संविधान की दोनों ही धारा एक दूसरे से बाधित कर रही हैं। ऐसे में इसकी व्याख्या संवैधानिक बेंच द्वारा की जाएगी। गण्डकी प्रदेश में बहुमत के दौरान सदन के स्पीकर द्वारा ही सरकार के पक्ष में मतदान कर बहुमत पहुंचाने के खिलाफ नेपाली कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। इसमें स्पीकर द्वारा मतदान किए जाने को अमान्य ठहराने की मांग की गई है। चूंकि इसी तरह के प्रकरण में पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने कोशी प्रदेश में दो सरकारों को इसलिए बर्खास्त कर दिया था, क्योंकि वहां भी बहुमत पहुंचाने के लिए स्पीकर के मत का इस्तेमाल किया गया था। कांग्रेस पार्टी की मांग है कि गण्डकी प्रदेश में जिस तरह से सरकार बनाने के लिए किए गए दावे में पहले स्पीकर पद का दुरुपयोग करते हुए उनका भी हस्ताक्षर दिखाया गया और बाद में बहुमत साबित करने के दौरान स्पीकर का भी एक वोट लेकर बहुमत साबित किया गया, ये दोनों ही गलत हैं और सुप्रीम कोर्ट के पिछले आदेश के खिलाफ है। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सपना प्रधान मल्ल ने कहा कि उस समय कोर्ट ने किन परिस्थितियों में स्पीकर को मत देने से वंचित किया था, यह नहीं मालूम लेकिन जिस तरह से सदन में पक्ष विपक्ष का वोट बराबर होने पर स्पीकर का वोट मान्य होगा कि नहीं, इसको लेकर संविधान में स्पष्ट व्याख्या नहीं है। इसलिए इस मामले को संवैधानिक बेंच में भेजा जाए ताकि संविधान में जिन प्रावधानों का उल्लेख नहीं है, उसकी व्याख्या हो सके। इसी तरह सुदूर पश्चिम प्रदेश में मुख्यमंत्री की नियुक्ति के दौरान प्रदेश के राज्यपाल द्वारा सरकार बनाने का आह्वान किए जाने के बाद जिस व्यक्ति ने पहले दावा किया था, उसको मान्यता नहीं देते हुए फिर से सरकार बनाने का आह्वान कर सत्तारूढ़ गठबन्धन के पक्ष में काम करने का आरोप लगाते हुए इस प्रक्रिया को खारिज कर पहले दावा करने वाले व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त करने की मांग की गई है। साथ ही अदालत में यह भी कहा गया है कि एक ही पार्टी के संसदीय दल के नेता का निर्णय माना जाए या पार्टी के अध्यक्ष का। इसी तरह वहां पर इस बात को लेकर भी मुकदमा चल रहा है कि पार्टी व्हिप जारी करने का अधिकार विधायक दल के प्रमुख सचेतक को है या पार्टी अध्यक्ष को? इस पर भी सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आनन्द मोहन भट्टराई ने कहा कि प्रदेश प्रमुख के अधिकार को लेकर संविधान की व्याख्या की आवश्यकता है, इसलिए इस मामले को भी संवैधानिक बेंच में भेजा जा रहा है।

# इजराइल सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच रफाह के बाहर संघर्ष जारी

**शहर पर बड़े हमले और भारी हिंसा की आशंका से अमेरिका सहित पूरा विश्व हमले के खिलाफ**

**यरुशलम (हि. स.)।** मिस्त्र की सीमा पर स्थित रफाह शहर पर इजराइली सेना के बड़े हमले और भारी हिंसा की आशंका से अमेरिका सहित पूरा विश्व इस हमले के खिलाफ नजर आ रहा है। हालांकि रफाह के बाहरी इलाके में इजराइली सेना और फलस्तीनी लड़ाकों के बीच भीषण लड़ाई जारी है। इस संघर्ष में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए हैं। इस बीच लगभग 1,10,000 लोगों के रफाह छोड़कर खान यूनिस के नजदीक सुरक्षित स्थान पर जाने की सूचना है। संयुक्त राष्ट्र ने रफाह में इजराइली कार्रवाई से भारी खून

खराबे की आशंका जताते हुए गंभीर चिंता जताई है। इजराइल की युद्ध संबंधी निर्णय लेने वाली कैबिनेट ने रफाह में सैन्य कार्रवाई को बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव पारित कर दिया है। सोमवार से रफाह के पूर्वी भाग में इजराइली सेना की कार्रवाई चल रही थी। अब माना जा रहा है कि इजराइली सेना किसी भी समय बड़ा हमला बोलकर रफाह शहर में घुस सकती है। इस दौरान हमास और इस्लामिक जिहाद ग्रुप के लड़ाकों से उसका टकराव हो सकता है। इस टकराव में बड़ी संख्या में निर्दोष फलस्तीनी मारे जा सकते हैं। इस समय करीब 13 लाख बेघर फलस्तीनी रफाह में शरण लिए हुए हैं। भारी खूनखराबे की आशंका से अमेरिका सहित दुनिया के लगभग सभी देश रफाह में इजराइल की कार्रवाई के खिलाफ हैं लेकिन इजराइल बिना किसी के समर्थन के अकेले ही लड़ने को तैयार है। इस बीच इजराइली सेना ने रफाह क्रॉसिंग पर खाद्य पदार्थों से लदे ट्रक रोक दिए।

रफाह पर कार्रवाई से पहले राहत सामग्री लेकर जा रहे इन ट्रकों को रोका गया है। इसके कारण गाजा में लोगों के भूखमरी का खतरा पैदा हो गया है। साथ ही इन ट्रकों में लदा सामान भी खराब हो रहा है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र आमसभा अब फलस्तीन को नए अधिकार और सुविधाएं देने पर विचार करेगी। साथ ही सुरक्षा परिषद से अनुरोध करेगी कि वह फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र के 194 वें सदस्य के रूप में मान्यता दे।

## भारत ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनाने संबंधी प्रस्ताव के पक्ष में दिया वोट



**संयुक्त राष्ट्र (हि. स.)।** भारत ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्या बनाने संबंध प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उस मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें कहा गया है कि फलस्तीन इस वैश्विक संस्था का पूर्ण सदस्य बनने के योग्य है और उसे सदस्यता दी जानी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा के विशेष सत्र की सुबह आपातकालीन बैठक हुई, जहां मई महीने के लिए महासभा के अध्यक्ष संयुक्त अरब अमीरात ने वैश्विक संस्था में फलस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह का प्रस्ताव 'संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेश' प्रस्तुत किया। भारत समेत 143 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, विरोध में नौ वोट पड़े जबकि 25 सदस्य अनुपस्थित रहे।

प्रस्ताव में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 4 के अनुसार फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के लिए योग्य है और इसलिए उसे सदस्यता दी जानी चाहिए।

# अमेरिका में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने एमआईटी परिसर से हटाया गया

**बोस्टन (हि.स.)।** अमेरिका में शुक्रवार तड़के मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में फलस्तीन समर्थक तंबू को पुलिस ने हटा दिया और फिलाडेल्फिया में पेन्नसीलवेनिया विश्वविद्यालय के परिसर से प्रदर्शनकारियों को बाहर कर दिया। पुलिस ने इस कार्रवाई से कुछ ही घंटे पहले एरीजोना विश्वविद्यालय में एक तंबू को हटा दिया और प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े।

एमआईटी परिसर में पुलिस सुबह चार बजे पहुंची और प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए 15 मिनट का समय दिया। विश्वविद्यालय की अध्यक्ष ने कहा कि वहां से नहीं जाने वाले 10 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच, परिसर के बाहर एकत्र हुई भीड़ ने नारेबाजी की लेकिन उसे सुबह छह बजे तक तितर-बितर कर दिया गया। टक्सन में, एरीजोना विश्वविद्यालय कैम्पस पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर बृहस्पतिवार रात आंसू गैस के गोले छोड़े।



फिलाडेल्फिया में शुक्रवार तड़के, पुलिस ने पेन्नसीलवेनिया विश्वविद्यालय परिसर में दो हफ्ते से अधिक समय से डेरा डाले लोगों को हिरासत में ले लिया। करीब तीन हफ्ते पहले न्यूयॉर्क शहर के कोलंबिया विश्वविद्यालय में विरोध-प्रदर्शन शुरू हुआ था। तब से यह देशभर में कॉलेज परिसरों में फैल गया। फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने को लेकर 2,500 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एमआईटी अध्यक्ष सैली कोर्नब्लथ ने शुक्रवार की गिरफ्तारियों पर एक पत्र में लिखा कि उनकी यह जिम्मेदारी है कि परिसर सुरक्षित रहे और हर कोई अपने विचार प्रकट करने के लिए स्वतंत्र महसूस करे।

अवधनामा

लखनऊ, रविवार, 12 मई, 2024



# श्रृंखला प्रबंधन ही दुग्ध उत्पादों की सफलता की कुंजीः आर. के.जेना.

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग के बी.बी.ए. के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण के तीसरे दिन शनिवार को छात्रों को हापुड़ जिला में पिलकुवा स्थित आनंदा डायरी लिमिटेड का औद्योगिक इकाई का उत्पादन सुविधाएँ का भ्रमण कराया गया। इकाई के अनेक विभागों का कार्यशैली से छात्रों को अनुभावित किया गया।

कंपनी के एसोसिएट वाईस प्रेजिडेंट आर. के. जेना ने दुग्ध के अलग अलग उत्पाद जैसे अनेक प्रकार के पैकेज दूध, मक्खन, पनीर,दही, छाज, राबड़ी, लस्सी आदि का निर्माण शैली के बारे में बताया । दुग्ध प्लांट के अनेक विभागों में छात्रों को दुग्ध उत्पादों का उत्पादन प्रक्रिया का विस्तृत जानकारी दिया गया। कच्चे माल को मिश्रित करके, अनेक उत्पाद का उत्पादन, पैकेजिंग, उत्पादन का भण्डारण, एवं उनको वितरकों एवं खुदरा वितरकों द्वारा ग्राहकों तक पहुँचाने का काम कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन द्वारा पूर्ण किया जाता है। इसके अलावा विपणन एवं विज्ञापन द्वारा ग्राहकों को कंपनी के उत्पादों की नवीनतम जानकारी दी जाती है। कंपनी के ह्यूमन रिसोर्स मैनेजर सी. पी.सिंह. ने छात्रों को प्लांट का विभिन्न विभागों में दौरा कराया। छात्रों द्वारा मैनेजमेंट सम्बंधित सवाल किया गया और उनकी जिज्ञासा पूर्ति किया गया। व्यवसाय प्रबंध के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने कहा की दुग्ध उद्योग भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बेजोड़ कड़ी है। उन्होंने आशा जताई की कंपनी में व्यवसाय प्रबंध के विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के लिए कंपनी में अवसर प्राप्त होगी। उन्होंने कंपनी के एसोसिएट वाईस प्रेजिडेंट आर. के. जेना को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। मोहित सिंह भटिआ ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## पूर्व विधायक बाबा दुबे ने सपा से दिया इस्तीफा



**जौनपुर(बदलापुर)।** जनपद के बदलापुर विधानसभा के पूर्व विधायक ओम प्रकाश दूबे उर्फ बाबा ने समाजवादी पार्टी के इस्तीफा दे दिया। चुनाव के मौके पर अचानक पार्टी से त्याग पत्र देना राजनीति अखाड़े में भूचाल जैसा माना जा रहा है। इसको लेकर चर्चाओं का माहौल भी गर्म हो गया है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को भेजे गये पत्रक में श्री दूबे ने कहा कि मेरे निजी और राजनीतिक सिद्धांतों के विपरीत होने के कारण मैं गलत पृष्ठभूमि एवं आचरण वाले किसी भी व्यक्ति का समर्थन या प्रचार न पूर्व में कभी किया है और न ही वर्तमान में करूंगा। ऐसे में मैं समाजवादी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रहा हूं।

# शोभा यात्रा में लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा प्रदेश अध्यक्ष ने किया लोगों का धन्यवाद

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** श्री हरि विष्णु के छठे अवतार आराध्य भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शोभायात्रा पर मंत्रोच्चारण के बीच भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प एवं धूप अर्पित कर शोभायात्रा की शुरुआत हुई जिसमें अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा.के प्रदेश अध्यक्ष पं. अवध नारायण तिवारी ने लोगों का स्वागत करते हुए अंग वस्त्र भगवान का पताका भेंट करते हुए घोड़े रथ डीजे एवं भव्य परशुराम की झांकी के द्वारा शोभायात्रा की शुरुआत हुई जहां पूरे शहर में भगवान परशुराम का जयकारा लगाते हुए लोग उत्साहित दिखे वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि संगठन के मुखिया एवं हम सबके अभिभावक यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी का आगमन हुआ जहां उन्होंने दिव्य शोभायात्रा को देखकर खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद दिया और जौनपुर वासियों को इस उत्साह के लिए बधाई दिया आपको यह भी बता दें कि इस शोभायात्रा में विभिन्न संगठन के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया अंत में प्रदेश अध्यक्ष में सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह भी कहा कि आज जो सभी के प्रति उत्साह देखने को मिला उससे हृदय गदगद हो गया और सभी को धन्यवाद दिया आदर व्यक्त करने वालों में पंकज शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, मंडल अध्यक्ष जयेंद्र शुक्ला, जिला अध्यक्ष दीपक पाण्डेय रहे अंत में सभी ने भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ तथा कृषि भवन शिव मंदिर पर कार्यक्रम का समापन हुआ। लोगों का उत्साहवर्धन करने के लिए भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह एवं बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का मरम्मत कार्य शुरू

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों की सड़को के मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

कस्बा कुरारा से मनकी गांव स्थित यमुना पुल तक इक्कीस किलोमीटर सड़क का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। कस्बे के कृषि उत्पादन मंडी समित से भोली गांव तक सोलह किलोमीटर सड़क के मरम्मत का कार्य किया गया है विकास खंड कार्यालय के समीप से जखेला गांव तक चार किलोमीटर सड़क का मरम्मत कार्य किया गया है। कस्बे के बेरी तिराहा से बेरी गांव तक चौदह किलोमीटर सड़क का मरम्मत कार्य कराया गया है। इस सड़क पर बेरी तिराहा से लेकर करिया डेरा तक सड़क पर गड्ढे हो गए थे।जिससे लोगो को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।सरसई गांव से भैंसा पाली व कुशोली गांव को गई सड़क का मरम्मत कार्य चल रहा है। इन सड़कों के मरम्मत कार्य तेजी से किया जा रहा है।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग घायल

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा।** क्षेत्र में हुई अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत तीनों घायलों की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां से उन्हें कानपुर रिफर किया गया है। शुक्रवार की रात अरतरा गांव से चार पहिया वाहन स्कॉर्पियो से राजेश शिवहरे पुत्र रामकुमार अपने साथी जुगलकिशोर शिवहरे पुत्र ओमप्रकाश शिवहरे के साथ मौदहा आ रहे थे। तभी अरतरा और मौदहा के बीच सड़क में गोवंश बचाने के चक्कर में चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां से दोनों को कानपुर रिफर किया गया है। दूसरी घटना में कस्बे के अभिषेक पुत्र शंकर साहू सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसको लहुलूहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

## दबंगों ने युवक को पीटकर किया लहुलुहान

**हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बिदोखर पुरई में दबंगों ने एक युवक को घर से निकालकर पीट-पीटकर लहुलुहान कर डाला बचाव करने गये अन्य दो लोगो के साथ भी मारपीट की। ग्राम बिदोखर पुरई निवासी महेन्द कुशवाहा पुत्र रघुनन्दन ने घुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भतीजा सुजीत घर में था तभी प्रिंस सिंह, देवेन्द्र सिंह,अंकुर सिंह, राहुल खंगार, विपिन श्रीवास, जगदीश श्रीवास और मुखिया सिह का पुत्र सभी लोग नशे की हालत में आये और मेरे भतीजे को घर के अन्दर से घसीटकर ले गये जबरजस्त ढंग से मारपीट कर लहुलुहान् कर दिया। बचाने के लिये मेरी मां राजरानी गयी तो उसे भी मारा पीटा शिकायत कर्ता का आरोप है कि उसने भी बचाने का प्रयास किया तो उसे भी पीटा गया। पुलिस से उक्त लोगो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# मतदाता जागरूकता के लिए निकाली गई रैली




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विकासखंड मुंगरा बादशाहपुर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। खंड विकास अधिकारी सूर्यकांत पांडेय ने ब्लॉक परिसर में मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गांव धौरहरा, आशापुर व रामपुर से होते हुए पुनः ब्लॉक परिसर में आकर समाप्त हो गई। रैली में ग्राम विकास अधिकारी प्रवीण सिंह, मृत्युंजय मिश्रा, शशिकांत तिवारी, विनीत सिंह, अरविंद पटेल व नेहा सिंह आदि ने गांव गांव जाकर लोगों को 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। और लोकतंत्र का महत्व समझाने के साथ ही उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी शिव शंकर मिश्रा, आशीष यादव,शीतल भारती,मंगेश यादव समेत ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

# बी आर गौतम पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूट में छात्रों का हुआ कैंपस सिलेक्शन

**जितेंद्र गौतम (डायरेक्टर) ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (रामपुर)**तकनीकी शिक्षा एवं कैंपस सिलेक्शन में एक बार फिर बी आर गौतम पॉलीटेक्निक इंस्टिट्यूट राज़ापुर रामपुर जौनपुर में शत् प्रतिशत छात्रों का कैंपस सिलेक्शन हुआ बी आर गौतम पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूट आज आस पास के क्षेत्रो से काफी संख्या में मेधावी छात्र निकालकर अन्य राज्यों के तमाम कंपनियो तथा देश हित में निरंतर पर्यन्त शील होकर उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं कोई जूनियर इंजीनियर के पद पर तो कोई अन्य पद पर कार्यरत है इस वर्ष न्यू ऐलनबेरी वर्क कंपनी जिसकी ब्रांच फ़रीदाबाद पलवल उत्तराखण्ड राजस्थान में स्थित है जो कॉलेज के काफी बच्चों का कैंपस सिलेक्शन लिया है आधुनिक समय में बी आर गौतम पॉलिटेक्निक इंस्टिट्यूट गरिमा एवं क्षमता के अनुरूप तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक अहम योगदान साबित होगा कॉलेज के डायरेक्टर जितेंद्र गौतम ने कहां की हम इंस्टिट्यूट को भविष्य में एक नई ऊंचाई तक ले जाएंगे जहां किसी भी बच्चे को भविष्य की शिक्षा के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा हमारी कोशिश यही रहेगी यहां पढ़ने वाले हर बच्चे को भविष्य में बेहतर अवसर मिल सके इस अवसर पर कंम्पनी एच आर एवं प्रिंसिपल प्रमोद कुमार दूबे मौजूद रहे।

# महिलाओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** चुनाव का पर्व देश का गर्व अर्थात लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए आजमगढ़ जनपद में 25 मई को मतदान होना है, मतदान में शत प्रतिशत सहभागिता हो, लोग अपने मताधिकारों के बारे में जाने और उसका प्रयोग करें, इसके दृष्टिगत हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ से राष्ट्रीय ध्वज के साथ महिलाओं द्वारा पिंक स्कूटी रैली निकाली गई। महिला मतदाता जागरूकता पिंक स्कूटी रैली का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 आजाद भगत सिंह द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया। जनपद आजमगढ़ में लोकसभा का निर्वाचन आगामी 25 मई को प्रस्तावित है, इसके दृष्टिगत आज शत प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से महिला मतदाता जागरूकता पिंक स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। यह पिंक स्कूटी रैली हरिऔध कला भवन आजमगढ़ से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट, सिविल लाइन, रोडवेज, बवाली मोड़, हरबंशपुर, पहलवान तिराहा, नरौली, हाईडिल चौराहा, सरोज हास्पिटल, लाइफलाइन हास्पिटल, रैदोपुर, काली चौरा, कोट, हर्रा की चुंगी तिराहा, मुकेरीगंज, पहाड़पुर चौक, बड़ादेव होते हुए नगर पालिका चौराहा पर समाप्त हुई। इस रैली में विभिन्न संगठनों से जुड़ी महिलाओं के साथ बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत् अध्यापिकाओं एवं पुलिस विभाग में कार्यरत महिलाओं की मुख्य भूमिका रही। सभी शिक्षिकाएं एवं महिलाएं गुलाबी परिधान में मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रकार के स्लोगनों के साथ नारे लगाते हुए चल रही थी। मतदान में शत प्रतिशत सहभागिता हो तथा लोग अपने मताधिकार के बारे में जाने, इसलिए रैली निकाली गई है। रैली में विभिन्न महिला संगठनों ने प्रतिभाग किया। आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ0 अंगीरा भारद्वाज ने सभी अनुरोध किया कि शत प्रतिशत मतदान करें। उन्होंने मुख्यतः महिलाओं से अपील किया कि यदि महिलाएं सभी चीजों में मजबूत हैं, तो मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लें तथा किसी प्रकार की कोताही न दिखाएं। उन्होंने बताया की रैली का मुख्य उद्देश्य है कि अधिक से अधिक महिलाओं को जागरूक करें, ताकि महिलाएं अधिक बाहर आकर मतदान करें, यह देश के लिए मतदान है। मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग करें। सारे काम छोड़कर 25 मई को मतदान अवश्य करें एवं सरकार का निर्माण करें। इस अवसर पर नगर पालिका आजमगढ़ पर मतदाता शपथ भी दिलायी गयी। कार्यक्रम में आईपीएस शुभम अग्रवाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री समीर सहित अन्य अधिकारी एवं प्रधानाध्यापक व समाजसेवी उपस्थित रहे। इसी के साथ ही लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान दिनांक 25 मई 2024 को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से उद्योग विद्यालय इण्टर कालेज कोयलसा से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। नगर पालिका परिषद बिलरियागंज से भी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों, विद्यालयों से मतदाता जागरूकता रैली, मेंहदी कार्यक्रम आदि के माध्यम से लोगों को 25 मई के दिन अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

# 30 दिवसीय अभिनय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** सूत्रधार संस्थान आजमगढ़ एवं हिमालयीय विश्वविद्यालय देहरादून के संयुक्त तत्वाधान में अभिनंदन सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्थान द्वारा 30 दिवसीय अभिनय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ जनपद के प्रतिष्ठित रंगकर्मी एवम राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभिषेक पंडित द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। अभिषेक पंडित जी ने कलाकारों को संबोधित किया। उन्होंने कार्यशाला के महत्व को बताते हुए कहा कि आज के समय मे जब हर आदमी के हाथ मे एंटरटेनमेंट है और एआई दौर में जब घटनाये तेजी से घट रही है उसमें इस तरह की कार्यशाला ही मानवीय मूल्यों को बचाकर रखेगी और ठहराव प्रदान करेगी। इस कार्यशाला का संचालन हिमालयीय विश्वविद्यालय देहरादून के विशेषज्ञ हरिकेश मौर्य जी द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यशाला के अंतर्गत कलाकारों को अभिनय के बेसिक से लेकर एडवांस तकनीक सिखाई जाएगी जिसमे थिएटर आर्ट को विस्तार से समझाते हुए आंगिक, वाचिक और सात्विक अभिनय पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## फोर व्हीलर पेड़ से टकराई,दो गंभीर

**हमीरपुर।** तेज रफ्तार फोर व्हीलर पेड़ से टकरा गई जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गणेश शिवहरे(25)पुत्र राजकुमार और जुगल किशोर(18)पुत्र ओमप्रकाश शिवहरे पता अज्ञात फोर व्हीलर से जा रहे थे।तभी अरतरा मौदहा मार्ग पर फोर व्हीलर पेड़ से टकरा गई जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों घायलों को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से दोनों को गंभीर चोंटो के चलते मेडिकल कालेज कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।फिलहाल दोनों को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं जबकि हादसे का कारण तेज गति को माना जा रहा है।

# फेसबुक पर वीडियो प्रसारित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मजदूरों ने मांगी मदत

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** इराक के बसरा में फंसे भारतीय मजदूरों ने फेसबुक पर वीडियो प्रसारित कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से देश वापस बुलाने की गुहार लगाई है। साथ ही वहां धोखे से भेजने वाले एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। प्रसारित वीडियो को देख स्वजन अपने बच्चों को लेकर चिंतित हो गए हैं। सगड़ी तहसील के रौनापार निवासी राकेश गुप्ता, धर्मेंद्र, बबलू गुप्ता, प्रदीप कुमार, बनकट निवासी धीरज व नागेंद्र समेत आसपास के इतने ही और मजदूरों को दिल्ली आरके इलेक्ट्रानिक में काम करने वाले शोएब मोहम्मद और अनिल यादव निवासी रौनापार ने हुंडई कंपनी का वीजा देकर चार माह पूर्व बसरा इराक भेजा था। उस समय वहां हुंडई कंपनी में काम करने का करार हुआ था। मजदूरों का आरोप है कि वहां हुंडई कंपनी में काम न देकर चाइना की सिनोमैच कंपनी में जबरदस्ती हम लोगों को काम पर लगा दिया गया। जिस ट्रेड में हम लोगों को भेजा गया था उस ट्रेड में काम भी नहीं मिला। भेजते समय एजेंट ने बताया था कि 40 से 45 हजार रुपये प्रति माह पगार मिलेगी, लेकिन चाइना कंपनी 18 से 20 हजार ही बमुश्किल तनख्वाह दे रही है। भोजन की व्यवस्था के साथ ही रहने का कमरा भी नहीं मिला है। छोटे से एक कमरे में 10 से 12 लोगों को एक साथ रखा गया है। चार माह बीत जाने के बाद भी तनख्वाह नहीं मिला है। देश वापस जाने की बात पर कंपनी मालिक वीजा और पासपोर्ट जप्त कर लेने की धमकी दे रहा है। मजदूरों ने वीडियो प्रसारित कर प्रधानमंत्री से भारत वापस बुलाने की गुहार लगाई है। साथ ही दोषी एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मजदूरों का वीडियो प्रसारित होने के बाद इनके स्वजन परेशान हो गए हैं। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रौनापार विजय प्रकाश मौर्य ने बताया कि अभी मेरे संज्ञान में मामला नहीं है न तो परिवार की तरफसे कोई शिकायत नहीं की गई है।

# छात्रों ने मां के त्याग और बलिदान को किया सलाम

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सिधारी स्थित महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में मातृ दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के श्लोक से हुआ । तपश्चात ऐ मालिक तेरे बंदे हम गीत की प्रस्तुति जब छात्रों ने प्रस्तुत किया पूरा वातावरण तालिया से गूंज उठा । नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी अपनी माताओं को पुष्प देकर मदर्स डे की शुभकामनाएं दी।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मां शीर्षक पर आधारित गीतों की प्रस्तुति से मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक डीपी मौर्य जी ने बताया पूरे विश्व में मदर्स डे मनाया जाता है। यह दिन हर मां को समर्पित है। बच्चों की पहली अध्यापक मां ही है । मां एक शिशु को जन्म ही नहीं देती, बल्कि उनका लालन पालन और जीवन संवारती है। मातृत्व का फर्ज निभाते हुए कई बार महिला अपने अस्तित्व को भूल जाती है। वह अपनी पसंद-नापसंद को भूल बच्चे को संभालने और स्नेह देने में व्यस्त हो जाती है। सुबह उसे नींद से जगाने, स्कूल के लिए तैयार करने, पढ़ाने, खेलने में उसका साथ देने, उसकी सेहत का ख्याल रखने और रात में उसे लोरी गाकर सुलाने तक की जिम्मेदारी को बखूबी निभाती है। आज मैं मदर्स डे पर मांओ को अपनी ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं व इनके त्याग व बलिदान को सलाम करता हूं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य एवं उपप्रधानाचार्य एस.एन. यादव जी ने भी मदर्स डे पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय को ऑर्डिनेटर- आनंद मौर्य, रामचरण मौर्य, दीपिका सिंह और समीक्षा सिंह एक्टिविटी इंचार्ज- धीरेंद्र मोहन एंकर किशन यादव एवं आरोही मोदनवाल, राहुल तिवारी,अजय यादव, बृजराज यादव, कमलेश यादव ,नीतू भारती, अनुराधा, प्रिया श्रीवास्तव ,वैशाली सिंह, ममता मौर्य,शालिनी सिंह,पूजा यादव,सरिता मौर्य, अर्पिता ,आदित्य मिश्र, शुभम मौर्य आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# मातृ दिवस पर माताओं ने बढ़चढ़ कर लिया भाग

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में भव्य एव आकर्षक गीत-संगीत, नृत्य, गेम्स एवं कविता पाठ के मनमोहक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा जिसमें अभिभावकगण में उपस्थित माताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर संस्थापक प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव जी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में माँ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माता का स्नेह बच्चों के लिए अमृत तुल्य है। इसी क्रम में निर्देशिका श्रीमती कंचन यादव जी ने कहा कि श्माँश् सृजन की देवी होती है, जो संतान को अपनी ममता से सिंचती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री विधान तिवारी जी ने बच्चों के जीवन में मों की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए, समस्त शिक्षिकाओं का विद्यालय में योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकगण एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार में समाज के हर वर्ग का शोषण हो रहा हैः धर्मेंद्र

अवधनामा संवाददाता

**बाबा साहब का संविधान बचाना है तो भाजपा को सत्ता से हटाना होगा**



**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी) अपने चुनाव प्रचार के क्रम में आज समाजवादी पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने गोपाल पुर विधानसभा में मिरिया रेहडा, सियरहा, तोफापुर, जैगहा अलाउद्दीन पट्टी में आयोजित चौपाल कार्यक्रमो में शामिल होकर जनता से समाजवादी पार्टी के लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि मोदी सरकार में समाज के हर वर्ग का शोषण हो रहा है। हमारे वाहन चालक भाईयों का उत्पीड़न, सहारा निवेशकों के पैसों के लिए सरकार ने पोर्टल लॉच करके सो गयी, 16 लाख करोड़ का त्रष्टा उद्योग पतियों का तो माफहुआ लेकिन किसानों की कितना कर्ज माफी हुई। देवारा की जनता सरकारी उपेक्षा की शिकार है, यहाँ की सड़कों की बुरी हालत है, हर साल यहाँ के लोग बाढ़ से हर वर्ष जूझते हैं, सभी समस्याओं की जड़ भाजपा की सरकार है इसलिए इसको हटाने में आप सभी लोग सहयोग करें और साइकल चुनाव निशान की बटन दबाएं। कार्यक्रम में विधायक नफीस अहमद, विधान सभा अध्यक्ष हरिराम यादव, देवनाथ यादव, चंचल यादव, ओम प्रकाश राय,समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथी तथा क्षेत्र की सम्मानित जनता उपस्थित रही इसके पूर्व शुक्रवार को समाजवादी पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने सदर विधानसभा में कोलबाज बहादुर, खोजा पुर,किशुन दास पुर, जुनैद गंज, मनचोभा, उकरौडा, पगरा में आयोजित चौपाल कार्यक्रमो में शामिल होकर जनता से समाजवादी पार्टी के लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि हमारा संविधान ही हमारे मौलिक अधिकारों की तथा संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा करता है इसीलिए भाजपा की निगाह में संविधान खटकता है उसके कई वरिष्ठ नेताओं ने भी खुले आम इसे बदलने की बात कही है, बाबा साहेब का संविधान बचाना है तो भाजपा को सत्ता से हटाना होगा, महंगाई बेरोजगारी, अग्निवीर पेपर लीक, मजहबी नफरत से मुक्ति पाना है तो भाजपा को हटाना होगा, सरकार की गलत नीतियों और महंगी बिजली के कारण किसान लघु और कुटीर उद्योग अपने बुरे दौर से गुजर रहा है , मोदी सरकार में लगभग 1 लाख किसानों को आत्म हत्त्या करने को मजबूर होना पड़ा सभी समस्याओं की जड़ भाजपा की सरकार है इसलिए इसको हटाने में आप सभी लोग सहयोग करें और साइकल चुनाव निशान की बटन दबाएं। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव, जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, पल्हनी ब्लॉक प्रमुख प्रमोद यादव, परवेज अहमद, संतोष गौतम हरिश्चन्द यादव, समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता साथी तथा क्षेत्र की सम्मानित जनता उपस्थित रही।

## निर्मला सीतारमण ने किया आंध्रा और तेलंगाना भवन का दौरा
# लंच के दौरान लोगों के साथ की हर मुद्दे पर बात

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आंध्रा भवन और तेलंगाना भवन



पहुंचकर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वहां दोपहर का भोजन कर रहे कॉलेज के छात्र, छात्रों और यूपीएससी उम्मीदवारों से बातचीत की। वित्त मंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज राजधानी नई दिल्ली स्थित आंध्र प्रदेश भवन और तेलंगाना भवन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां दोपहर का भोजन कर रहे कॉलेज के छात्र, छात्रों और यूपीएससी उम्मीदवारों से बातचीत भी की।

सीतारमण से आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और तमिलनाडु से आए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भारतीय अर्थव्यवस्था की भविष्य की संभावनाओं, युवाओं के लिए उभरते क्षेत्रों में अवसरों, डिजिटल अर्थव्यवस्था भारत को कैसे आकार दे रही है, भारत की जी-20 की मेजबानी और आगामी लोकसभा चुनावों में विरासत और संपत्ति कर जैसे मुद्दे उठाए जा रहे हैं, आदि के बारे में सवाल पूछे।

वित्त मंत्री ने छात्र-छात्रओं के सभी सवालों का जवाब भी दिया। उन्होंने वहां उपस्थित छात्रों को समझाया कि भारत में यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान महीने-दर-महीने रिकॉर्ड बना रहा है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान विश्व के नेताओं ने भारत की सराहना की थी। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से संबंधित अवसरों और चिंताओं के बारे में भी छात्रों को बताया।

सीतारमण ने छात्रों को यह भी आश्वासन दिया कि सरकार युवाओं को विभिन्न कौशल सेट प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि न केवल उन्हें रोजगार के पर्याप्त अवसर को प्राप्त करने में मदद मिल सके बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा हो सकें। उन्होंने छात्रों को मुद्रा और कम लागत वाली संपार्श्विक-मुक्त क्रेडिट योजनाओं की सफलता पर भी प्रकाश डाला और बताया कि वे कैसे लोगों को नौकरी निर्माता बनने में मदद कर रहे हैं।

## खान सचिव ने खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड के पंजीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया



**नई दिल्ली (हि.स.)।** खान सचिव वी. एल. कांथा राव ने शनिवार को राजधानी नई दिल्ली, स्थित संसद मार्ग में खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) के पंजीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर खान मंत्रालय और काबिल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

खान मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल), खान मंत्रालय के तहत सीपीएसई, नाल्को, एचसीएल और एमईसीएल द्वारा गठित एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। इसको विदेशों में महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज संपत्तियों की पहचान, खोज, अधिग्रहण और विकास का महत्वपूर्ण मिशन सौंपा गया है।

खान सचिव ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि राजधानी नई दिल्ली में काबिल का पंजीकृत कार्यालय खुलना एक बड़ी उपलब्धि है। यह देश की घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक खनिजों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कुशल और तेज़ कामकाज की सुविधा प्रदान करेगा।

खान सचिव ने कहा कि 'काबिल' भारत की खनिज सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस प्रयासों के एक नए युग का प्रतीक है। राव ने कहा कि उत्कृष्टता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ काबिल ÷मेक इन इंडिया÷ और ÷विकसित भारत÷ के उद्देश्यों के साथ संरेखित होकर महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के क्षेत्र में भारत की वृद्धि और आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत इस लक्ष्य को हासिल कर रहा है।

# एचएमडी ने नर्सिस डे पर नर्सों को डिस्पोजेक्ट सिरिंजिस समर्पित की

**लखनऊ।** अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों की विश्व स्तरीय विनिर्माता हिन्दुस्तान सिरिंजिस एंड मेडिकल डिवाइसिस (एचएमडी) ने आधुनिकतम एवं अपने किस्म की पहली डिस्पोजेक्ट सिंगल यूज़ सिरिंज सेफ्टी नीडल के साथ लांच की है जो नर्सों को नीडल स्टिक इंजरी (एनएसआई) यानी सुई से लगने वाली चोटों से सुरक्षा प्रदान करती है। एचएमडी द्वारा डिस्पोजेक्ट सिरिंज की पेशकश विश्व नर्स दिवस पर दुनिया भर की नर्सों की दृढ़ता व क्षमता का उपयुक्त सम्मान है। दुनिया भर में लगभग 2.70 करोड़ पुरुष एवं महिलाएं नर्सों एवं दाई का काम कर रहे हैं। ये सभी वैश्विक स्वास्थ्य कार्यबल का 50 प्रतिशत हैं।

हिन्दुस्तान सिरिंजिस एंड मेडिकल डिवाइसिस (एचएमडी) के प्रबंध निदेशक राजीव नाथ ने कहा, ''दुनिया भर में नर्से रोजाना नीडल स्टिक इंजरी के जोखिम का सामना करती हैं जिससे उनके स्वास्थ्य पर




खून से होने वाले संक्रमण का खतरा मंडराता रहता है। डिस्पोजेक्ट सिरिंज इस चिंता का प्रभावी ढंग से निवारण करती है और उन लोगों का ख्याल रखती है जो हमारा ख्याल रखते हैं।'' बैंगलुरु के कृष्णादेवराया कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसिस के डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हैल्थ डेंटिस्ट्री द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार बीते 12 महीनों में कुल 27.5 प्रतिभागियों को नीडल स्टिक इंजरी हुई है। 41.80 प्रतिशत चोटें डिवाइस रिकैपिंग के दौरान लगीं। 29.09 प्रतिशत प्रतिभागियों ने बताया कि उन्होंने एनएसआई की सूचना इसलिए दर्ज नहीं कराई क्योंकि उन्हें डर था कि इसके लिए उनको दोषी ठहराया जाएगा या फिर एनएसआई की वजह से वे किसी मुश्किल में पड़ जाएंगे।

## किराना स्टोर्स को बी2बी ई-कॉमर्स ऑफर अपनाने के लाभ

**मेरठ।** आज के डिजिटल युग में, भारतीय रिटेल क्षेत्र की रीढ़ किराना स्टोर्स को, तेजी से बदलते मार्केट में तालमेल बनाए रखने के लिए लगातार चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालाँकि किराना मालिक, ग्राहकों को व्यक्तिगत ग्राहक सेवा और सुविधा देती हैं, लेकिन पारंपरिक व्यावसायिक तरीके अक्सर उन्हें पीछे खींचती हैं। लेकिन, बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ने किराना स्टोर्स को उनके कामकाज को सरल करने, कार्य कुशलता में सुधार करने और मार्केट में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए प्रभावी उपाय पेश किए हैं। आइए उन छह प्रमुख लाभों के बारे में गहराई से जानें जो बी2बी ई-कॉमर्स ऑफर को किराना स्टोर्स ने अपनाना चाहिए-

1. कार्यक्षमता में वृद्धि और परिचालन लागत में कमी- खरीदारी करते समय थोक विक्रेताओं के साथ मोल-भाव करने, भीड़-भाड़ वाले मार्केट में घूमने और खरीदारी करने के बाद सामान वापस स्टोर तक ले जाने में बहुत समय लगता है। बी2बी प्लेटफॉर्म इन सब परेशानियों को दूर करने में मदद करता हैं। बी2बी प्लेटफॉर्म पर निर्धारित डिलीवरी के विकल्प दिए जाते हैं, जहां किराना मालिक किसी भी समय ऑर्डर कर सकते हैं,जिससे मूल्यवान समय की बचत होती है। बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को अपनाने से किराना मालिकों को ग्राहक सेवा पर ध्यान देने, लोकल निवासियों के साथ संबंध बनाने और बिक्री और स्टाफ मैनेजमेंट जैसे इन-स्टोर कामकाज के लिए अधिक समय मिल सकता है।

2. वाइडर सिलेक्शन और कॉम्पिटिटिव प्राइस- पारंपरिक तौर पर, किराना स्टोर लोकल डिस्ट्रीब्यूटर के एक सीमित स्टॉक पर निर्भर रहते हैं, जबकि बी2बी प्लेटफॉर्म एक डिजिटल मार्केटप्लेस के रूप में काम करते हैं, जो उन्हें देश भर में आपूर्तिकर्ताओं के एक बड़े नेटवर्क से जोड़ते है। यह प्लेटफॉर्म नए ब्रांड और विशेष वस्तुओं सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है जो नए ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। विभिन्न डिस्ट्रीब्यूटर से कीमतों की तुलना करने की क्षमता, बी2बी प्लेटफॉर्म से निगोशिएट की गई थोक खरीदारी के माध्यम से आगे की लागत बचत में मदद करती है।

3. बेहतर इन्वेंटरी मैनेजमेंट- ग्राहकों से ज्यादा डिमांड किये जाने वाली वस्तुओं के ख़त्म होने या अत्यधिक स्टॉक रखने से मुनाफ़े को नुकसान पहुंचा सकता है। बी2बी प्लेटफॉर्म स्टॉक ख़त्म होने के जोखिम को कम करने और बिक्री के कम अवसर छूटने के लिए रिअल-टाइम इन्वेंटरी ट्रैकिंग टूल्स और बिक्री डेटा के आधार पर इन्वेंटरी की स्वचालित रीऑर्डरिंग जैसे टूल्स पेश करते हैं।

4. डेटा के आधार पर निर्णय लेना- कुछ बी2बी प्लेटफ़ॉर्म किराना मालिकों को एनालिटिक्स टूल्स ऑफर करते हैं जो मूल्यवान जानकारी देते हैं जैसे की-

सबसे ज्यादा बिकने वाले उत्पाद और लोकल रहिवासियों के खरीदारी का डेटा, किराना मालिकों को ग्राहकों की पसंद के अनुसार वस्तुओं की सूचि तैयार करने में मदद करता है।

खरीदारी के पैटर्न और अधिकतम मांग की अवधि के बारे में जानकारी, उन्हें स्टॉक लेवल को अनुकूलित करने और ऑफ-सीजन के दौरान स्टॉक ख़त्म होने के जोखिम से बचने में मदद करती है।

ग्राहक जनसांख्यिकी के बारे में जानकारी, उन्हें लक्षित विज्ञापन और मार्केटिंग रणनीतियाँ विकसित करने में मदद करती है।

5. बड़े रिटेलर्स के साथ समान अवसर- भारतीय रिटेल क्षेत्र में बड़े, आधुनिक रिटेलर्स की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है जो कुशल खरीदारी के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठाते हैं। बी2बी ई-कॉमर्स से, किराना स्टोर समान स्तर की कार्यक्षमता और लागत लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे ग्राहकों के लिए उत्पादों के व्यापक चयन की पेशकश कर सकेंगे जो बड़े स्टोर्स के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं, और उभरते रिटेल लँडस्केप में प्रासंगिक बने रहने के लिए उनके व्यवसाय को भविष्य में बेहतर बना सकते हैं।

6. सुविधा और समय की बचत- व्यस्त किराना स्टोर मालिकों के लिए, हर एक मिनट कीमती होता है और बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म डिजिटल कॉमर्स के लाभों को बढ़ाकर, खरीदारी का समय बचाने में गेम-चेंजर साबित हो सकते हैं। किराना स्टोर्स मालिक केवल इंटरनेट कनेक्शन के साथ, अपने घर बैठे आराम से 24/7 ऑर्डर कर सकते हैं। जिससे किराना स्टोर मालिकों को व्यावसायिक समय के दौरान डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाने की आवश्यकता नहीं होगी और उनके बहुमूल्य समय और संसाधनों की बचत होगी।

## पर्यावरण के अनुकूल डिलीवरी के लिए फ्लिपकार्ट और बजाज ऑटो में साझेदारी
# हरित भविष्य की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम

**लखनऊ।** दुनिया की सबसे मूल्यवान दोपहिया एवं तिपहिया कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड और भारत के प्रमुख ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस में शुमार फ्लिपकार्ट ने फ्लिपकार्ट के लास्ट माइल डिलीवरी ऑपरेशंस में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के प्रयोग को गति देने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह सहयोग भारतीय ई-कॉमर्स परिदृश्य के हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है। समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर बजाज ऑटो और फ्लिपकार्ट के प्रवक्ताओं समरदीप सुबंध, प्रेसिडेंट (इंट्रासिटी बिजनेस यूनिट, बजाज ऑटो लिमिटेड), प्रभु बालाश्रीनिवासन, (वाइस प्रेसिडेंट, कॉमर्शियल, फ्लिपकार्ट ग्रुप) और हेमंत बद्री, (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, व हेड, सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एंड रीकॉमर्स, फ्लिपकार्ट ग्रुप) द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इसने बजाज ऑटो और फ्लिपकार्ट के बीच दीर्घकालिक




व्यापार साझेदारी की नींव रखी है। इसके तहत फ्लिपकार्ट को तकनीकी रूप से उन्नत कम से कम 1000 इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर कार्गो वाहनों की आपूर्ति की जाएगी। यह समझौता भविष्य में व्यापक सहयोग एवं बेड़े में विस्तार का मार्ग प्रशस्त करता है। फ्लिपकार्ट के साथ एमओयू के बारे में बजाज ऑटो लिमिटेड के प्रवक्ता समरदीप सुबंध ने कहा, जैसे-जैसे ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ेगाभारत में लास्ट माइल लॉजिस्टिक्स का प्रभाव काफी बढ़ जाएगा। आखिरी छोर तक लॉजिस्टिक्स में पर्यावरण के अनुकूल समाधान को बढ़ावा देनाभारत के घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट का प्रमुख एजेंडा रहा है। थ्री व्हीलर्स में अग्रणी बजाज ऑटो और फ्लिपकार्ट ने 100 प्रतिशत पर्यावरण के अनुकूल फ्लीट तैयार करने की दिशा में हाथ मिलाया है। साझेदारी के तहत बजाज ऑटो दो वर्षों में 1000 से अधिक इलेक्ट्रिक कार्गो वाहन उपलब्ध कराएगा। अपने अभिनव डिजाइन और फीचर्स के दम पर बजाज कार्गो के ईटीईसी उत्पाद अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और विश्वसनीयता प्रदान करते हैं। बाजार में इन्हें तेजी से स्वीकृति मिल रही है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट एवं हेड, सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एंड रीकॉमर्स हेमंत बद्री ने कहा, भारत के घरेलू ई-कॉमर्स बाजार के रूप में हमारा मानना हैकि हमारे ऑपरेशंस का पर्यावरण एवं समाज पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। यह गठजोड़ बजाज ऑटो लिमिटेड और फ्लिपकार्ट के साथ-साथ पूरे भारतीय ई-कॉमर्स के परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है।

## फ्यूचर जेनेराली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस ने रिलायंस सिक्योरिटीज़ से हाथ मिलाया

**मुंबई।** फ्यूचर जेनेराली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने रिलायंस सिक्योरिटीज़ के साथ भागीदारी की घोषणा की है। यह भागीदारी एफजीआईएलआईसी की लाइफ इंश्योरेंस विशेषज्ञता और वेल्थ मैनेजमेंट में रिलायंस सिक्योरिटीज़ की शक्ति को जोड़ते हुए एक वास्तविक एवं विस्तृत फाइनेंशियल प्लानिंग के लिए मज़बूत नींव तैयार करेगी। यह तालमेल सिर्फ प्रोडक्ट्स तक सीमित ना होकर, ग्राहकों के लिए नई वित्तीय संभावनाएं पेश करेगा, जिससे उनके आर्थिक खुशहाली के लिए एक स्पष्ट रास्ता तैयार हो सकेगा।

इस भागीदारी पर बोलते हुए, श्री आलोक रूंगटा, एमडी एवं सीईओ, फ्यूचर जेनेराली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि. ने कहा, रिलायंस सिक्योरिटीज़ से हाथ मिलाते हुए हमें बेहद खुशी है। इस भागीदारी के जरिये हम ग्राहकों के लिए बेहतर आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देते हुए, उनके लिए नए अवसर प्रदान करेंगे। इस साझा प्रयास की शुरुआत करते हुए हम वित्तीय समाधानों को सरल बनाएंगे, ताकि लोगों को सक्षम बनाया जा सके।

लव चतुर्वेदी, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ, रिलायंस सिक्योरिटीज़ ने कहा, फ्यूचर जेनेराली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस के साथ इस साझेदारी को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। यह साझेदारी वित्तीय सुरक्षा को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता मज़बूत करती है और समाज के अलग-अलग वर्गों के लिए सुविधाजनक एवं किफायती इंश्योरेंस समाधान लेकर आएगी। इसके साथ हम अपने ग्राहकों को मजबूत वित्तीय सेवाओं के साथ सक्षम बनाने का सफर शुरु करने जा रहे हैं।

## दिग्गज निवेशक और अरबपति जिम साइमंस का निधन

**नई दिल्ली।** साइमंस वॉल स्ट्रील के सबसे सफल निवेशकों में एक थे। उनके निधन की पुष्टि उनके प्रवक्ता जोनाथन गैस्टाल्टर ने की। जिम साइमंस की बनाई रेनेसां टेक्नोलॉजीज को दुनिया की सबसे बड़ी पैसा बनाने वाली मशीन माना जाता है। अरबपति निवेशक, गणितज्ञ और दानदाता जिम साइमंस का शुक्रवार को न्यूयॉर्क के मैनहट्न स्थिर घर पर निधन हो गया। सिमंस 86 साल के थे। वे वॉल स्ट्रील के सबसे सफल निवेशकों में एक थे। उनके निधन की पुष्टि उनके प्रवक्ता जोनाथन गैस्टाल्टर ने की। जिम साइमंस की बनाई रेनेसां टेक्नोलॉजीज को दुनिया की सबसे बड़ी पैसा बनाने वाली मशीन माना जाता है। साइमंस का जन्म 25 अप्रैल, 1938 को ब्रुकलाइन के बोस्टन उपनगर मे हुआ था। जिम साइमंस मैथ्यू साइमंस और मार्सिया साइमंस की एकमात्र संतान थे। उनके पिता फिल्म उद्योग में 20th सेंचुरी फॉक्स के लिए न्यू इंग्लैंड में बिक्री प्रतिनिधि के रूप में काम करते थे। शीत युद्ध के समय अमेरिकी सरकार के लिए कोड ब्रेकर के रूप में काम करने वाले साइमंस ने कभी भी इस रहस्य खुलासा नहीं कि उन्होंने अपने सबसे प्रसिद्ध फंड, मेडेलियन को एसएंडपी 500 इंडेक्स की तुलना में चार गुना से अधिक रिटर्न देने वाला फंड कैसे बनाया? 1988 से 2023 तक, इस फंड ने मोटी फीस चुकाने के बावजूद लगभग 40% का औसत वार्षिक रिटर्न दिया। इस रिटर्न के बूते साइमंस और उनके तीन सहयोगी अरबपति बन गए। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, उनकी अनुमानित संपत्ति 31.8 बिलियन डॉलर थी। वे दुनिया के 49 वें सबसे अमीर व्यक्ति थे। गणित एकमात्र विषय था जो मुझे पसंद था, सिमंस ने नंबरफाइल पॉडकास्ट के लिए 2015 के एक साक्षात्कार यह बात कही थी।

## एक जून से हफ्ते में तीन बार बंगलूरू से देवघर के बीच इंडिगो की उड़ानें, एयरलाइन ने बयान जारी कर बताया

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि नए मार्ग से भारत के दक्षिणी हिस्से से




झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्रों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इन नई उड़ानों के साथ, बेंगलुरु कोलकाता, पटना, रांची और दिल्ली के बाद देवघर के साथ एयरलाइन का पांचवां गंतव्य होगा।

इंडिगो ने झारखंड के देवघर और बेंगलुरु के बीच एक जून से सप्ताह में तीन बार सीधी उड़ान की घोषणा की है। सीधी उड़ानें मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होंगी। इन दिनों फ्लाइट नंबर 6ई 6435 बेंगलुरु से सुबह 10.05 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12.25 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी उड़ान 6ई 6437 दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर देवघर से उड़ान भरेगी और अपराह्न तीन बजकर 25 मिनट पर बंगलूरू पहुंचेगी।

इंडिगो एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि नए मार्ग से भारत के दक्षिणी हिस्से से झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्रों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इन नई उड़ानों के साथ, बेंगलुरु कोलकाता, पटना, रांची और दिल्ली के बाद देवघर के साथ एयरलाइन का पांचवां गंतव्य होगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, हमें बेंगलुरु और देवघर के बीच सीधी उड़ान की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। मल्होत्रा ने कहा कि यह न केवल ग्राहकों को झारखंड के पवित्र शहर की अनछुई सुंदरता तक पहुंच प्रदान करेगा, बल्कि बढ़ी हुई पहुंच, उड़ान विकल्प और छात्रों व रोजगार चाहने वालों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा। देवघर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व से सराबोर शहर है और यहां प्रसिद्ध बैद्यनाथ मंदिर है, जो भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है, यहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। यह शहर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी जाना जाता है, जिसके आसपास पहाड़ियां, झरने और जंगल हैं। ये उड़ान सेवाएं झारखंड में रहने वालों को बेंगलुरु के आईटी हब में विभिन्न पर्यटन स्थलों तक पहुंच प्रदान करेंगी।

# रीजेंसी हेल्थकेयर के नर्सिंग इंस्टीट्यूट ने हेल्थकेयर एजुकेशन में उत्कृष्ता के स्थापित किए नए स्टैण्डर्ड

**कानपुर।** रीजेंसी हेल्थकेयर पिछले 14 सालों से हेल्थकेयर से सम्बंधित शीर्ष स्तरीय शिक्षा प्रदान करने में रीजेंसी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, कानपुर की निरंतर सफलता और प्रतिबद्धता का जश्न मना रहा है। उत्कृष्टता और उत्साह के प्रति अपने समर्पण में निहित रीजेंसी का नर्सिंग इंस्टीट्यूट फैकल्टी और छात्रों दोनों को पाठ्यक्रम (करीकुलर), को-करिकुलर और एक्स्ट्रा-करिकुलर एक्टिविटी में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाता है, जिससे छात्रों की प्रतिभा निखरती है। रीजेंसी हेल्थकेयर के श्रीमती सोनी कपूर, डॉयरेक्टर रीजेंसी इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग ने कहा, ÷रीजेंसी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में हम हेल्थकेयर सेक्टर से सम्बंधित भविष्य के नेताओं को तैयार करने के लिए पूरी लगन और प्रतिबद्धता से लगे हुए हैं। हमारा इंस्टीट्यूट उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में खड़ा है, जहां छात्रों को न केवल सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया जाता है, बल्कि प्रैक्टिकल स्किल और वास्तविक दुनिया के अनुभव भी प्रदान किए जाते हैं। हमारे अलग-अलग प्रकार के पाठ्यक्रमों और अत्याधुनिक फैसिलिटीज के माध्यम से हम अपने छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हेल्थकेयर इंडस्ट्री के विभिन्न सेक्टर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाते हैं। उत्कृष्टता के प्रति समर्पण की विरासत के साथ हम ऐसे हेल्थकेयर प्रोफेसनल की अगली पीढ़ी को तैयार करने का प्रयास करते हैं जो हेल्थकेयर सेक्टर में सकारात्मक बदलाव और इनोवेशन लाने का काम करेंगे। रीजेंसी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैचलर ऑफ साइंसेज इन नर्सिंग से लेकर तहरू और ANM जैसे डिप्लोमा कोर्सों की एक विस्तृत रेंज प्रदान करता है। ष्टस्छ्रूरू के सहयोग से रीजेंसी का नर्सिंग इंस्टीट्यूट मास्टर इन हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन जैसे मैनेजमेंट कोर्स भी प्रदान करता है। इसके अलावा छात्र DMLT, OT, और डायलिसिस सहित पैरामेडिकल कोर्स भी कर सकते हैं। इंस्टीट्यूट द्वारा पोस्ट-बेसिक बी.एससी. नर्सिंग के बाद निकट भविष्य में नर्सिंग में मास्टर ऑफ साइंसेज शुरू करने की योजना पर काम चल रहा है। इंस्टीट्यूट की अत्याधुनिक फैसिलिटी में अच्छी तरह से लैस लेक्चर हॉल और एक बड़ी लाइब्रेरी भी शामिल है। लाइब्रेरी में अपडेटेड पुस्तकें, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाएँ और रिसर्च स्टडी शामिल हैं। पूरी तरह फंक्शनल लेबोरेटरीज में व्यवहारिक शिक्षा के माध्यम से छात्र प्रैक्टिकल स्किल और स्टॅण्डर्डाइज्ड प्रक्रियाओं और क्लीनिकल प्रथाओं से रूबरू होते हैं। ये फैसिलिटीज होलिस्टिक लर्निंग (समग्र शिक्षा) और प्रोफेसनल डेवलपमेंट (व्यावसायिक विकास) के अनुकूल समृद्ध माहौल प्रदान करती हैं। आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने की इंस्टीट्यूट की प्रतिबद्धता इनोवेशन (नवाचार) और एक्सीलेंस (उत्कृष्टता) के माहौल को बढ़ावा देती है, जिससे छात्र एकेडमिक (अकादमिक) और प्रोफेसनल रूप से आगे बढ़ने में सक्षम होते हैं।

(रीजेंसी हॉस्पिटल लिमिटेड में 6 महीने का ट्रेनिंग और बायो वेयेस्ट प्लांट्स, डेयरी, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट्स और कई अन्य स्थानों के भ्रमण के साथ-साथ CHC, PHC, मनोरोग केंद्रों पर प्रैक्टिकल ट्रेनिंग प्रदान करता है।) रीजेंसी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के ग्रेजुएट्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अस्पतालों, शिक्षा, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में टॉप लेवल की नौकरी पाने के लिए तैयार किया जाता है। (रीजेंसी हॉस्पिटल लिमिटेड में नौकरी का अवसर... हर साल कई छात्र रीजेंसी में ही नौकरी पाते हैं।))। ये कोर्स बेहतर करियर बनाने और अस्पतालों, शिक्षा, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर जैसे विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष नौकरी पाने के अवसरों का लाभ उठाने की नींव रखते हैं। नौकरी भूमिकाओं की बात करें तो स्टाफ नर्स, सुपरवाइजर, मैनेजर, नर्सिंग सुपरइनटेंडेंट्स, मैट्रन, लैब तकनीशियन, ओटी तकनीशियन, पैरामेडिक्स, डायलिसिस तकनीशियन और भी बहुत कुछ रोल होते हैं, जिसमें नौकरी मिलती है। इसके अलावा ग्रेजुएट छात्र-छात्राएं कॉर्पोरेट सेक्टर में फ्लाइट नर्स, इंडस्ट्रियल नर्स और भारत और विदेश में अन्य भूमिकाओं के लिए अप्लाई करके नौकरी पा सकते हैं।

## सेहत से भरपूर बादाम का तोहफा देकर मनाइये मदर्स डे

**कानपुर।** इस मदर्स डे पर माँ की सेहत और तंदुरुस्ती का ध्यान रखकर उनके निस्वार्थ प्रयासों को सम्मान देना जरूरी है। अपनी माँ को बादाम का एक सुंदर-सा डिब्बा उपहार में दिया जा सकता है। माँ की अच्छी सेहत सुनिश्चित करने के लिये यह तरीका कारगर होगा। बादाम में कुछ मौलिक पोषक-तत्व होते हैं, जो पूरी तंदुरुस्ती को बढ़ाते हैं। ऐसे में बादाम मदर्स डे पर तोहफे में देने के लिये सबसे बढ़िया हैं। न्यूट्रीशन एण्ड वेलनेस कंसल्टेन्ट शीला कृष्णस्वामी ने कहा, ''माँ रोजाना जितना काम करती है, उसे देखते हुए मदर्स डे पर तोहफे में बादाम देना बेहतरीन और विचारपूर्ण होगा। बादाम सेहतमंद होती हैं और उनके पोषक-तत्व पूरे दिन का जोश सुनिश्चित करते हैं। बादाम से संपूर्ण सेहत में सहयोग भी मिलता है। माँ के लिये बादाम सबसे बढ़िया स्नैक है, क्योंकि वह पूरे दिन लगातार काम करती हैं। रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करने से वह तंदुरुस्त रहेगी। तो इस मदर्स डे पर अपनी माँ को बादाम का एक प्यारा-सा डिब्बा तोहफे में दीजिये और उन्हें खास होने का एहसास कराइये।''बादाम में प्रोटीन, ज़िंक, मैग्नीशियम, आयरन, कैल्शियम,



फॉस्फोरस और विटामिन 'ई' आदि होते हैं। अच्छी तरह से संतुलित आहार के तहत रोजाना मुट्ठीभर बादाम खाने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं। जैसे कि ब्लड शुगर लेवल्स पर बेहतर नियंत्रण रहता है, कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य अच्छा होता है, त्वचा की सेहत बढ़िया होती है और वजन को नियंत्रित रखने में भी बादाम सहायक होती हैं। इसलिये, मदर्स डे पर बादाम का डिब्बा उपहार में देना माँ की तंदुरुस्ती में योगदान देने के अलावा अपना प्यार और फिक्र दिखाने का एक बढ़िया तरीका हो सकता है।

बॉलीवुड अभिनेत्री एवं सेलीब्रिटी सोहा अली खान ने कहा, ''बादाम मेरे परिवार की पीढ़ियों से एक पसंदीदा परंपरा हैं और इसके लिये मेरी माँ की बुद्धिमत्ता को धन्यवाद। मैंने यह तय किया है कि बादाम लगातार मेरे परिवार की डाइट में भी बनी रहें। मुझे अपनी डाइट में बादाम को शामिल करने से त्वचा की सेहत को बेहतर बनाने में मदद मिली है। इसके अलावा मैं ऊर्जा से भरपूर और सक्रिय भी रहती हूँ, चाहे शूटिंग में कितनी भी व्यस्तता हो। मैं हमेशा अपने साथ बादाम का एक डिब्बा रखती हूँ। यह मीटिंग और शूटिंग के बीच तेजी से स्नैकिंग के लिये सबसे बढ़िया है। मेरा मानना है कि इस मदर्स डे पर माँ को तोहफे में बादाम देने से अच्छा कुछ नहीं होगा।''

# जनता का मिल रहा भरपूर समर्थनः देवेंद्र प्रताप सिंह

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** शहर के उमा नगर में मंगलम मैरेज हाल में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रति जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है जिसका कारण है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व और पूरे होते वादे।

पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है, हमारा देश बहुत तेजी के साथ आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अराजकता और गुंडागर्दी पर लगाम लगाया गया है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र भगवान राम अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। जनता में अति उत्साह है। आज सनातन संस्कृति का झंडा पूरे विश्व में लहरा रहा है इसका उदाहरण है आबूधाबी में निर्मित मंदिर, बदलते भारत में एक नई चेतना का जागरण हो रहा है। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और इसी विचारधारा को लेकर हम राष्ट्रहित के कार्यों को करते हैं। देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित हो। भारत की सैन्य ताकत तेजी से बढ़ी है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आगामी 1 जून को अपना वोट राष्ट्रहित में अधिक से अधिक देने का कार्य करें और देवरिया से भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि को मजबूत कर देश की संसद में भेजने का कार्य करें। सभा को सम्बोधित करते हुए देवरिया लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी शशांक मणि ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी, अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं के

**सबके प्रयास से सबका विकास ही भाजपा का मंत्र**

वजह से और सबके प्रयास से सबका विकास की नीति के वजह से है । उन्होंने कहा कि सघन जनसंपर्क और सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से मिलकर किस प्रकार अधिक से अधिक मतदान कराया जाए इस बात की चिंता हमारे सम्मानित कार्यकर्ता और पदाधिकारी कर रहे हैं। पार्टी के हर कार्यकर्ता गांव गांव और घर घर जाकर लाभार्थियों से संवाद करे तथा लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति जागरूकता लाकर प्रत्येक मतदाता की उपस्थिति सुनिश्चित करें । उन्होंने कहा कि पिछले दो चरणों के चुनावों में पूर्व की अपेक्षा मत प्रतिशत में कमी आई है इस नाते हम लोगों का ये दायित्व है कि राष्ट्र हित में हर मतदाता को उसके वोट की कीमत बताएं।

## वोटर फैसिलिटेशन सेंटर के माध्यम से 659 चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों ने किया मतदान

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों का आज दूसरे दिन इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में बने वोटर फैसिलिटेशन सेंटर में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान कराया गया। जिसमें आज कुल 659 कार्मिकों ने बैलट पेपर से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें विधानसभा तिलोई के 163 जगदीशपुर के 188 गौरीगंज के 109 अमेठी के 197 तथा अतिरिक्त वोटर फैसिलिटेशन सेंटर में एक एवं आवश्यक पोटेंशियल वोटर सेंटर में एक कार्मिक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अतिरिक्त विधानसभा सलोन के 91 एवं एक सर्विस वोटर ने मतदान किया। शेष मतदान कार्मिक 13 व 14 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे मतदान कार्मिकों के मतदान के लिए इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज में अलग-अलग विधानसभावार 4 वोटर फैसिलिटेशन सेंटर बनाए गए हैं जिसमें चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों तथा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में चुनाव ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों का मतदान कराया जा रहा है इसके अतिरिक्त जनपद के ऐसे अधिकारी कर्मचारी जो अन्य जनपदों में कार्यरत हैं उनके लिए एक अतिरिक्त वोटर फैसिलिटेशन सेंटर बनाया गया है जिसका आज जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिकों का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिए।



## 52 ली. अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देवरिया में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं आबकारी आयुक्त महोदय एवं जिला अधिकारी देवरिया महोदय के निर्देशानुसार चलाये गये प्रवर्तन अभियान के क्रम में तहसील बरहज के आबकारी निरीक्षक मय स्टाफ व व जनपद के समस्त आबकारी निरीक्षक मय स्टाफ द्वारा विशुनपुर देवार थाना बरहज में नदी के किनारे दबिश दी है। टीम को देखकर अवैध कच्ची शराब का कारोबार करने वाले अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए। दबिश के दौरान नदी के किनारे लगभग 52 ली अवैध कच्ची शराब व लगभग 500 किग्रा लहन बरामद किया गया। बरामद लहन को मौके पर नष्ट करते हुए 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया है।

## बेहतर कार्य के लिए थानाध्यक्ष चौराखास सम्मानित

**फाजिलनगर, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** तैनाती के दौरान बेहतर कार्य करते हुए कानून व्यवस्था को ठीक रखने पर चौराखास थाना के प्रभारी निरीक्षक चंद्रभूषण प्रजापति को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। प्रभारी निरीक्षक को भेजे प्रशस्ति पत्र में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने लिखा है की आपने अपने तैनाती के दौरान गोवध के 35 अभियोगों में कुल 128 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक में निरुद्ध करने के साथ 109 अभियुक्तों की गिरफ्तारी किया गया है। इसके अलावे छः लोगों के खिलाफ कुशल पैरवी करा कर गुण्डा एक्ट की कारवाई कराया गया है। जो आपके अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा व लगन को दर्शाता है। आशा है आप ऐसे अपने दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगे।




## अधिग्रहित किए जाएंगे 141 विद्यालय, 25 मई को हैंड ओवर

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे जिला प्रशासन ने जिले के 141 विद्यालयों को अधिग्रहित किया है। जहां सुरक्षा बलों के ठहरने की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक रविंद्र सिंह ने विद्यालय संचालकों को पत्र भेज कर लिखा है। इसमें कहा है कि 25 मई से विद्यालय पुलिस विभाग को हैंड ओवर कर दें, ताकि बाकी व्यवस्था सुनिश्चित किया जा सके।

डीआईओएस ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर स्कूलों को पुलिस कस्टडी में देना है। इसके लिए सभी कॉलेज प्रशासन को पत्र लिखा गया है। हर हाल में 25 तक स्कूल को हैंड ओवर करना है। जिले के अलग-अलग विद्यालयों में ठहरने की क्षमता के अनुसार केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, पीएसी, सिविल पुलिस, होमगार्ड बल रहेंगे। इसमें पुलिस-प्रशासन का




सहयोग स्कूल संचालक करें। जिले के पडरौना कोतवाली क्षेत्र के 15, रविंद्र नगर थाना क्षेत्र के तीन, जटहां बाजार थाना क्षेत्र के दो, कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के सात, तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सात, कसया 19, हाटा कोतवाली क्षेत्र के 18, अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के पांच, कप्तानगंज थाना क्षेत्र दस, पटहेरवा थाना क्षेत्र के आठ, तमकुहीराज थाना क्षेत्र के दो, तरया सुजान क्षेत्र के चार, सेवरही थाना क्षेत्र के नौ, विशुनपुरा थाना क्षेत्र के चार, खड्डा थाना क्षेत्र के आठ, हनुमानगंज थाना क्षेत्र के दो, नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के दस, रामकोला थाना क्षेत्र के एक कॉलेज संचालक को पत्र भेजा गया है।

## देवरिया ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाता उत्साह बढ़ाने के लिए देवरिया मांगे वोट अभियान का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** लोकतंत्रिक भागीदारी और नागरिक सम्मोहन को बढ़ाने के लिए, देवरिया गर्व से घोषित करता है कि वह अपने नवाचित देवरिया मांगे वोट अभियान का शुभारंभ कर रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों के संघर्ष से पहले, यह पहल वोटर उत्साह को बढ़ाने और नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार मतदान करने का साहस प्रदान करने का उद्देश्य रखती है।

देवरिया मांगे वोट अभियान समुदाय संगठन, तकनीक, और नवाचारी संचार रणनीतियों का बयान करता है, ताकि व्यक्तियों को प्रेरित, और शिक्षित, प्रेरित किया जा सके वोट देने के लिए। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, गैर सरकारी संगठन, और रणनीतिक साझेदारी का उपयोग करके, देवरिया वोटिंग के बाधाओं को हटाने और सक्रिय नागरिकता की




संस्कृति को बढ़ाने का प्रयास करता है। देवरिया मांगे वोट अभियान की मुख्य विशेषताएँ शामिल हैं **शिक्षण उपाय:** मतदान के मूल्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जानकारीपूर्ण सत्र, कार्यशाला, और शिक्षण सामग्री प्रदान की जाएगी।

**समुदाय सम्मोहन:** स्थानीय समुदाय के नेताओं, संगठनों, और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ सहयोगी प्रयास किए जाएंगे, जिससे मतदान के महत्व को बढ़ावा दिया जाएगा और अभियान के लिए समर्थन प्राप्त किया जा सके।

**तकनीक का सम्मिलनः** मतदान जागरूकता को बढ़ाने के लिए, डिजिटल मीडिया और प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग किया जाएगा।

इस अभियान में, संचार प्लेटफ़ॉर्म भी शामिल होंगे, जो लोगों को मतदान की महत्वपूर्ण तारीख और उनके निकटतम पोलिंग स्थानों की जानकारी प्रदान करेंगे। **युवा सशक्तिकरणः** इस अभियान में युवा मतदाताओं को जुटाने और सशक्त करने पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि उनके सक्रिय भागीदारी के माध्यम से राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सके। हम मानते हैं कि हर वोट महत्वपूर्ण है, और व्यक्तियों को उनके मतदान का अधिकार प्रयास करके, हम साथ मिलकर एक और समावेशी और प्रतिनिधित्वकर्ता लोकतंत्र का निर्माण कर सकते हैं बोले उत्तर प्रदेश के पूर्व जीडीपी, भानु प्रताप सिंह, जो देवरिया मांगे वोट अभियान के प्रवक्ता है। देवरिया के सभी नागरिकों, हितधारियों, और साझेदारों को इस उदार उद्देश्य में हाथ मिलाने और सक्रिय लोकतंत्र के विचार को साकार करने के लिए आमंत्रित करते हैं देवरिया मांगे वोट अभियान के बारे में अधिक जानकारी और शामिल होने के तरीकों के लिए, कृपया संदीप शाही 9935600843 से संपर्क करें।

## निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला अधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के आदेशानुसार इंजी लालमणि कश्यप के नेतृत्व में विकासखंड भेटुआ के महत्मा शिव कुमार इंटर कॉलेज धराईमाफी में मानव श्रृंखला और रैली का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रधानाचार्य कैलाश नाथ उपाध्याय ने बच्चो को मतदान देने के लिए प्रेरित किया। अंजू तिवारी विजय कुमार यादव राकेश कुमार यादव श्याम लाल शुक्ल अभिषेक पांडे चंदर पाल यादव राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## तेज लू के थपेड़ों से झुलस रहे राहगीर

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** तेज लू के थपेड़े राहगीरों को मई माह के दूसरे सप्ताह में झुलसा रहे हैं।सड़कें आग उगलने लगी हैं गर्मी दिन-ब-दिन अपने कड़े तेवर अपनाती जा रही है।आने वाले समय में गर्मी के एहसास से लोग चिंतित नजर आ रहे हैं। परिषदीय विद्यालय दोपहरी में बंद हो रहे हैं। कड़ी धूप में नौनिहालों को अपने घर जाना पड़ता है। ऐसे में तपती सड़क पर चलते हुए नौनिहाल झुलसते दिखाई दे रहे हैं। तेज गर्मी शुरू होने के साथ ही आवारा पशुओं के सामने भी छाए की समस्या दिखाई देने लगी झुंड के झुंड मवेशी पेड़ों की छांव तले एकत्र दिखाई देते हैं। उनके सामने पेयजल का भी संकट गहराने लगा है। गांव के अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं जिसमें पानी भरने की कवायद अभी तक शुरू नहीं हुई है। वहीं इन दिनों तेज पछुआ हवा चल रही है जो लू के थपेड़ का काम कर रही है।शनिवार को दोपहरी में राहगीर छाया की तलाश करते नजर आए। लोगों को पानी की तलाश भी करते देखा गया। नगरों में अभी तक किसी भी स्वैच्छिक संगठन या सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था नहीं कराई गई। हालांकि लोकसभा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है चुनावी मौसम में सामाजिक सरोकारों के प्रति भागीदारी निभाने वालों की तादाद बढ़ जाती है लेकिन गर्मी के इस मौसम को देखते हुए भी लोगों द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं दिखाई दे रही है। जानकार लोगों ने यह नसीहत दी है कि तेज धूप और गर्मी से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है लू घातक हो सकती है। प्रशासन की ओर से भी एडवायजरी जारी की गई है।

## मारपीट में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने जाम किया सड़क

अवधनामा ब्यूरो

**चार लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज**

**कुशीनगर।** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बघपरना गांव में शुक्रवार की रात दो लोगो की बहस में मारपीट हो गई। एक पक्ष का आरोप है कि नाराज चार लोगो ने घर में घुसकर बुजुर्ग व दो पुत्र एक पुत्री को लाठी डंडा व लोहे के रॉड से मार पीटकर लहूलुहान कर दिया। जिला अस्पताल में शनिवार सुबह इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई।

नाराज परिजनों ने शव को थाना गेट के बगल सड़क पर रखकर जाम कर हत्या आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ गिरफ्तारी की मांग करने लगे। एक घंटे बाद प्रभारी निरीक्षक के आश्वासन पर सड़क जाम खत्म हुआ। पुलिस शव को कब्जा मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव मे शांती व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। नेबुआ नौरंगिया थाना के ग्राम सभा बघपरना में शुक्रवार देर शाम को राधेश्याम पाठक 60 वर्ष घर के परिजनों का आरोप लगाया की कुछ लोग आपस मे बहस कर रहे थे, जिसमे राधेश्याम ने विरोध जताया। तो उक्त लोगो ने गाली देते हुए उन्हे जान से मारने के नियत से ललकारते हुए लाठी डंडा व लोहे के रॉड लेकर घर मे घुसकर मारने पीटने लगे। अपने पिता को बचाने पहुंचे अमित पाठक, अखिलेश व ऋतु को भी मार पीटकर घायल कर दिया। लोगो का भींड इकठ्ठा देखकर हमलावर मौके से भाग निकले। घायलों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी नेबुआ नौरंगिया ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुई जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहां से भी मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान सुबह 5 बजे मौत हो गई। जिसके बाद परिवार के लोग शव को लेकर गांव के लोगो के साथ थाने के गेट पर पहुंच गए। पिपरा बलकुडिया मार्ग को जाम कर दिया। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह अपने पुलिस बल के साथ परिजनों को काफी समझाने बुझाने व उनकी मांगो को पुरा करने का आश्वासन देकर सड़क जाम समाप्त कराया। पुलिस चार लोगो के खिलाफ हत्या का प्रयास व हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव मे शांती व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक रितेश प्रताप सिंह ने बताया कि आपसी विवाद में हुई मारपीट में घायल एक व्यक्ति का इलाज के दौरान मौत हुई हैं। नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा रही है साथ ही नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## सड़क हादसे में अधिवक्ता व भाजपा मंडल अध्यक्ष की मौत

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के सुकरौली के पास ग्राम पंचायत महादनपुर सिहुलिया निवासी एक अधिवक्ता की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि

**तितला क्रासिंग के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने रौंदते हुए निकल गया**

अधिवक्ता हाटा तहसील में कार्यरत थे और भाजपा सुकरौली मण्डल व लोकसभा चुनाव संयोजक भी थे।

घटना शुक्रवार की देर रात लगभग साढ़े नौ बजे की है। हाटा कोतवाली क्षेत्र के महादनपुर सिहुलिया निवासी अधिवक्ता आदिश्वर त्रिपाठी उम्र 40 वर्ष सुकरौली किराने की दुकान से सामान खरीदने के बाद महुआरी स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने चले गए थे।वापस लौटते वक्त तितला क्रासिंग पर पिछे से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने अधिवक्ता को रौंदते हुए फरार हो गया। आसपास के लोगों तथा सुकरौली पुलिस चौकी के सहयोग से इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुकरौली लाया गया जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक



आदिश्वर तिवारी हाटा स्थित कचहरी में बतौर अधिवक्ता कार्यरत अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। आदिश्वर के दो बच्चे एसी 6 वर्ष व छोटा पुत्र बाबू एक वर्ष का है। अधिवक्ता के मौत की सूचना पर परिजनों सहित पत्नी प्रियंका तिवारी का रो-रो कर बुरा हाल है। जब की पूरे गांव में शोक की लहर के साथ-साथ हाटा कचहरी के अधिवक्ताओं में भी शोक की लहर देखने को मिल रही है। मौके पर पहुंचे सुकरौली चौकी इंचार्ज संदीप सिंह शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

## फोन न उठाने पर युवक ने लाइनमैन को पीटा

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत राजू का पुरवा नरैनी गांव में शुक्रवार को विद्युत लाइन की मरम्मत का काम कर रहे एक लाइन मैन के साथ दबंगई करते हुए एक युवक ने उसे बुरी तरह पीट दिया। युवक लाइनमैन को अपने घर की खराब लाइट ठीक करने के लिए बुला रहा था लाइन की मरम्मत कार्य चलने के कारण लाइन मैन ने तुरंत जाने से मना कर दिया और युवक का फोन नहीं उठाया।आरोप है की नाराज युवक ने लाइन की मरम्मत कर रहे लाइनमैन को बुरी तरह पीट दिया है। पिटाई के शिकार हुए लाइन मैन ने जेई से मामले की शिकायत की।जेई ने घटनास्थल पर जाकर मामले की जानकारी की और वापस आकर दबंगई करने वाले युवक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी है।

## आग लगने से गृहस्थी जली

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** बीती रात अज्ञात कारणों से लगी आग में घर के अंदर रखी गृहस्थी जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड खण्ड भेटुआ की ग्राम पंचायत अरसहनी मे शीला यादव पत्नी जगरूप यादव के घर रात में आग लग गई। जिसमे अनाज सिलाई मशीन बैक पास बुक मोबाइल के साथ छप्पर भी जलकर राख हो गया। आग लगने की जानकारी होने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। सूचना पर लेखपाल हरि प्रसाद दूबे ने मौके पर जाकर क्षति का आंकलन किया।

## कमरे में बंधक बना कर पीटा हत्या का प्रयास, मारपीट का केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के तामा में शुक्रवार को पट्टीदार ने युवक को कमरे में बंधक बना कर पीटा। जिसमे युवक गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया था। पुलिस तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के तामा निवासी अहमद रजा को पट्टीदार शुक्रवार को सुबह 8 बजे मारते पीटते हुए अपने घर पर ले गए। और कमरे में बन्द कर उसे लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। पीड़ित के जीजा मुहम्मद साजिद पुत्र मुहम्मद मुस्तफा निवासी सहदेवापार थाना उरूआ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नवी रजा, खालिद रजा, मोनू के खिलाफ हत्या के प्रयास,मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।



## बंद मकान में चोरी, केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा सेक्टर 5 में स्थित बन्द पड़े मकान का ताला तोड़ कर चोर उसमे रखा सामान चुरा ले गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी सेवकाली मंदिर गोलघर निवासी दीपक जायसवाल का गीडा सेक्टर 5 में मकान है। जो अक्सर बंद पड़ा रहता है। कभी कभार मकान पर जाया करते है।9 मई को अपराह्न 3 बजे मकान पर पहुंचा तो कमरे का ताला टूटा हुआ है। उसमे रखा 6 चौकी, और 6 पंखा चोर चुरा ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## चलती ट्रेन में चोरी हुई बच्ची का बैग

**तरकुलवा देवरिया।** खबर जनपद देवरिया अंतर्गत थाना तरकुलवा क्षेत्र के ग्राम सभा मठिया महाबल का है। जहां पर प्रियंका गुप्ता पुत्री बालेंद्र गुप्ता अपने कॉलेज आनंद नगर लखनऊ को जा रही थी बैग में हाई स्कूल से लेकर के बीएससी आधार कार्ड पैन कार्ड लगभग 8000 रखे थे। उचक्कों के द्वारा उड़ा दिया गया। प्रियंका का रो रो के बुरा हाल है। उसने पहले सूचना अपने पिता बलिंदर को दी। पिता ने लिखित तहरीर अपने पुत्र के द्वारा पुलिस स्टेशन गोरखपुर को दिया हुआ है। आगे कौन सी कार्रवाई होती है यह देखने की बात है। परंतु यह सोचने की बात है कि आज भी रेलवे में यात्रा करना अपने आप को बर्बाद करना है। प्रियंका को चिंता बना हुआ है कि मेरा असली प्रमाण पत्र कैसे हमें हासिल होगा। मेरा अख़बार यह निवेदन करता है की जो भी व्यक्ति अगर इस लड़की और उसके पिता के नाम से अगर कोई भी सर्टिफिकेट को प्राप्त करता है तो उसके स्थानीय पता पर उसे भेजने का कष्ट करें।

## जीवन के उत्तरार्ध में भगवत भजन ही कल्याणकारी

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** व्यक्ति के जीवन के उत्तरार्ध में भगवत भजन ही उसके कल्याण का माध्यम होता है।यूं तो संपूर्ण जीवन व्यक्ति को भगवान की पूजा और आराधना में बिताना चाहिए।लेकिन एक गृहस्थ जब परिवारिक दायित्व से निवृत्ति हो जाए तो शेष जीवन उसे सामाजिक कार्यो और भगवत भजन में लगाना चाहिए।उक्त वक्तव्य पंडित राम निरंजन मिश्र ने शुक्रवार की शाम नगर स्थित एक प्रतिष्ठान में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से आयोजित एक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए दिए।

शुक्रवार को समिति के मुख्य सेवादार बाबा मनोहर सिंह ने समिति के सचिव सदाशिव पांडेय के बेसिक शिक्षा विभाग से सेवानिवृत होने पर उनके सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया। जिसमें नगर के तमाम संभ्रांत लोग पधारे।समारोह को संबोधित करते हुए समिति के सेवादार संजीव भारती ने समिति के कार्यो पर प्रकाश डाला वहीं वृक्ष मित्र टीपी सिंह ने व्याख्यान देते हुए कहा कि व्यक्ति को नौकरी से निवृत होने के बाद सामाजिक कार्यो और भगवत भजन की और अग्रसर होना चाहिए।



अमेठी जल बिरादरी के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पांडेय ने कहा कि लंगर आयोजन समिति ने बाबा मनोहर सिंह के सानिध्य में जिस प्रकार अमेठी में कार्य किया है वह अनुकरणीय और प्रशंसनीय है मानवता की सेवा के लिए समिति के पदाधिकारी और सदस्य सदैव तत्पर दिखाई देते रहे।

बाबा मनोहर सिंह ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्ची पूजा है श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति के माध्यम से वह विगत कई वर्षो से अमेठी में सेवा की भावना को जन-जन में जगाने का प्रयास कर रहे हैं। अवधि की यह भूमि सिख धर्म के गुरुओं के तप से भी अभिसिंचित है लिहाजा इसका एक अलग ही लगाव अमेठी से उन्हें हो गया है। इस सेवा को सतत आगे बढ़ाने के लिए अपना संकल्प दोहराया। सदाशिव पांडे ने कहा कि बाबा जी के सानिध्य आकर उनके जीवन को एक नया निखार मिला है।

अपना शेष जीवन सत्कर्म और सन्मार्ग में लगाने के लिए वे तत्पर हैं। समिति की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीनाथ शुक्ल जगन्निवास मिश्र सतीश मिश्र श्रवण मिश्र अनूप सिह ललित सुधा सिंह आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने बोकता बरवार बंधे का किया निरीक्षण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बरसात का मौसम आने पहले प्रशासन बंधो का मरम्मत कराने का निर्देश दिए। और जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए है कि बंधे में जो भी कमियां दिखाई दे। उसे समय से मरम्मत करा दे। शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने बोकटा बरवार बंधे पर 380 मीटर निर्माण चल रहे पार्को पाईन का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद सहायक अभियंता बीबी सिंह को निर्देश दिए किए जो भी कार्य हो रहे है। उसमे किसी तरह की कमी न होने पाए। मई माह समाप्त होने से पहले जो भी कार्य होने है उसे पूर्ण कराए। लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ कारवाई की जायेगी।

# त्याग, दया, करुणा, सेवा और अटूट समर्पण की प्रतिमूर्ति होती हैं नर्स

## स्वस्थ राष्ट्र और स्वस्थ परिवार की परिकल्पना को साकार करने में निभाती हैं महत्वपूर्ण भूमिका

**अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष**

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में नर्सें पारिवारिक अवसरों को अक्सर भूल जाती हैं क्योंकि अधिक लोगों को अस्पताल में उनकी आवश्यकता होती है। वह कितनी बार भोजन का त्याग सिर्फ इसलिए कर देती हैं क्योंकि किसी को तत्काल पोषण की आवश्यकता होती है। वह उन लोगों के लिए परिवार का सदस्य बन जाती हैं जिन्हें अस्पताल के बिस्तरों पर उपेक्षित छोड़ दिया जाता है। त्याग, दया, करुणा और अटूट समर्पण के इस असाधारण योगदान का सम्मान करने के लिए हर साल 12 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। इस बार इस दिवस की थीम देखभाल की आर्थिक शक्ति रखा गया है। जिसका उद्देश्य नर्सिंग को लागत की बजाय एक निवेश के रूप में देखे जाने की आवश्यकता को उजागर करना है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस आधुनिक नर्सिंग सेवा की अग्रणी फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। इनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने का अवसर मिला और नर्सिंग सेवा को सम्मान की नजर से देखा जाने लगा। आज जनपद में कार्यरत 500 से अधिक नर्सें अपनी दक्षता और समर्पण के साथ न सिर्फ रोगियों की देखभाल में सहायता कर रही हैं बल्कि सुरक्षित प्रसव, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर इनके योगदान को सराहा गया और उनके सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान दिलाने के लिए लोगों ने अपने विचार

हम किसी भी पद पर हों लेकिन जब हमारा जन्म हुआ था तो सबसे पहले हम जिनके हाथ में थे वह एक नर्स थीं। यह मेरे लिए बहुत सुखद है कि हम एक प्रशिक्षित हाथों में थे। उनके लिए सदा हमारे दिल में सम्मान का भाव रहता है। अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर उन्हें कोटि कोटि बधाई!

**मोनिका रानी**
**जिलाधिकारी बहराइच**

चिकित्सीय प्रक्रिया की पूरी जानकारी न होने से कुछ तीमारदार लड़ाई झगड़े पर आमदा हो जाते हैं। जबकि एक डॉक्टर पूरा दिन मरीज के पास नहीं रह सकता और नर्स दिन-रात रोगियों की देखभाल करती है इसलिए हमेशा एक नर्स का सम्मान करना चाहिए ताकि वह अपने कर्तव्यों को अपनी पूरी क्षमता से निर्वहन कर सकें।

**डॉ 0 संजय खत्री**
**प्रिंसिपल**
**महाराजा सुहेल देव मेडिकल कालेज, बहराइच**

जब हम बीमार होते हैं तो सबसे पहला हमारा संपर्क एक नर्स से ही होता है। नर्स ही हैं जो हमारे स्वास्थ्य की स्थिति से डॉक्टर को अवगत कराती हैं और हमारे सेहत की निगरानी करती हैं।

**हरिद्वार -मरीज, बेड़नापुर**

चिकित्सा जगत में हम कितने भी योग्य हों बिना नर्स के रोगियों की देखभाल की कल्पना नहीं कर सकते, अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर हम उनके महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हैं।

**डॉ 0 नरेंद्र सिंह,**
**एमडी मेडिसिन-फखरपुर बहराइच**

संक्रामक बीमारी की स्थिति में जब अपने भी साथ में रहने से संकोच करते हैं तो एक नर्स ही हैं जो बिना भेदभाव के मरीज को उत्तम स्वास्थ्य का उपहार देती हैं ।

**बृजेश सिंह**
**जिला स्वास्थ्य सूचना अधिकारी, बहराइच**

जन्म के समय मेरे बच्चे को सांस लेने में दिक्कत थी उस समय एक नर्स ने ही अपनी कुशलता से उसमें जीवन का प्राण फूंका था मैं उन्हें कभी नहीं भूल सकती।

**गीतांजलि देवी-**
**गृहणी, बंजारी मोड़**

# हादसे में अधिशासी अधिकारी व किशोर की मौत

**अवधनामा संवाददाता**





**फिरोजाबाद।** नगर पंचायत मक्खनपुर में तैनात अधिशाषी अधिकारी रामबहादुर सिंह का शनिवार दोपहर घर से कार्यालय आते समय नये वाईपास पर बिल्टीगढ़ चौराहा के समीप एक साइकिल सवार किशोर को बचाने के चलते कार अनियंत्रित हो गई। कार ने पहले बच्चे को रौंद दिया और उसके बाद सड़क किनारे खड़े पोल में टकरा गई। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अधिशासी अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस उनको लेकर सरकारी ट्रामा सेंटर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी होते ही उनके परिवार में चीत्कार मच गया। परिजन फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज पहुंच गये। ईओ की मृत्यु की खबर लगते ही नगर पंचायत के साथ अन्य पालिकाओं के अधिकारी और कर्मचारियों में भी शोक की लहर दौड़ गई। नगर पंचायत में तैनात अमर बहादुर सिंह (50) पुत्र रामकेदार सिंह निवासी सुल्तानपुर हाल निवासी आर्चिड ग्रीन अपार्टमेंट राजा का ताला टूंडला मक्खनपुर में अधिशाषी अभियंता के पद पर तैनात हैं। शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे के करीब घर से कार्यालय के लिए अपनी कार से निकले थे। जब उनकी कार बिल्टीगढ़ चौराहा के समीप नए वाईपास पर पहुंची, तभी एक किशोर चंद्रकांत उर्फ अंकित (15) पुत्र अमर पाल सिंह जाटव अपनी साइकिल लेकर सड़क पार कर रहा था। अचानक सड़क पर आए बालक को बचाने के चक्कर में ईओ ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार बालक को रौंदती हुई आगे पोल से टकरा गई। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ईओ गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल ईओ को कार से निकाला और उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर भेज दिया। लेकिन जब तक उन्हें सरकारी ट्रामा सेंटर ले जाया गया, तबतक उनकी भी सासें थम गई। ट्रामा सेंटर में डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर हादसे की जानकारी होते ही आसपास के गांव के लोग वाईपास पर एकत्रित हो गए। लोगों ने जाम लगाने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाबुझा कर मामला शांत करा दिया। पुलिस ने किशोर का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। ईओ अपने पीछे दो बेटी और एक बेटा तथा पत्नी को रोता-बिलखता छोड़ गये हैं।

# गंभीर बीमारी गर्भवती महिला आदि की ड्यूटी न काटे जाने पर शिक्षक संघ नाराज

**अवधनामा संवाददाता**

- **प्राथमिक शिक्षक संघ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम को दिया**

**बहराइच।** जनपद में लोकसभा निर्वाचन में परेशान कार्मिकों की ड्यूटी काटने में प्रभारी अधिकारी कार्मिक व उनके द्वारा गठित टीम द्वारा मानवीय संवेदनाओं को दरकिनार कर जबरन अधिकांश संख्या में विकलांग, गंभीर बीमारी गर्भवती महिला छोटे बच्चों की माताओं, पति- पत्नी दोनों में पत्नी की ड्यूटी न काटे जाने पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए पत्र जिलाधिकारी को दिया है साथ ही भारत निर्वाचन आयोग,राज्य निर्वाचन आयोग को भी पत्र भेजा है। संगठन ने ड्यूटी लगाए जाने में की गई अनियमितता का जिक्र करते हुए पत्र में लिखा है कि पर्याप्त कार्मिकों की उपलब्धता होने पर भी परेशान कार्मिको को बार बार दौड़ाने के बाद भी ड्यूटी से मुक्त नही किया गया है। महिला कार्मिको की कमी की बात बता कर पति-पत्नी दोनों में कुछ पतियों की ड्यूटी काटी गई जबकि एक एक पोलिंग पार्टी में 4 कार्मिको में 3 तक महिला कार्मिको की ड्यूटी लगाई गयी है। छोट बच्चों की माताओं अथवा समस्याग्रस्त कार्मिक की ड्यूटी लगी होने पर उनके साथ कोई और सहयोग के लिए जाएगा। वह सहयोगी अपने मताधिकार से वंचित हो जाएगा जिससे जनपद में मतदान प्रतिशत पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। दर्जनों पहुंच वालो की ड्यूटी काट दी गयी है और परेशान कार्मिको से जबरन ड्यूटी कराई जा रही है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी परेशान कार्मिक के साथ निर्वाचन ड्यूटी में किसी प्रकार अप्रिय स्थिति उत्पन्न होती है तो उसके लिए जिला प्रशासन उत्तरदायी होगा। इसकी जानकारी आनन्द कुमार पाठक जिलाध्यक्ष विजय कुमार उपाध्याय जिलामंत्री उ0प्र0 प्राथमिक शिक्षक संघ बहराइच ने दी।

## देवर विवाहिता से छेड़छाड़ के साथ करने लगा ब्लैकमेल

**टूंडला।** एक विवाहिता के साथ देवर ने सोने के आभूषण व नगदी ले ली। जब विवाहिता ने उससे मांगा तो गाली-गलौज कर फेटो खींच ली। आए दिन ब्लैक मेल करके छेड़छाड़ करने लगा। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित पति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रदीप कुमार पुत्र सतीश चन्द्र निवासी सरायनूर महल थाना पचोखरा ने लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि मैं अपने परिजनो के साथ गांव में रहता हूं और रोमसन्स ग्रुप प्राइवेट लिमटेड में नौकरी करने गया था। मेरी पत्नी जयप्रदा कॉसमेटिक की दुकान चलाती है। मेरे मामा का बेटा प्रभु पुत्र बनवारी लाल निवासी विरोधा थाना मनिया जिला धौलपुर का घर आना जाना लगा रहता है। उसी दौरान मेरे मामा के बेटे ने मेरी पत्नी से मंगलसूत्र, टोक्स, अंगूठी सोने, जंजीर सोने, 15 हजार रूपये नगद ले लिए। जब मेरी पत्नी ने सामान व रूपये मांगे तो देने से इंकार कर दिया।

# वांछित अभियुक्त पुलिस ने पकड़ा

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 63/2024 धारा 452/376(3) भादवि व = पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी सदर जनपद फिरोजाबाद के पर्यवेक्षण में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मय टीम अन्दर इलाका थाना क्षेत्र मामूर किया थे दौरान मुखविर खास सूचना मिली की आपके मु0अ0सं0 63/2024 धारा 452/376(3) भादवि व = पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त महाराज सिंह पुत्र स्व0 श्री केहरी सिंह उम्र करीब 75 वर्ष निवासी ग्राम कबीरपुरा थाना बसई मोहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद कही जाने की फिराक में उस्मानपुर तिराहे पर खडा है, मुखविर की सूचना पर अभियुक्त महाराज सिंह उपरोक्त को समय करीब 22.45 बजे उस्मानपुर तिराहे से 200 मीटर उस्मानपुर की तरफ गिरफ्तार किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष समय से पेश किया जायेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे पारुल मिश्रा, थानाध्यक्ष थाना बसई मोहम्मदपुर, उपनिरीक्षक मनिन्द्र कुमार चौकी प्रभारी चन्द्रवार थाना बसई मोहम्मदपुर, उपनिरीक्षक प्रशिक्षुक सोनू कुमार, कां0 287 अनुज कुमार थाना बसई मोहम्मदपुर जनपद फिरोजाबाद।

## बुग्गी चालक में एम्बुलेन्स ने मारी टक्कर, मौत'

**टूंडला।** एक बुग्गी चालक की बुग्गी में पीछे से एंबुलेंस ने टक्कर मार दी। जिससे बुग्गी पलट गई और बुग्गी चालक की दबकर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। राजवीर सिंह बघेल उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र दरियाव सिंह निवासी मिलिक थाना रजावली शनिवार प्रातः 5 बजे वह अपनी बुग्गी में भूसा लेकर पचोखरा धर्म कांटे पर आ रहा था। उसी दौरान पचोखरा थाना क्षेत्रामगांव इमलिया के निकट पीछे से आ रही है। एंबुलेंस ने टक्कर मार दी, जिससे बुग्गी पलट गई और चालक नीचे दब गया। और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुचे सीओ अनिवेश कुमार ने मृतक के परिवारीजनों को समझाकर जाम खुलवाया।

## पुलिस ने एक दर्जन से अधिक वारण्टी पकड़े



**ललितपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ऐसे बदमाशों पर खासी नजर बनाये हुये हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसी प्रकार कार्यवाही करते हुये ललितपुर के विभिन्न थाना पुलिस ने एक दर्जन से अधिक वारण्टियों को हिरासत में लिया है। बताया गया है कि एसपी मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अभियान के तहत यह कार्यवाही की गयी है। पकड़े गये वारण्टियों में थाना पाली क्षेत्र के ग्राम बरौदिया राइन निवासी रविन्द्र सिंह पुत्र मंगल सिंह, पाली के पण्डयाना निवासी लक्ष्मन पुत्र परसादी सहरिया, बानपुर के ग्राम कैलगुवां निवासी अखिलेश पुत्र रनुआ, कैलगुवां निवासी घनश्याम उर्फ घन्सू अहिरवार पुत्र रतुआ, ग्राम दिदौरा निवासी बहादुर पुत्र शिवदीन यादव, ग्राम पाह निवासी रामसिंह पुत्र चैनू, ग्राम पाह निवासी रामकुल्ले पुत्र चैनू, ग्राम पाह निवासी बल्लू पुत्र रामदीन, ग्राम पाह निवासी छक्की पुत्र दयाली, ग्राम डंगराना निवासी विजय पुत्र कमल, ग्राम ड़ंगराना निवासी अजब सिंह पुत्र स्व.मोहन सिंह, ग्राम खितवांस निवासी सुकन पुत्र रघुराज सिंह व कस्बा पाली निवासी भूपेन्द्र सिंह पुत्र गोविन्द सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

## चौकी पुलिस ने शातिर बदमाश को धर दबोचा



**ललितपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के कुशल निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ संचालित हो रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक शातिर बदमाश को एक देशी अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ हिरासत में लिया है। पकड़े गये बदमाश का नाम शहर के मोहल्ला लक्ष्मीपुरा निवाीस करन कुशवाहा पुत्र ताराचंद्र कुशवाहा बताया गया है। पुलिस ने करन को बंधा के पूंछा के पास गोविन्द सागर बांध के साइफन के पास से हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि करन कुशवाहा के खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। बदमाश को पकडने वाली टीम में सदर चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक अनुराग शर्मा, हे.कां.बृजबिहारी, आरक्षी हिमांशु गुप्ता शामिल रहे।

## भीषण गर्मी में भी नहीं सुधर रहे हैण्डपम्प



**ललितपुर।** ग्राम पंचायत बुढ़वार में नल काफी बहुत दिनों से खराब पड़े हुए है, जिसमे ग्रामीणों को ऐसी भीषण गर्मी में दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर है। बुढ़वार में हर मुहल्ले एक सभी सरकारी नल है बहुत दिनो से खराब पड़े हुए है, जिससे ग्रामीण को एक किमी की तय करके ऐसी गर्मी इतनी दूर से पानी ला पाना मुश्किल होता है। लेकिन क्या करे जीवन जीना है। पानी कितना भी दूर क्यों न हो लाना तो पड़ेगा। ग्राम प्रधान और सचिव व पंचायत सचिव को ग्रामीणों की चिंता नही है। की सभी हैंडपंप की हो सके सही तरीके से मरम्मत जिसमे ग्रामीन को पास में पीने योग्य ठंडा पानी मिल सके।

## वांछित अभियुक्त असलाह सहित पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त बका बरामदगी सहित गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में उ0नि0 आनन्द सिंह थाना दक्षिण फिरोजाबाद द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन तलाश व दबिश वांछित अपराधी अभियान के अन्तर्गत अभियुक्त सूरज पुत्र महेश निवासी हिमांयुपुर हरीओम की दुकान वाली गली थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद उम्र करीब 20 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0- 293/24 धारा 307/504/506 भादवि व 3 (2) 5ै बैज् ।ब्ज् व 4/25 आर्म्स एक्ट को सनक सिंह के भट्टे के पास खाली प्लाट से गिरफ्तार किया गया।

## किड्स कॉर्नर स्कूल में मातृ दिवस समारोह व ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ उद्घाटन

**फिरोजाबाद।** किड्स कॉर्नर विद्यालय के प्रांगण में मातृ दिवस का उत्सव समारोह बड़ी धूम-धाम से मनाया गया, उसी के साथ ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्घाटन कर शिविर की शुरुआत हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रूपाली भटनागर व प्रशासक डॉ. मयंक भटनागर ने माँ सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया । तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने नाट्य, गीत, कविता, व नृत्य के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति आदर-सम्मान की भावनाओं को स्तुति के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जी ने अत्यंत गर्व के साथ सभी माताओं को सम्मानित करते हुए व धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी माताओं ने अपने बच्चों को बड़े प्रेम और समर्थन के साथ आगे बढ़ाया है तथा अपना अमूल्य समय निकालकर इस समारोह की शोभा को बढ़ाया है। माँ शब्द जितना छोटा होता है, उतना ही महत्वपूर्ण होता है, आज हम इसी पवित्र रिश्ते को बड़े सम्मान के साथ विद्यालय में मना रहे हैं, जन्म से लेकर आज तक एक माँ ही है जो हमेशा हमारा साथ देती है, माँ ही हमारी प्रथम शिक्षिका है जिन्होंने बोलना, चलना, दुनियाँ को समझना सिखाया तथा हमारे लिए हर रूप में अपना किरदार निभाती है, चाहे चोट लगने पर चिकित्सक, भूख लगने पर रसोइया बनती है और सबसे बड़ी शुभचिंतक माँ ही होती है। जो हर वक्त, हर क्षेत्र में हमारा साथ देती हेद्य हमारे इतिहास ने भी माँ को भगवान का दर्जा देते हुए उसके योगदान को समझाया हैं, और उसके महत्व को समझाते हुए शत-शत नमन किया हैं।

# एसीएमटी कॉलेज के 59 छात्र हुए चयनित



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** एसीएमटी कॉलेज में प्लेसमेंट हेतु साक्षात्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एसीएमटी कॉलेज ऑफ ग्रुप के लगभग 109 छात्रों का साक्षात्कार हुआ। जिसमें से 59 छात्रों का चयन किया गया। मक्खनपुर क्षेत्र के रूपसपुर स्थित एसीएमटी कॉलेज में प्लेसमेंट हेतु साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। जिसमें यूकेवी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और आईटीआई फाइनल ईयर के छात्रों का साक्षात्कार लिया। जिसमें 250 छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 109 छात्रों ने लिखित परीक्षा पास की उसमे से लिए गए साक्षात्कार में 59 छात्रों का चयन किया।

कंपनी की सीईओ मीना शर्मा एवं मेनेजर पवन राणा ने चयनित छात्रों को शुभकामनायें दी। इस मौके पर एसीएमटी ग्रुप के चेयरमैन योगेश यादव ने सफल हुए छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसीएमटी ग्रुप के डायरेक्टर ब्रिजेश यादव,सेक्रेटरी हिर्देश यादव,सीनियर हेड उदयप्रताप ने बताया कॉलेज में लगातार प्लेसमेंट होते रहते है। यंहा प्लेसमेन्ट होने से कई छात्रों के चेहरे पर खुशी दिखी है। इस अवसर पर कालेज हेड सुरेश कुमार यादव, प्रिंसिपल कुलदीप सिंह,हेड विकास यादव,मेनेजर प्रदीप यादव,शिशुपाल यादव एवं कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# पशु पक्षियों के लिए ठंडा जल रखने की पहल

- **शहर में बड़ी मिट्टी के सकोरो और सीमेंट की टंकी की मांग**
- **लोग अपनी छत और बालकनी में रख रहें सकोरों में पानी**

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** गर्मी में मानव हो या फिर पशु-पक्षी सभी को ठंडे जल की तलाश रहती है। लोगों के लिए तो जगह-जगह प्याऊ व नल के साथ ही पानी की उचित व्यवस्था मिल ही जाती है, लेकिन पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शहर में लोगों ने अपनी छत और बालकनियो में पक्षियों के लिए सकोरे भरकर रखना शुरू कर दिया है। ताकि इन बेजुबानों को पानी के लिए भटकन ना पड़े। मानव किड्स क्लब की आराध्य सिंह बताती है कि कई वर्षो से हमारी संस्था मिट्टी के सकोरे बाटने का कार्य कर रही है ,इसके अलावा हमारे जनपद की गऊ पुत्र सेना जगह जगह सीमेंट की टंकियां रख रही है। पानी के साथ समसेवी घास और दाना भी रख रहे है। यह सकोरे और टंकियां काफी मजबूती के साथ तैयार किए गए है, जिससे यह आसानी से नहीं टूटते हैं। शहर में हर चौराहे पर लगभग मिट्टी के बर्तन के साथ यह सकोरे बेचे जा रहे हैं।

# एक्सरे व सीटी स्कैन सुविधा हुई बहाल

**अवधनामा संवाददाता**

- **सीएमओ और सीएमएस के प्रयास से मरीजों को मिली राहत**
- **सीएमओ ने दिया एक्सरे टेक्नीशियन तो सीएमएस ने पुनः शुरू करवाया सीटी सुविधा**



**सुल्तानपुर।** जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज बनते ही स्वास्थ्य सुविधा धड़ाम हो चुकी है,गनीमत है की जिले की स्वास्थ व्यवस्था सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी ने सभांल रखी है तो जिला अस्पताल सीएमएस डॉ.एसके गोयल के हवाले है,अन्यथा की स्थित तो मेडिकल कॉलेज बंया कर ही रहा है,बडी,बडी बात करने वाले की नज़र के सामने मेडिकल कॉलेज में चलने वाली जबरदस्त दलाली और मरीजों का दोहन,फिर भी कान पर जूं नही रेंग रही है तो मतलब साफ है की कुछ तो गड़बड़ है,गनीमत है की सीएमओ और सीएमएस जैसे जिम्मेदार जिले में मौजूद है,वर्ना कांट्रैक्ट वाले तो सत्यानाश कर ही रहे है,बीते पांच दिनों से सीटी स्कैन मशीन तकनीकी खराबी के चलते बंद पडी थी,मरीज़ सफर कर रहे थे,परंतु सीएमएस डॉ.एसके गोयल के द्वारा अथक प्रयास से सीटी स्कैन सुविधा मरीजों के लिए बहाल हुई, तो वही दूसरी तरफ मेडिकल कॉलेज में एक्सरे टैक्निशियन ना होने के वजह से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था,मामले की जानकारी सीएमओ डॉ.ओम प्रकाश चौधरी तक पहुंची,सीएमओ डॉ. चौधरी ने फौरन आचार संहिता का पालन करते हुए राहुल वर्मा (डीआरए) सामु.स्वा.केंद्र डीहडग्गूपुर और अरविंद कुमार डीआरए सामुदायिक केंद्र जयसिंहपुर को संबद्ध करते हुए कहाकि मरीजों को हरहाल में स्वास्थ सुविधाएं उपलब्ध करना हमारा दायित्व है,सूत्र बताते है की सीएमओ व सीएमएस की तरह दूसरे भी जिम्मेदार कार्य को अंजाम देना शुरू कर दें तो मेडिकल कॉलेज नाम का नही बल्कि काम से जाना जाने लगे,परंतु जिले का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा की जिम्मेदार सिर्फ लच्छेदार बातों से ही काम चला रहे है।

# संक्षिप्त समाचार

## अज्ञात कारणों से घर में लगी आग,बाइक सहित पूरी गृहस्थी हुई खाक



**सुल्तानपुर।** अज्ञात कारणों से एक घर में आग लग गई,जिसमें घर में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल राघव राम यादव ने बताया कि आंकलन करके रिपोर्ट बल्दीराय तहसील प्रशासन को भेजी जाएगी।मिली जानकारी के अनुसार,बल्दीराय थाना क्षेत्र के नंदौली गांव निवासी अफसार अहमद पुत्र मुश्ताक अहमद के घर में आज रात अचानक आग की लपटें उठने लगी। परिवार के लोग कानपुर शादी समारोह में गए हुए थे। लपटों को देखकर पडोस के लोग घर की तरफ दौड़े और गांव वालों ने आग बुझाई। जब तक आग पर काबू पाया जाता घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। गांव वालों की मदद से बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में मोटरसाइकिल,दहेज का सामान,चारपाई, गेहूं,सरसों,जेवरात व नगदी आदि सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारणों का अभी पता नहीं चला है।

## नाराज मृतक सफाई कर्मी के परिजन पहुंचे कलेक्ट्रेट



**सुलतानपुर।** आठ मई को भाजपा नेत्री के घर सफाई करने गए सफाई कर्मी की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक सफाई कर्मी के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। वहीं परिजनों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग करते हुए उसका अंतिम संस्कार कर दिया था।पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न होने से नाराज परिजन कलेक्ट्रेट पहुंच गए। सूचना पर पहुंचे नगर कोतवाल परिजनो को एसपी ऑफिस ले गए। अमेठी जिले के मुंशीगंज थानाक्षेत्र के पूरब द्वारा निवासी राहुल नगर पालिका में बतौर दिहाड़ी सफाई कर्मी था। बीते आठ मई को वह भाजपा नेत्री पूजा कसौधन के घर सफाई के लिए गया हुआ था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी तो अस्पताल लाया गया। जहां मौजूद चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया तो पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा दिया। परिजन नगर कोतवाली में तहरीर दे विधिक कार्यवाही की मांग की थी। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों ने उसका अन्तिम संस्कार कर दिया। पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही नहीं होने पर परिजन कलेक्ट्रेट पहुंच गए।सूचना पर पहुंचे नगर कोतवाल श्रीराम पांडे परिजनो को एसपी ऑफिस ले गए। पीड़ित के पिता ने बताया कि शाम तीन बजे एसपी ने वार्ता की बात कही है।

## सपा प्रत्याशी राम भुआल को जिताने की संभाली कमान



**सुल्तानपुर।** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे-वैसे चुनाव प्रचार भी तेज होता जा रहा है। इसौली विधायक ताहिर खान के साथ-साथ उनके भाइयों ने भी जगह-जगह चुनाव प्रचार का जिम्मा अपने ऊपर ले लिया है।सपा प्रत्याशी राम भुवाल को विजई बनाने के लिए देर रात तक जनसभा लगा कर जनता से वोट के लिए अपील कर रहे हैं। कल देर रात पूर्व विधायक संतोष पांडे के आवास पर गठबंधन प्रत्याशी को जितवाने के लिए कार्यकर्ताओं की मीटिंग रखी गई,जिसमें सभी ने अपनी बात रखी। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को कैसे चुनाव जिताया जाए। इस पर रणनीति बनाई गई।विधायक के छोटे भाई सलमान गनी ने कहा कि इस बार नौजवान जाति धर्म को भूलकर रोजगार और महंगाई के खिलाफ अपना वोट देगा। विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ भी कहते हैं कि इसौली में सपा प्रत्याशी लीड करेंगे।

## युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने पर युवक के विरूद्ध रिपोर्ट

**टूंडला।** एक युवती घर का सामान लेने गई थी तभी एक युवक अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित पिता ने थाने में दर्ज कराई है। मनोज कुमार पुत्र मुरारीलाल राठौर निवासी टूंडली ने लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि मेरी पुत्री नेहा राठौर घर से दुकान के पर कुछ सामान लेने गई थी। लेकिन वापस नही आई।

# मतदान ड्यूटी में लगाये गये अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी, हमीरपुर के निर्देशों के अनुक्रम में दिनांक- 11.05.2024 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा हमीरपुर एवं राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय हमीरपुर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतदान ड्यूटी में लगाये गये पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारियों, द्वितीय मतदान अधिकारियों एवं तृतीय मतदान अधिकारियों का दो पालियों में द्वितीय प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में प्रेक्षक महोदया, जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए मतदान कार्मिकों से ई0वी0एम0 संचालन/निर्वाचन के सम्बन्ध पूछे, पूछे गये प्रश्नों का मतदान कार्मिकों द्वारा समुचित उत्तर दिये गये, जिससे प्रेक्षक संतुष्ट रही। उक्त आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम जो राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा हमीरपुर एवं राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय हमीरपुर में प्रत्येक पाली में 288 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाना था जिसके सापेक्ष प्रथम पाली में 288 एवं द्वितीय पाली में भी 284 मतदान कार्मिक उपस्थित हुए एवं 04 कर्मचारी अनुपस्थित रहें। अनुपस्थित मतदान कार्मिक में 01 मतदान कार्मिक अस्वस्थ होने के कारण एवं 01 मतदान कार्मिक के पिता जी के देहान्त हो जाने के कारण एवं 01 मतदान कार्मिक के भाई के देहान्त हो जाने के कारण तथा 01 मतदान कार्मिक के सेक्टर मजिस्ट्रेट में ड्यूटी लग जाने के कारण अनुपस्थित रहे । प्रशिक्षण में उपस्थित मतदान कार्मिकों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में पोलिंग बूथों में सुचारू एवं निष्पक्ष रूप से मतदान सुनिश्चित कराने हेतु सघन प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं मुख्य प्रशिक्षक आदि द्वारा मतदान सम्बन्धी दायित्त्वों की सम्यक जानकारी प्रदान की गयी तथा मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदान कार्मिकों को ई0वी0एम0 संचालन का विधिवत् प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही समस्त मतदान कार्मिकों को अपने नियत समय के 30 मिनट के पूर्व अपने स्थान पर उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

## मृतक के पिता ने ट्रैक्टर चालक सहित चार के विरुद्ध कराई रिपोर्ट दर्ज

**राठ।** बीते गुरुवार की शाम मझगवां थाना के मल्हेटा गाँव में खेत से भूसा भर कर लौट रहे मजदूर की ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर मौत हो गई थी। शनिवार को मृतक के पिता ने चालक सहित चार लोगों पर ट्रैक्टर ट्राली का पहिया चढ़ाने पर मुकदमा दर्ज कराया है।मझगवां थाने मलेहटा गांव निवासी बिहारी पुत्र रामाधीन ने बताया कि ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब सात बजे गांव का संजय व महेंद्र उसके पुत्र उसके पुत्र हरनारायण को भूसा भरवाने के लिए ले गए थे। उसके पुत्र को भूसा भरवाने के बाद उसे ट्राली के ऊपर बैठा दिया। चालक द्वारा ट्रैक्टर को लापरवाही से चलाने पर उसका पुत्र ट्राली से नीचे गिर गया और उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिससे उसके पुत्र की मौत हो गई। मौत होने पर उक्त लोगों ने एक घंटे बाद उसकी सूचना दी।

# छात्र व छात्रों को वर्षिक परीक्षा के अंक पत्र व पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर मे प्रसिद्ध शिक्षा संस्थान मॉ गीता महेश्वरी इंटर कालेज मे छात्र व छात्रो को उनके साल भर की मेहनत व परिश्रम का परिणाम मे हासिल अंक पत्रो व पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम विधालय परिसर मे अयोजित किया गया जिसमे छात्र व छात्राओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम मे मौजूद जूनियर विद्यालय ऊँछा के प्रधानाचार्य गजेन्द्र सिंह ने बच्चो को निरन्तर परिश्रम करते रहने की सलाह दी साथ ही उन्होंने स्थान प्राप्त न कर पाने वाले छात्र व छात्रो को निराश न होने तथा अगले सत्र समुचित परिश्रम के बल पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने की सलाह दी इस प्रकार से कक्षा 6 मे बालिकाओ मे अंशिका ने 85.5 प्रतिशत अको के साथ प्रथम स्थान प्राप्ति किया इसी प्रकार बालको मे आदित्य ने 84.6 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा सात मे अंजली सैनी ने प्रथम तथा बालक वर्ग मे छात्र रावेन्द्र पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा 8 मे बालिक वर्ग मे धीरेन्द्र कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मध्यमिक वर्ग मे नवम् मे मंदाकिनी प्रथम रहे व कक्षा 11 मे बालक वर्ग मे लोकेन्द्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर बच्चो के उत्साह वर्धन व मार्ग दर्शन हेतु अनिल पालीवाल, हृदेश द्विवेदी ,नईम अख्तर पूर्व सभासद , अरविन्द्र श्रीवास्त , संतोष धुरिया ,राजू शुक्ला सहित तमाम गणमान्य मौजूद रहे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा का सम्मेलन संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद के भरुआ सुमेरपुर में लोकसभा चुनाव के चलते भारतीय जनता युवा मोर्चा का युवा सम्मेलन का आयोजन थड़ेस्वरी आश्रम में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेंगलुरु से लोकसभा सदस्य तेजस्वी सूर्या रहे लोकसभा चुनाव के चलते हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के समर्थन में युवा सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने विपक्ष के ऊपर हमला करते हुए सभी माता बहनों जनता और युवाओं से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट देने को कहा विपक्ष के ऊपर हमला बोलते हुए कहां कांग्रेस पार्टी की मैन्युफैक्चरर बहुत खराब है साथ-साथ अखिलेश यादव पर कहां की यह परिवारवाद की राजनीति कर रहे हैं उन्होंने जिक्र किया कि मोदी सरकार में पिछले 10 साल बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे केन बेतवा लिंक सहित बुंदेलखंड में काफी बदलाव हुए हैं इन सब बातों को रखते हुए सभी से हमीरपुर महोबा लोकसभा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की समर्थन में वोट देकर फिर से नरेंद्र मोदी को एक बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की है इस मौके में राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष अनुभव द्विवेदी,क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह शिवा, जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील पाठक , जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा आकाश त्रिपाठी, विधायक सदर मनोज प्रजापति ,लोकसभा प्रवासी रुद्र मिश्रा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शक्ति सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंकज त्रिपाठी, विधानसभा प्रवासी भरत सिंह, शंकु, जिला महामंत्री प्रभारी युवा मोर्चा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉक्टर आराधना राजपूत प्रीति द्विवेदी रोहित शिवहरे, संयोजक युवा सम्मेलन धीरेंद्र शिवहरे ,जिला मीडिया प्रभारी भाजपा अरविंद श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा आशीष निगम ,युवा मोर्चा महामंत्री राजीव आर्य उपस्थित रहे।

## पुत्र के साथ नहाने के लिए गए युवक की डूब कर मौत

**राठ।** मुस्करा थाना क्षेत्र के ग्राम मसगांव में स्थित स्वामी ब्रह्मानंद बांध की मुख्य नहर में अपने पांच वर्षीय पुत्र के साथ नहाने के लिए गये 38 वर्षीय एक युवक की पानी में डूबने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार मुस्करा थाना अंतर्गत ग्राम मसगांव निवासी आलम सिंह पुत्र जगदीश बीते शुक्रवार के दिन अपने 5 वर्षीय पुत्र रजनेश के साथ गांव में ही स्थित नहर में नहाने के लिए गया हुआ था। तभी नहाने के दौरान नहर में आ रहे पानी के तेज बहाव से उसका संतुलन बिगड़ गया। जिससे वह नहर के पानी में डूब गया। इस दौरान मौके पर मौजूद उसके 5 वर्षीय पुत्र ने शोर मचा कर ग्रामीणों को पिता के डूबने की सूचना दी। जिसपर ग्रामीणों ने नहर में डूबे आलम सिंह के शव को बाहर निकाला।

# कॅमिशिनिंग प्रक्रिया का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास व जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय,पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने लोक सभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत 47-संसदीय क्षेत्र हमीरपुर के अन्तर्गत कृषि उत्पादन मंण्डी समिति भरूआ सुमेरपुर में 228-विधान सभा हमीरपुर व 229-राठ (अनु0जा0) विधान सभा के अन्तर्गत हो रहे ई0वी0एम0 कॅमिशिनिंग कार्य का अवलोकन किया। विधानसभावार बने ई0वी0एम0 स्ट्रांग रूम का निरीक्षण के साथ साथ बैलेट यूनिट , कन्ट्रोल यूनिट वीवी पैट मशीनों की कॅमिशिनिंग का जायजा लिया। दरअसल ई0वी0एम0 मशीनों को मतदान के लिए तैयार करना ही कॅमिशिनिंग कहलाता है। कॅमिशिनिंग की प्रक्रिया में सबसे पहले बैलेट यूनिट की कॅमिशिनिंग की जाती है। कॅमिशिनिंग के दौरान सभी मतदान केन्द्रों में जाने वाली बी0यू0 में बैलेट पेपर लगाया जाता है तथा सी0यू0 में पिंक पेपर सील लगायी जाती है। जिस पर भेल के इंजीनियर संबंधित आर0ओ0 अभ्यर्थी/प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर किया जाता है। कंडीडेट सेट किया जाता है। जिसमें नोटा का भी विकल्प होता है। कंडीडेट सेट करते समय बी0यू0, सी0यू0 और वीवीपैट यूनिट को जोड़ा जाता है। कॅमिशिनिग के बाद ई0वी0एम0 तथा वीवीपैट में नोटा सहित मॉक पोल कर सत्यतता की जॉच की जाती है। रैण्डम तौर पर 5 प्रतिशत मशीनों में 1000 वोट डालकर उनकी सत्यता को जॉचा जाता है। इनके इलेक्ट्रॉनिक परिणाम का मिलान भी वीवी पैट के पेपर स्लिप से किया जाता है। सीलिंग प्रक्रिया के दौरान सी0यू0 के स्विच को ऑफ रखा जाता है। एवं वीवीपैट में थर्मल पेपर रोल लगाया जाता है। इसके साथ ही ई0वी0एम0 नम्बर बी0यू0, सी0यू0 नम्बर तथा वीवीपैट नम्बर को रजिस्टर में भी दर्ज किया जाता है। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक द्वारा कॅमिशिनिंग कार्य में लगे हुए कार्मिको के मोबाइल फोन जमा कराने के निर्देश संबंधित को दिए गए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गगे) सुरेश कुमार,अपर जिलाधिकारी (न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, ए0आर0ओ0 228 हमीरपुर विधानसभा पवन प्रकाश पाठक, ए0आर0ओ0 229-राठ विधानसभा विपिन शिवहरें, उपजिलाधिकारी सरीला राजकुमार गुप्ता,डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विकलांगों ने रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**राठ।** आज राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के नेत्रत्व में नगर के रामलीला मैदान से मतदाताओं को जागरूक करने की लिए रैली निकाली गई। इस दौरान विकलांगों में गोष्ठी कर मतदान से होने वाले फायदाओं पर चर्चा की। आज राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेश सोनी मंगरौठ के नेतृत्व में नगर के रामलीला मैदान से मतदाता जागरूक रैली निकाली गई। जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस रामलीला मैदान में संपन्न हुई। रैली में विकलांग अपनी ट्राई साइकिलों में विभिन्न प्रकार की मतदाताओं को जागरूक करने वाले स्लोगन लिखी तख्तियों लेकर चल रहे थे।

इस दौरान विकलांग पार्टी के जिलाध्यक्ष रघुनाथ विश्वकर्मा, दिव्यांग सशक्तिकरण संगठन के जिला अध्यक्ष देवनारायण सोनी, उदयभान अनुरागी, प्रमोद कुमार,कल्लू,बबलू,राघव, जानकी प्रसाद, मनप्यारे, लखन, जाहर सिंह, जीतेंद्र आदि अनेक विकलांग मौजूद रहे।

## मातृत्व दिवस पर हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

**राठ।** नगर के उरई रोड स्थित इंडस वैली पब्लिक स्कूल में मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में बडे ही धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि ग्राम मझगवां की प्रधान नीता सिंह ने सरस्वती का पूजन-अर्चन कर दीप प्रज्ज्वलन किया। विद्यालय की नन्हे मुन्ने बच्चों ने गायन व नृत्य की प्रस्तुति देकर वाहवाही बटोरी। इसके बाद खेलकूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिसमें स्पून रेस प्रतियोगिता में आरती हर्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि मीना-आकर्ष द्वितीय, मोहिनी - युग तीसरे पायदान पर रहे। ग्लाइंग बलून में मोहनी- युग प्रथम, अनुराधा - पूर्वी द्वितीय, मंजूलता-नीलिमा तीसरे स्थान पर रहे। वहीं म्यूजिकल चेयर में आरती प्रथम, सीमा द्वितीय और मीना अग्रवाल तीसरे स्थान पर रही।

# विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से नाराज लोगों ने विद्युत उपकेंद्र पर पहुंच जताया आक्रोश



अवधनामा संवाददाता

**चोपन/ सोनभद्र।** शनिवार को विधुत आपूर्ति के ढुलमुल रवैए से आजिज आकर दर्जनों लोगों ने भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह के नेतृत्व में खराब विद्युत आपूर्ति को लेकर चोपन हाइडिल स्थित उपकेंद्र पर पहुंचकर आक्रोश जताते हुए और आपूर्ति को बंद करा दिए जिसके बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया जानकारी होते ही मौके पर मीटर के एसडीओ पहुंचकर नाराज लोगों से बात करने लगे लेकिन लोगों का कहना था कि जबतक कोई जिम्मेदार नहीं आता है तब-तब आपूर्ति बंद रहेगी लगभग दो घंटे इंतजार के बाद मौके पर बिजली विभाग के जेई पहुंचे जिसके बाद लोगों ने सवाल पर सवाल उठाने लगे। बताते चलें कि नगर व ग्रामीण इलाकों में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से चरमरा गई है लगातार केबल बाक्स जलने से आपूर्ति आठ से दस घंटे तक बाधित हो जा रही है जिसके कारण लोगों को उमस भरी गर्मी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि बिजली के अभाव में पूरी रात जाग कर काटनी पड़ रही है लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर भी जबाब दे दे रहे हैं नगर के दुकानदार बिजली न रहने से पेयपदार्थ नही बेच पा रहे हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर शनिवार को दर्जनों लोग पावर सबस्टेशन पहुंच कर खराब बिजली आपूर्ति को लेकर सब स्टेशन का लाइन बंद करवा दिये जिसके कारण नगर में करीब दो घंटे तक बिजली ठप रही।

# 17 मई को आएंगे प्रधानमंत्री



अवधनामा संवाददाता

**राठ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में फेरबदल कर दिया गया है। अब 16 मई की जगह 17 मई को उनकी चुनावी रैली प्रस्तावित है। पीएम की रैली को देखते हुए प्रशासन व्यवस्थाओं में जुटा है।भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 16 मई को कस्बे में रैली प्रस्तावित थी। जिसमें फेरबदल हुआ है। यह जानकारी देते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने बताया बीएनवी इंटर कालेज ग्राउंड पर प्रधानमंत्री की रैली 17 मई को होगी। बीएनवी डिग्री कालेज ग्राउंड पर तीन हैलीपेड व इंटर कालेज के पीछे मैदान में एक हैलीपेड बनाया जा रहा है। वहीं इंटर कालेज ग्राउंड की बाउंड्री तोड़कर साफ सफाई कराई जा रही है। शनिवार को कलस्टर इंचार्ज एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, जिला प्रभारी देवेश कोरी, विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र पांडेय, संयोजक रामहेत राजपूत, डॉ उमाकांत राजपूत रैली स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां व्यवस्थाएं देखीं।

# सोनभद्र बना बिना नम्बर प्लेट परिवहन व अवैध खनन का हब

अवधनामा संवाददाता



**डाला/सोनभद्र।** ओवर लोड गाड़ियों का क्रम लागातार जारी है।जिसमे राजस्व की छति के साथ खनन व्यवसायी धड़ल्ले से इसका फायदा उठाने में लगे है। वही प्रशासन मौन मूकदर्शक बनी है।

लोक सभा चुनाव को देखते हुए जहां जिले के आला अधिकारी चुनाव को सकुशक कराने में व्यस्त है वही खनन व्यवसाय इसका फायदा उठाने में मशगूल है। जुगैल थाना क्षेत्र से चोपन थाना अंतर्गत जवारीडाँड़ में बालू भंडारण के लिए बिना नम्बर प्लेट के हाइवा, बेखौफ दिन/रात्रि हुंकार भर रहे है। नियमों को ताख पर रख मानक के विपरीत खनन की जाती है लेकिन अवैध निकासी का बोलबाला पीछा नही छोड़ रही। जुलाई से अक्टूबर माह के समय जब नदियों से खनन बंद रहता है उसकी भंडार को लेकर व्यवसायी नदियों का दोहन करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे। इस समय बिना कागजात के दिनदहाड़े कार्य को अंजाम दिए जा रहे है।

आपको बताते चले कि सरकार के निर्देशानुसार सभि थानों व चौकियों पर सीसी कैमरा लगा है। जिसके सामने आए दिन बे रोक टोक अवैध रूप में ओवरलोड बालू व गिट्टी का संचालन हो रहा है। एक सप्ताह पहले ही डाला क्रशर से एम.पी. की परमिट से गिट्टी सप्लाई में दर्जनों ट्रकों को चोपन थानाध्यक्ष द्वारा पकड़ कार्यवाही की गई जिसमें गाडी मालिक, परमिट जारीकर्ता व ड्राइवरों पर कार्यवाही भी की गई थी। फिर भी खनन व्यवसायियों पर कोई प्रभाव नही पड़ रहा।

जानकरी के अनुसार खनन विभाग माननीय मुख्यमंत्री महोदय के पास है। जिस पर आदेशों में बताया गया कि किसी प्रकार का अवैध खनन व परिवहन बर्दास्त नही किया जाएगा। जिसका खुला चेतवनी खनन व्यवसायी स्वीकार कर सरकार को चैलेंज कर रहे है। नगर व गांवों में चर्चा का विषय बना है कि स्वक्ष सरकार में भ्रष्टाचार का खुला खेल किसके सह पर खेला जा रहा है। इस सम्बंध में खनन सर्वेयर , खान अधिकारी नपा तौला फोन पर जबाब दे रहे है कि मैं अभी मीटिंग में हु। बाद में बात करूंगा। और बाद में फोन उठाना भी मुनासिब नही समझते।

# बाहर से आने वाली फोर्स के ठहराव के लिए जानकारी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सुरक्षा व्यवस्था व्यापारी फोर्स के ठहराव के चिन्हित स्थानों के निरीक्षण पर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए वहीं शनिवार को एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह थाना प्रभारी सहित अन्य कोर्स के साथ जिले में चिह्नित की गई बाहरी फोर्स के धाराओं के विद्यालयों अन्य स्थानों के निरीक्षण करते हुए संबंधितों को भोजन पानी व शौचालय संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एडिशनल एसपी मुख्यालय कालू सिंह ने बताया जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बाहर से आने वाली फोर्स के ठहराव व्यवस्था को देखते हुए शनिवार को जिले में कुल 69 चिन्हित स्थान के सुरक्षा व्यवस्था व भोजन पानी शौचालय के मुकम्मल व्यवस्था की जानकारी को लेकर संबंधितों से जानकारी दी गई वह जांच की गई संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए कि किस प्रकार से कोई अशुद्धि उपलब्ध न हो कोई भी दिक्कत परेशानी आने के पूर्व ही अवगत कराया जाए जिससे कि बाहर से आने वाले कोर्स को वसुधा उपलब्ध कराई जा सके सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण पूर्वक नौजवान के नेतृत्व में हो और नौजवानों के रहने खाने पीने शौचालय संबंधित विभिन्न समस्याओं को पहले ही निरीक्षण कर उनमें कठिनाइयां उत्पन्न होने वाली समस्याओं का निजात करते हुए संबंधितों को भी बड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं हर थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी को भी अवगत कराया गया है।

# एनटीपीसी रिहंद में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024-आधारभूत सर्वेक्षण का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ बीजपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एनटीपीसी रिहंद में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के पहले चरण में शुक्रवार को आधारभूत सर्वेक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के सरकारी विद्यालयों से आई बालिकाओं बौद्धिक स्तर का परीक्षण कर बच्चियों को चयनित किया गया है। इसके बाद एक बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम) के लिए दैनिक पाठ्यक्रम की सूची तैयार की जाएगी। एनटीपीसी रिहंद गर्मी की छुट्टियों के दौरान कक्षा 5वीं की बालिकाओं के लिए एक महीने की जेम कार्यशाला के माध्यम से उन्हें उनके सर्वांगीण उत्थान और विकास के लिए एक मंच प्रदान करता है।

एनटीपीसी ने 2018 में बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम) के अंतर्गत बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए एक माह के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया था। इसके तहत एनटीपीसी नैगम सामाजिक दायित्व के माध्यम से वीएसआर (विंध्याचल, सिंगरौली, रिहंद) की परियोजनाओं में बालिका सशक्तिकरण अभियान को पाइलेट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू किया गया। इससे प्रोत्साहित होकर 2019 में नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी की सभी परियोजनाओं/ स्टेशनों में इस कार्यक्रम को भारी उत्साह के साथ आयोजित करवाया गया। एनटीपीसी के जेम अभियान से अब तक कुल 7,424 बालिकाओं को लाभ हुआ है, तरह एनटीपीसी रिहंद में जेम से 480 बालिकाओं को लाभ हुआ है। एनटीपीसी रिहंद केवल बालिका सशक्तिकरण अभियान तक ही सीमित नही है बल्कि बच्चियों के मूल्याकन के परिणाम एवं शिक्षा के प्रति रुचि को ध्यान में रखते हुये साल 2023 में 10 श्रेष्ठ बच्चियों को परियोजना के डीएवी स्कूल में प्रवेश दिलाकर उनकी अन्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जा रही है।

# मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे सम्बंधित

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की गयी बैठक मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं ससमय कर ली जाये पूर्ण- अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वही जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होने के सम्बन्ध में सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की गयी, इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान बूथ वाले विद्यालयों में आवागमन के दृष्टिगत रास्तों को ठीक करा लिया जाये, ताकि मतदाताओं के साथ ही वाहनों के आने-जाने में किसी प्रकार की समस्या न होने पाये, बूथों पर पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, फर्नीचर आदि व्यवस्थाओं को मतदान दिवस के पहले ही सुचारू रूप से पूर्ण करा लिया जाये, इस कार्य में सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पूरी क्षमता के साथ लगकर निर्वाचन से जुड़े कार्यो को समय से पूरा कर लें, जिससे लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराया जाये सके और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को सौंपे गये कार्यो के प्रगति की बारी-बारी से बिन्दुवार समीक्षा की और सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ ही मतदान दिवस के पहले ही अपनी पूरी तैयारी



पूर्ण करने के निर्देश दियें।

इस दौरान स्कूलों में स्थापित बूथों पर विद्युत व्यवस्था, शौचालय, रैम्प आदि व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है, के सम्बन्ध में प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के निर्देश भी दियें, ताकि मतदान दिवस के दिन मतदाताओं व कार्मिकों को अव्यवस्था का सामना न करना पड़ें। उन्होंने मतदान बूथों तक खराब सड़क को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश सम्बन्धितों को दियें, इसी प्रकार से मतदान केन्द्रों पर विद्युत व्यवस्था सुव्यवस्थित रहें, इसके लिए एक्सीयन विद्युत विभाग को उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि खराब पड़े ट्रांसफार्मरों को जल्द ही बदलवा दिया जाये और विद्युत व्यवस्था को ठीक कर लिया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, तहसीलदार सदर सुशील कुमार, डी0सी0 मनरेगा रमेश यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, निर्वाचन कार्यालय के सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# मोदी सरकार ने आतंकवाद की नाभी पर किया है प्रहारः योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

**अवधनामा ब्यूरो**

**कानपुर को मिला है उद्यमिता और उर्वरता का आशीर्वादः मुख्यमंत्री**



**कानपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आता है तो देश में एक बार फिर आतंकवाद और नक्सलवाद का दौर शुरू हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि संविधान संशोधन का डर फैलाने वाली कांग्रेस ने सबसे पहले भारतीय संविधान में संशोधन करते हुए अभिव्यक्ति की आजादी को रौंदने का कार्य किया था। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में अयोध्या का विकास नहीं, बल्कि अयोध्या में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेना था। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को यहां छावनी विधानसभा क्षेत्र में कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कानपुर से पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि कानपुर को मां गंगा के आशीर्वाद से उर्वरता और उद्यमिता का वरदान मिला है। ये क्रांति धरा होने के साथ ही देश के विकास की ऊर्जा की भूमि भी है। चौथे चरण में कानपुर की जनता को निर्णय लेना है। आज पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है 'फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार'। 400 पार में कानपुर और अकबरपुर की सीटें भी शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश में आतंकी विस्फोट में निर्दोष लोग और जवान शहीद होते थे। अब ये नहीं हो सकता, क्योंकि मोदी सरकार ने आतंकवाद की नाभी पर प्रहार किया है। ये नया भारत छेड़ता नहीं, मगर कोई छेड़ता है तो छोड़ता भी नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज कानपुर में हाईवे, एक्सप्रेस वे, मेट्रो के साथ ही डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है। नमामी गंगे के क्षेत्र में हुए कार्य का लाभ कानपुर को सर्वाधिक प्राप्त हुआ है। कानपुर के सीसामऊ और जाजमऊ में गंगा की धारा को अविरल निर्मल करने में भाजपा सरकार को सफलता मिली है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद सत्यदेव पचौरी, अकबरपुर के सांसद और पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले, कानपुर से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, विधायकगण महेश त्रिवेदी, सुरेन्द्र मैथानी, सलिल विश्नोई और अविनाश सिंह सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

## आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा चुनावः अखिलेश

**लखनऊ।** औरैया लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिले में चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होना है। शनिवार को प्रचार के अंतिम दिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज से पार्टी के प्रत्याशी अखिलेश यादव ने रोड शो किया। बिधूना के भगत सिंह चौराहा से एरवाकटरा तक के 16 किमी. के रोड शो में जगह-जगह भीड़ देखकर उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। सपा सुप्रीमो का हेलीकाप्टर तहसील मैदान में शनिवार दोपहर उतरा। जहां से वह वाहन के जरिए भगत सिंह चौराहा पर पहुंचे। जहां पर खड़े रथ पर चढ़कर जुटी भीड़ को उन्होंने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब तक वोट न पड़ जाए तब तक आप हमारी मदद करने के लिए घर-घर जाकर वोट मांगना। हमारे साथी घर घर जाकर वोट मांगेंगे और समाजवादी पार्टी को जिताएंगे।



लखनऊ से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को पांच लाख से ज़्यादा मतों से जिताने के लिए मनकामेश्वर मंदिर में महंत दिव्यागिरि ने यज्ञ किया

# देश की अखण्डता को चीन द्वारा किया जा रहा खंडित, प्रधानमंत्री व रक्षामंत्री मौन

**प्रधानमंत्री 20 सैनिकों की शहादत के बाद भी चीन को दे रहे क्लीनचिटः कांग्रेस**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** आज प्रदेश के कंधों पर एक महत्वपूर्ण दायित्व है और वह दायित्व है कि भारत मां की रक्षा का। राजधानी लखनऊ का प्रतिनिधित्व देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह करते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी प्रदेश से चुन कर आते हैं। आज भारत मां की अस्मिता और भूभागीय अखण्डता चीन की सेना ने खंडित की। मगर रक्षामंत्री दम साधे और होंठ सिए बैठे हैं। प्रधानमंत्री 20 भारतीय सैनिकों की शहादत के बाद भी चीन को क्लीनचिट दे रहे हैं। दोनों नेताओं ने न सिर्फ देश की सीमाओं की सुरक्षा से समझौता किया बल्कि अग्निपथ जैसी योजना लाकर देश की सेना और सैनिकों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे, कांग्रेस मीडिया कोआर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने पत्रकारों को संयुक्त रूप से सम्बोधित करते हुए कही। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि मोदी सरकार अग्निपथ योजना न तो सदन और न ही सेना की सहमति से लाई। हाल ही में पूर्व थल सेना अध्यक्ष एम.एम. नरवणे ने अपनी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी में इस बात का खुलासा किया है। उन्होंने किताब में लिखा कि अग्निवीरों का वेतन सिर्फ 20 हजार रुपये निर्धारित किया जिसे सेना के हस्तक्षेप के बाद 30 हजार रुपये किया गया। अग्निपथ योजना में 17 से 21 साल के युवाओं की भर्ती का प्रावधान है, जिसमें 6 महीने की ट्रेनिंग और 42 महीने की नौकरी के बाद तीन चौथाई सैनिकों को रिटायर किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि अग्निवीरों की ट्रेनिंग एनसीसी के सी सर्टिफिकेट होल्डर की ट्रेनिंग से भी कम है, जो अपनी तैनाती के दौरान सैनिक की अपनी और देश की सुरक्षा से खिलवाड़ है। अग्निवीरों को सर्विस के दौरान डी.ए., रिटायरमेण्ट के बाद ग्रेच्युटी, शहीद होने के बाद शहीद का दर्जा, मेडिकल सुविधाएं, कैण्टीन, पूर्व सैनिक का दर्जा, पूर्व सैनिकों के व उनके बच्चों के लिए आरक्षित वैकेंसी शिक्षा व नौकरी में नहीं मिलेगी साथ ही बच्चों को किसी तरह की छात्रवृत्ति भी नहीं मिलेगी।

## पुंज व गिरधर को सृजन सम्मान



**अवधनामा ब्यूरो**

**युवा सम्मान रुद्रमणि व पुष्पेंद्र को**

**लखनऊ।** यू पी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्यसभा द्वारा 145 वाँ व 146 वाँ अंक संयुक्त रूप से आयोजित हुआ। सृजन वरिष्ठ सम्मान कैलाश त्रिपाठी पुंज व गिरधर खरे को दिया गया। रविन्द्र सिंह हसीब शिद्दीकी व सृजन संस्थापक सर्वेश अस्थाना ने शाल प्रतीक चिन्ह से रचनाकारों को सम्मानित किया। विनोद शंकर शुक्ल की अध्यक्षता में सुभाष रसिया के संयोजन व योगी योगेश के संचालन में निशा नवल की वाणी वन्दना के साथ हुये कविसम्मेलन में डॉ अशोक अज्ञानी, हिमांशु श्रीवास्तव, रजनी राय, अरविंद झा, शिवभजन कमलेश, सुभष गुरुदेव, अनिता अरोड़ा, उमा लखनवी, कीर्ति वाणी, तमाचा लखनवी, अनंत मिश्रा, रश्मि श्रीवास्तव, अवधी हरि, शशि नारायण त्रिपाठी, गौरव श्रीवास्तव, निर्भय निश्छल, राजेश श्रेयश, नमिता सिंह, डॉ संदीप शर्मा, राजीव वर्मा वत्सल ने काव्यपाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन मुकुल महान ने किया।

## प्रवास कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार 12 मई 2024, को सीतापुर, बहराइच और अमेठी के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 12:05 गांधी डिग्री कालेज सिधौली, सीतापुर में लोकसभा मोहनलालगंज की जनसभा को सम्बोधित करेंगें तथा दोपहर 01:30 बजे जूनियर हाईस्कूल प्रयागपुर, बहराइच में लोकसभा कैसरगंज की आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें। तत्पश्चात् दोपहर 03 बजे गौरीगंज, जामों मोड़, माधौगढ़, अमेठी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह रविवार 12 मई को अयोध्या और अम्बेडकरनगर के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह दोपहर 12 बजे होटल पंचशील, अयोध्या में आयोजित विभिन्न संगठनात्मक बैठकों को सम्बोधित करेंगे तथा सायं 4 बजे अम्बेडकर नगर में आयोजित विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में मार्गदर्शन करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रविवार 12 मई को महोबा के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 12 बजे केन्द्रीय चुनाव कार्यालय, चरखारी, महोबा में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार 12 मई को लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सायं 06 बजे इको गार्डेन चौराहा कैण्ट, लखनऊ में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

### स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह रविवार 12 मई को संतकबीरनगर, कुशीनगर व गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सुबह 11 बजे प्रेमलता महिला महाविद्यालय, मेहदावल, संतकबीरनगर में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें तथा दोपहर 02 बजे सुभाष इंटर कॉलेज, बेदूपार, हाटा कुशीनगर में आयोजित पिछड़ा वर्ग मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात सायं 04 बजे डुनरी खास शुभ पार्टी लॉन, चौरीचौरा, गोरखपुर में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे

### मंत्री एके शर्मा

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री ए.के. शर्मा रविवार 12 मई को भदोही व प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री ए.के. शर्मा दोपहर 03 बजे मानस हल इंडिया, भदोही में आयोजित किसान मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे तथा सायं 04 बजे ट्रांसपोर्ट नगर, कार्यालय, प्रयागराज में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री अनिल राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल राजभर रविवार 12 मई को वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल राजभर सायं 05 बजे आदित्य पब्लिक स्कूल, चोलपुर, वाराणसी तथा सायं 07 बजे काशी धाम दानपुर, वाराणसी में आयोजित चन्दौली लोकसभा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करेंगे।

### मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी रविवार 12 मई को मऊ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री नन्दगोपाल गुप्ता नंदी सांय 05 बजे सूरज मैरेज हॉल, बहादुरगंज, घोसी, मऊ में आयोजित व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री दारा सिंह चौहान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री दारा सिंह चौहान रविवार 12 मई को मऊ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री दारा सिंह चौहान सुबह 10 बजे डीएस ग्रेंड होटल बाबू सिंह हॉल, घोसी, मऊ में आयोजित युवा मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री श्री दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री श्री दयाशंकर सिंह रविवार 12 मई को आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री श्री दयाशंकर सिंह सुबह 11 बजे राधिका इंटर कॉलेज खरिहानी, मेहनगर, आजमगढ़ में आयोजित किसान मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद वाराणसी भ्रमण के अवसर पर

# किसान आंदोलन के कारण ट्रेनों के मार्ग में बदलाव



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन ने अंबाला मंडल के शम्भू स्टेशन पर किसान आंदोलन के कारण ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया है। इस दौरान 12 व 13 मई को चलने वाली अमृतसर जयनगर, बरौनी व गोरखपुर समेत कई स्टेशनों से ट्रेनें बदले रूटों से आवागमन करेंगी। इस दौरान आम्रपाली एक्सप्रेस, शहीद एक्सप्रेस समेत 15 ट्रेनें बदले मार्ग से चलेंगी। ट्रेन नम्बर 12491 बरौनी से जम्मूतवी एक्सपेस, ट्रेन नम्बर 15655 कामाख्या से वैष्णो देवी, ट्रेन नम्बर 14617 पूर्णिया कोर्ट से अमृतसर, ट्रेन नम्बर 14649 जयनगर से अमृतसर, ट्रेन नम्बर 04652 अमृतसर से जयनगर, ट्रेन नम्बर 22424 अमृतसर से जयनगर, ट्रेन नम्बर 14674 अमृतसर से जयनगर, ट्रेन नम्बर 12208 जम्मूतवी से काठगोदाम और ट्रेन नम्बर 22452 जलंधर सिटी से दरभंगा 12 मई को बदले रूट से चलेगी। 13 मई को बदले रूट से चलने वाली ट्रेनों में गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन नम्बर 22423 गोरखपुर अमृतसर, गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन नम्बर 12587 गोरखपुर.जम्मूतवी एक्सप्रेस, गुवाहाटी से चलने वाली ट्रेन नम्बर 15651 गुवाहाटी जम्मूतवी एक्सप्रेस, जयनगर से चलने वाली ट्रेन नम्बर 14673 जयनगर अमृतसर एक्सप्रेस, अमृतसर से चलने वाली ट्रेन नम्बर 14650 अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस और गुवाहाटी से चलने वाली ट्रेन नम्बर 04679 गुवाहाटी वैष्णों देवी कटरा शामिल हैं। इसके अलावा 13 मई को गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन नम्बर 22423 गोरखपुर अमृतसर, गोरखपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 12587 गोरखपुर जम्मूतवी एक्सप्रेस, गुवाहाटी से चलने वाली ट्रेन नम्बर 15651 गुवाहाटी जम्मूतवी एक्सप्रेस, जयनगर से चलने वाली ट्रेन नम्बर 14673 जयनगर अमृतसर एक्सप्रेस, अमृतसर से चलने वाली ट्रेन नम्बर 14650 अमृतसर जयनगर एक्सप्रेस और गुवाहाटी से चलने वाली ट्रेन नम्बर 04679 गुवाहाटी वैष्णों देवी कटरा बदले रूट से चलेगी।

## समय एवं तनाव प्रबंधन विषय पर हुई गोष्ठी

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को ऐशबाग पॉली क्लिनिक में रेलवे कर्मचारियों के लिए समय एवं तनाव प्रबंधन विषय पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीक्षा चौधरी की अध्यक्षता में गोष्ठी हुई। गोष्ठी में शामिल रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यक्ति के तनाव से ग्रसित हो जाने की संभावनाओं का वृद्धि दर बढ़ गया है। निजी जीवन तथा कार्यक्षेत्र में कार्य के दौरान उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। तनाव से पारिवारिक समस्याएं, स्वास्थ्य समस्याएं, मानसिक और शारीरिक रोग और सामाजिक समस्याएं आदि हो सकती हैं। जिससे पीड़ित व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र व पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने के लिए संघर्ष करते हैं। इस समस्या से निजात पाने में समय प्रबंधन की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। हर एक व्यक्ति को अपनी नियमित दिनचर्या बना कर अपने कार्य करने चाहिए। पौष्टिक एवं संयमित खान पान, योग, व्यायाम, अनुशासित जीवन शैली, नशे से दूरी, सोशल मीडिया का कम से कम प्रयोग, सामाजिक सहभागिता, स्किल डेवलपमेंट तथा नियमित मेडिकल चेक अप आदि के माध्यम से तनाव रहित खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

# समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू ने थामा भाजपा का दामन

**बीजेपी का बढ़ा कुनबा, पार्टी की बढ़ेगी मजबूती**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** विगत दिनों समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देने वाले पूर्व प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू ने आज अपने सैकड़ो साथियों के साथ,प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक बाजपेयी, प्रदेश महामंत्री संजय राय की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर शामिल होने वालों में समाजवादी लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष डा हर्षित राजबीर,पसमांदा समाज के नेता हारून राईन और समाजवादी युवजन सभा के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ संदीप सिंह प्रमुख रूप से हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, प्रदीप सिंह बब्बू समाजवादी पार्टी के उन नेताओं में शुमार है जिन्होंने समाजवादी पार्टी को अपने खून और पसीने आगे बढ़ने का काम किया, अखिलेश यादव से ऐसे ज़मीनी जनाधार वाले नेता निराश हो रहे हैं। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा, कि प्रदीप सिंह बब्बू छात्र आंदोलन से निकले हुए योद्धा हैं।हम लोगों ने छात्र हितों को बचाने की लड़ाई साथ मिलकर लड़ी है, अब राष्ट्रवाद और सनातन को बचाने की लड़ाई भी साथ मिलकर लड़ेंगे।

प्रदीप सिंह बब्बू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपके सुरक्षा सम्मान और स्वाभिमान को सुरक्षित रखने की गारंटी देता है ।एक आम आदमी की यह पहली जरूरत है। समाजवादी पार्टी अपनी बुनियादी नीतियों से दूर हो गई है आज का समाजवादी नौजवान निराश और हताश है।देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोगों के भरोसे का नया नाम है।

# नूर माइक्रोफिल्म सेंटर और जामिया हमदर्द के बीच समझौता

**अवधनामा ब्यूरो**



**नई दिल्ली/लखनऊ।** फ़ारसी और उर्दू पांडुलिपियों की मरम्मत, संरक्षण, डिजिटलीकरण और कैटलॉगिंग के लिए इंटरनेशनल नूर माइक्रोफिल्म सेंटर और जामिया हमदर्द के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ।

एमओयू पर इंटरनेशनल नूर माइक्रोफिल्म सेंटर (ईरान कल्चर हाउस), नई दिल्ली के निदेशक डॉ. मेहदी ख्वाजा पीरी और जामिया हमदर्द के कुलपति प्रो. (डॉ.) एम. अफ़शार आलम की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

गौरतलब है कि सदियों से एक समान और प्रभावी सभ्यता और संस्कृति वाले देश ईरान और भारत की सरकारों के साथ ही गैर-सरकारी संगठनों की ओर से भी दोनों देशों के बीच अक्सर सभ्य और सांस्कृतिक मामलों से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहता है। कुछ इसी तरह इंटरनेशनल नूर माइक्रोफिल्म सेंटर और जामिया हमदर्द ने बड़ा कदम उठाते हुए फारसी और उर्दू पांडुलिपियों की मरम्मत, संरक्षण, डिजिटलीकरण और कैटलॉगिंग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

उल्लेखनीय है कि जामिया हमदर्द दिल्ली की लाइब्रेरी में बड़ी संख्या में ऐतिहासिक और वैज्ञानिक कलाकृतियाँ हैं। इस विषय में इंटरनेशनल नूर माइक्रोफिल्म सेंटर, ईरान कल्चर हाउस में आयोजित कार्यक्रम में जामिया हमदर्द ने इंटरनेशनल नूर माइक्रोफिल्म सेंटर के साथ फ़ारसी और उर्दू पांडुलिपियों ( जो भारत और ईरान के बीच साझा विरासत हैं ) की मरम्मत, संरक्षण, डिजिटलीकरण और कैटलॉगिंग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

कार्यक्रम में ईरान के राजदूत डॉ. ईरज इलाही, जामिया हमदर्द के कुलपति प्रो. (डॉ.) एम. अफ़शार आलम, ईरान के कल्चरल काउंसलर डॉ. फरीदुद्दीन, जामिया हमदर्द के रजिस्ट्रार डॉ. एमए सिकंदर, फारसी अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ. कहरमन सुलेमानी, जामिया हमदर्द के परीक्षा नियंत्रक एस.एस. अख्तर, प्रोफेसर रईसुद्दीन लाइब्रेरियन जामिया हमदर्द, डॉ. रियाजुद्दीन डिप्टी लाइब्रेरियन, नुजहत अयूब सहायक लाइब्रेरियन, डॉ. मसूद रजा सहायक लाइब्रेरियन और तौहीद आलम जनसंपर्क अधिकारी जामिया हमदर्द एवं अन्य गणमाण्य वियक्ति उपस्थित थे।

जामिया हमदर्द की लाइब्रेरी में मौजूद प्राचीन उर्दू और फारसी पांडुलिपियां दोनों देशों के बीच गहरे रिश्ते की ओर इशारा करती हैं। इस मौके पर इंटरनेशनल नूर माइक्रोफिल्म सेंटर के निदेशक डॉ. मेहदी ख्वाजा पीरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ईरान और भारत सदियों से साझा और प्रभावी सभ्यता और संस्कृति वाले देश रहे हैं और जामिया हमदर्द इसका साक्षी है जहां दोनों देशों के कई महत्वपूर्ण साझा ऐतिहासिक कलाकृतियां मौजूद हैं।

## उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की भर्ती हेतु परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की भर्ती परीक्षा के पहले दिन भारी संख्या में आये आवेदकों ने शनिवार को पहले चरण में इलेक्ट्रिकल, जनसंपर्क, आईटी, एकाउंट्स और ऑपरेशन विभाग के लिए परीक्षा दी। यूपीएमआरसी भर्ती परीक्षाएं लखनऊ के अलावा आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, बस्ती, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, मथुरा, मेरठ, मोरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नोएडा और प्रयागराज समेत प्रदेश के कई अन्य शहरों में 57 केंद्रों पर आयोजित की जा रही हैं। आवेदकों की सुविधा के लिए यूपीएमआरसी ने परीक्षा केन्द्रों का व्यापक वितरण किया है। 9 पालियों में होने वाली यूपीएमआरसी की भर्ती परीक्षा 11, 12 एवं 14 मई को निर्धारित की गई है। शनिवार को पहले दिन 11893 आवेदक परीक्षा केन्द्र पहुंचे जो कुल आवेदकों का 80 प्रतिशत से भी अधिक है। शनिवार के बाद परीक्षा 12 और 14 मई को कराई जायेगी।

# मुसलमान बढ़ाएंगे राजनाथ की जीत का मार्जिन

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** लोसकभा चुनाव में इस बार लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में मुक़ाबला अलग ही नज़र आ रहा है बनारस के बाद भाजपा के लिए सबसे वीवीआईपी सीट समझी जाने वाली सीट पर भाजपा के राजनाथ सिंह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रविदास मुख्य रूप से मैदान में हैं लेकिन इस बार मुसलमान वोट का रुझान राजनाथ सिंह की तरफ ज़्यादा दिखाई दे रहा है लखनऊ के शिया तो पहले से ही भाजपा के वोटर के रूप में जाना जाता है लेकिन इस बार भाजपा का ओबीसी कार्ड मुस्लिम पसमांदा को अपनी तरफ मोड़ने में कामयाब दिख रहा है जिस तरह से मौलाना कल्बे जवाद , मौलाना आगा रूही मौलाना यासूब अब्बास समेत कई बड़े धर्मगुरु राजनाथ के साथ खड़े नज़र आ रहे हैं उसके साथ ही पसमांदा कार्ड भी इस बार राजनाथ के साथ वोटर के रूप में खड़ा दिख रहा है रविदास मेहरोत्रा को लोकसभा प्रत्याशी के रूप में कमज़ोर माना जा रहा है इस बारे में एम् जे खान का कहना है की राजनाथ सिंह पिछले इलेक्शन में मत से ज़्यादा इस बार मत पाएंगे उनका मानना है मुसलमना राजनाथ सिंह में मुस्लिम मसीहा की छवि देख रहा है मौजूदा राजनैतिक माहौल में राजनाथ की छवि और उनके बचपने से लेकर अब तक मुस्लिम रिश्ते वोटर को अपनी तरफ मोड़ रहा है।

नामांकन के बाद जिस तरह मुस्लिम धर्मगुरुओं से राजनाथ सिंह की मुलाक़ात और समर्थन की बातें सामने आयी उससे साफ़ हो गया की इस बार राजनाथ से मुस्लिम वोटर साफ़ दिल से मिल रहा है वहीँ नामांकन जुलूस के दौरान मुसलमानों की सड़क के दोनों तरफ भीड़ से राजनाथ काफी खुश नज़र आये और मुलाक़ात में साफ़ कह दिया की संविधान में कोई बदलाव नहीं होगा। अटल जी के बाद जिसने भी लखनऊ सीट से चुनाव लड़ा है, उसको मुसलमानों का वोट मिला है। चाहे लाल जी टंडन चुनाव लड़े हो या फिर राजनाथ सिंह चुनाव लड़ रहे हो। राजनाथ सिंह की छवि बहुत अच्छी है और वह सब को लेकर चलना पसंद करते हैं। इसलिए उनको लगातार मुसलमान का भी वोट मिलता रहा है। बताया जा रहा है कि भले ही इस बार मुसलमानों के बीजेपी के खिलाफ इंडिया गठबंधन के लिए वोट करने की बात कही जा रही है, लेकिन लखनऊ सीट पर ऐसा नहीं होने वाला है। यहां मुसलमान भी बड़ी संख्या में राजनाथ सिंह को वोट करेगा।